हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● रविवार ● 02.03.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 219 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## विस लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर, यहां किसी धर्म, जाति के साथ भेदभाव नहीं होता : सीएम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शनिवार को झारखंड विधान सभा सभागार में विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है।






इस सदन में भले ही हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हों, परंतु इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है। जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है। सभी माननीय सदस्य जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। यहां सभी धर्म समुदाय के हक और अधिकार की आवाज गूंजती है।

### सीखने की कोई उम्र नहीं होती : हेमन्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती। जो भी इस सदन में आते हैं, वे सीखते भी हैं और जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं। आज हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सदन की कार्यवाही में सभी माननीय सदस्यों को साथ लेकर हम इस राज्य को समृद्ध और विकसित बनाने के लिए संकल्पित हैं। मुझे विश्वास है कि सभी माननीय सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का पूरी तरह से निर्वहन करेंगे।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम में उपसभापति, राज्यसभा हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित मंत्रीगण, विधायकगण, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम, पी. आर. एस चक्षु राय समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## जामताड़ा से साइबर कलंक को धोना है, हम इसमें आगे बढ़ रहे हैं : इरफान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जामताड़ा :** जामताड़ा में शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने करीब 5 करोड़ की लागत से बनने वाले नए साइबर क्राइम थाने की आधारशीला रखी। जामताड़ा में पर्वत बिहार के सामने नए अत्याधुनिक सभी सुविधाओं से लैस थाना भवन के शिलान्यास पर मंत्री इरफान नें कहा कि जामताड़ा से साइबर कलंक को धोना है हम इसमें आगे बढ़ रहे हैं थोड़ा समय लगेगा। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत तक साइबर क्राइम यहां कम हुए है, अत्याधुनिक सुविधा मिलने के बाद हमारे पुलिस कर्मी और बेहतर काम करेंगे ताकि साइबर अपराधियों में भी खौफ हो। मौके पर जामताड़ा एसपी डॉ एहतेशाम वकारीब नें कहा कि निश्चित तौर पर अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने से हमारे पुलिस कर्मी बेहतर कार्य कर के



दिखाएंगे। साइबर क्राइम पर कंट्रोल के लिए हाईटेक साइबर क्राइम थाने का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। पहले पुराने भवन में साइबर थाना संचालित हो रहा था। साइबर क्राइम थाना का भवन ग्राउंड प्लस वन बनेगा। रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के साथ लोगों की क्षमता का सेप्टिक एवं सोकपिट टैंक बनाया जाएगा। बोरिंग के साथ सबमर्सिबल पम्प, वॉटर सप्लाई, प्रवेश द्वार के साथ चाहरदीवारी और इलेक्ट्रॉनिक प्राइवेट आटोमेटिक ब्रांच एक्सचेंज का निर्माण होगा। लोकल एरिया नेटवर्क, डीजी सेट, स्ट्रीट लाइट की सुविधा भी रहेगी। साथ ही बड़ी गाड़ियों के साथ दो पहिया वाहनों की पार्किंग का इंतजाम भी होगा।

## ट्रंप और जेलेंस्की में जुबानी जंग नहीं बन सकी युद्ध रोकने पर बात



एजेंसी

**वाशिंगटन :** अमेरिकी राष्ट्रपति के औपचारिक कार्यक्रम को लेकर कार्यकारी कार्यालय के लिए अधिकृत ओवल ऑफिस में पहली बार ऊंची आवाज सुनी गई। व्हाइट हाउस के पश्चिमी विंग में स्थित ओवल ऑफिस में शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के साथ हुई मुलाकात कड़वे अनुभव के साथ खत्म हो गई। यूक्रेन के साथ प्रमुख खनिज समझौते पर हस्ताक्षर भी नहीं हो सके। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के पूर्व निर्धारित संवाददाता सम्मेलन को भी अचानक रद्द कर दिया गया। ओवल कार्यालय में हुई जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की दूसरे कमरे में चले गए। इस बैठक में उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भी मौजूद रहे। अमेरिका के 'सीबीएस न्यूज' चैनल के अनुसार, ओवल ऑफिस में तीनों के बीच हुई गरमा-गरमी के बाद जेलेंस्की अलग कमरे में चले गए। ट्रंप, वेंस व अधिकारी ओवल ऑफिस में रुके रहे। इस दौरान जेलेंस्की के कमरे में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और राज्य सचिव मार्को रुबियो पहुंचे। दोनों ने उन्हें ट्रंप की नाराजगी से अवगत कराते हुए व्हाइट हाउस से चले जाने को कहा। ओवल ऑफिस की इस बैठक ने अमेरिका और यूक्रेन के बीच गंभीर मतभेदों को उजागर किया। इस वजह से यूक्रेन और अमेरिका के बीच दुर्लभ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके। न ही ट्रंप ने यूक्रेन पर रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होने का दबाव डाला। ट्रंप ने जेलेंस्की को धमकी दी कि वह युद्ध समाप्त करने की कोशिश से बाहर हो रहे हैं। वेंस ने जेलेंस्की पर अपमान करने का आरोप लगाया। इस बैठक में जेलेंस्की और वेंस के बीच जमकर तकरार हुई। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्धविराम समझौते के उल्लंघन के लिए जाने जाते हैं।

## सुकमा में मुठभेड़ अब तक दो नक्सलियों की मौत

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। अभी दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इस मुठभेड़ में अब तक दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, जिसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी और कोबरा बटालियन की एक संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। हमला होते देख जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। बताया जा रहा है कि जवानों और नक्सलियों के बीच अभी भी मुठभेड़ जारी है। दोनों ओर से रुक रुककर फायरिंग हो रही है। इसके साथ ही जवान आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चला रहे हैं।

## इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता और विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। बजट से पहले सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे। अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में आपकी भूमिका और बढ़ गई है। हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाने में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हों।

उन्होंने बजट में पीएम धन धान्य योजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है। इसके तहत देश के 100 सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन क्षेत्रों में काफी निवेश किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा भी की गई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत करोड़ों गरीबों को घर दिया जा रहा है, स्वामित्व योजना से संपत्ति मालिकों को 'अधिकारों का अभिलेख' मिला है। हमने सेल्फ हेल्प ग्रुप की आर्थिक ताकत बढ़ाई है। हमने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। हमारे प्रयासों से सवा करोड़ से ज्यादा बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हो। हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। हम कृषि को विकास का प्राथमिक इंजन मानते हैं। हम दो प्रमुख लक्ष्यों की ओर काम कर रहे हैं, पहला, कृषि क्षेत्र का विकास और दूसरा गांवों की समृद्धि। पीएम-किसान सम्मान निधि 6 साल पहले शुरू की गई थी और लगभग 3.75 लाख करोड़ रुपये सीधे 11 करोड़ किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं।

### एक नजर

## उत्तराखंड हिमस्खलन में चार श्रमिकों की मौत, पांच की तलाश जारी



**देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा क्षेत्र में हुए हिमस्खलन में रेस्क्यू अभियान अभी भी जारी है। सेना के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस हिमस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 50 को निकाला गया है, जिसमें चार की मौत हो गयी, जबकि पांच श्रमिकों की तलाश अभी जारी है। चमोली जिले के माणा क्षेत्र में हाई-वे चौड़ीकरण के दौरान 55 श्रमिक शुक्रवार को हिस्खलन की चपेट में आ गए थे। हादसे के बाद से ही रेस्क्यू अभियान जारी है और शनिवार सुबह हिस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 50 का रेस्क्यू किया गया। इसमें से चार श्रमिकों ने दम तोड़ दिया। सेना ने चार श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है। मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता और जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा हिमस्खलन क्षेत्र में चल रहे खोज और बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी टीमों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। लेफ्टिनेंट जनरल गुप्ता ने बताया कि शेष पांच श्रमिकों की खोज के लिए विशेष रेको राडार, यूएवी, क्वाडकॉप्टर, हिमस्खलन बचाव कुत्ते आदि को तैनात किया गया है। इसके अलावा हेलिकॉप्टर से भी लगातार सर्च किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक बर्फबारी से सड़कें अवरुद्ध होने से 06 हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। हेलिकॉप्टरों में भारतीय सेना के 3 चीता हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के 2 चीता हेलीकॉप्टर और एक सिविल हेलीकॉप्टर शामिल हैं।




## एक नजर

### बाल श्रमिकों का होगा निरीक्षण : डीसी

**रामगढ़** : रामगढ़ समाहरणालय के सभागार में शनिवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में बाल एवं किशोर श्रम अधिनियम 1986 के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डीसी ने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इस दिशा में कार्य करने की जरूरत है। डीसी के जरिये जिला स्तर पर बाल श्रम के रेसक्यू अभियान में और तेजी लाते हुए जिला के होटलों, ढाबों, ईंट भट्ठो में सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक अभिषेक वर्मा के जरिये डीसी सहित उपस्थित सभी सदस्यों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक चलाए गए अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके जरिये बताया गया कि इस वित्तीय वर्ष में कुल छह बाल श्रमिकों को विमुक्त कराया गया है। साथ ही नियोजकों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है। बाल श्रम पर पूरी तरह से रोग सुनिश्चित करने को लेकर बैठक के दौरान डीसी ने टीम का गठन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित ईट भट्ठो, कारखानो, होटल सहित अन्य स्थलों पर निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सचिव डालसा रामगढ़, जिला शिक्षा अधीक्षक, सीडब्लूसी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, सदस्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### शुपालन फार्मिंग आवेदन की तिथि 20 मार्च तक : ए.एन.पाठक

**रांची** : झारखंड राज्य में पशुपालन के क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने से बढ़ती बेरोजगारी को रोका जा सकता है। इसपर विशेष कार्य योजना को ले कर जि.ग्रा.वि.स.रांची झारखंड के राज्य परियोजना निदेशक अमरनाथ पाठक ने बताया कि पशुपालन एवं कृषि के क्षेत्र में एससी,एसटी किसानों को राज्य सरकार, केंद्र सरकार, नाबार्ड बैंक एवं स्टैंड अप इंडिया के विभिन्न स्कीमों के संयुक्त सहयोग से 2 साल के अंदर (2025-27) 2112 पशुपालन फार्मिंग या पशुपालन केंद्र खोलकर योजनाबद्ध तरीके से हजारों एससी,एसटी किसानों एवं महिलाओं को रोजगार/व्यवसाय से जोड़कर स्वावलंबी बनाने की योजना है। सरकार के संचालित विभिन्न योजनाओं में से पशुपालन फार्मिंग योजना का झारखंड राज्य में पशुपालन के क्षेत्र में बढ़ावा देना हमारी प्राथमिकता है 2025-27 तक 2112 यूनिट्स खोलकर विधिवत तरीके से संचालित करने का लक्ष्य है जिसे चार चरणों में पूरा किया जाना है। प्रथम चरण में 528 पशुपालन फार्मिंग केंद्र के लिए झारखंड राज्य के सभी जिले के प्रत्येक प्रखंड से इच्छुक आवेदकों में से दो चयनित लाभुकों के साथ नियमानुसार कार्य किया जाना सुनिश्चित होगा। प्रथम चरण का आवेदन हेतु तिथि को बढ़ाया गया है अब 20 मार्च 2025 तक इच्छुक व्यक्ति गूगल फॉर्म के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। 25 मार्च से अगला प्रक्रिया शुरू किया जायेगा।

### किसानों ने सुना प्रधानमंत्री का कार्यक्रम

**हजारीबाग** : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार में शामिल हुए। हजारीबाग के आत्मा केंद्र में इस कार्यक्रम को किसानों ने सुना, सुनने के बाद उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसान के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। बजट में कई ऐसे प्रावधान लाएं गए हैं जिससे किसान को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम के दौरान किसान को संबोधित कर बताएं कैसे खेती करें। योजना का लाभ कैसे उठाएं यह किसान के लिए बेहद कारगर साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान कहां की विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे देश का संकल्प बहुत स्पष्ट हैं।

# रोजगार मेले में युवा अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार पा सकेंगे : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**हजारीबाग** : हजारीबाग जिले में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनजातीय गौरव दिवस पर किया गया है। कार्यक्रम में महिलाओं में काफी उत्साह देखने को मिला। एक दर्जन से अधिक काउंटर बनाए गए थे। जहां महिलाओं की संख्या सबसे अधिक देखने को मिली। कहा जाए तो महिलाएं रोजगार पाने को लेकर काफी अधिक तत्पर नजर आईं। रोजगार पाना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है ।सरकार सभी को रोजगार दे सके यह संभव भी नहीं है। इसे देखते हुए स्वरोजगार को लेकर लोगों में उत्साह भी बड़ा है। यही नहीं अब बड़े-बड़े कंपनी रोजगार मेला लगाकर युवक युवतियों को नौकरी देने का काम कर रही है। इसी क्रम में हजारीबाग जिला के कार्मल चौक स्थित पैराडाइस रिसॉर्ट में जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। जिसमें हजारीबाग के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र से भी युवक युवती रोजगार पाने के लिए पहुंचे। खासकर रोजगार मेले में महिला और युवतियों का रुझान सबसे अधिक देखने को मिला। शायद ही ऐसी कोई काउंटर था जहां महिलाएं रजिस्ट्रेशन करते हुए नहीं दिखी। वहीं कई ऐसी ग्रामीण महिलाएं नजर आई जो अपना करियर सिलाई में बनाना चाहती है। ऐसे में वे रजिस्ट्रेशन कराकर प्रशिक्षण लेने की कोशिश कर रही है। महिलाओं का कहना भी है कि रोजगार के मामले में पुरुष से अधिक महिलाएं संवेदनशील है। महिलाएं आत्म सम्मान चाहती है और आत्म सम्मान पाने के लिए आत्मनिर्भर हो रही है। यही कारण है कि रोजगार मेला में महिलाओं की संख्या अधिक है। मैट्रिक और इंटर पास युवक की संख्या इस मेले में देखने को मिला। इस दौरान कई युवक युवतियों को ऑन स्पॉट रोजगार भी दिया गया तो वहीं कुछ लोगों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। कहा गया कि निश्चित समय अंतराल के अंदर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने किया। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मिला युवाओं को एक अच्छा अवसर दे रहा है। जहां युवक अपनी योग्यता के अनुसार रोजगार पा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे पहले रोजगार पाना जरूरी होता है। इसके बाद स्वतः कई अनेक दरवाजे खुल जाते हैं।

## विकास की लंबी लकीर खींचूंगा, जनहित के लिए समर्पित विधायकी : मनोज यादव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता


**बरही** : विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने प्रखण्ड में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें गौरिया में स्थित राजाआहार और नया आहार के जीर्णोद्धार कार्य, ग्राम खेरौन से कटियौन तक सड़क निर्माण, ग्राम कजरा में पीएमजीएसवाई रोड से भुइयाँ टोली तक कालीकरण सड़क निर्माण तथा प्राथमिक विद्यालय कटियौन के चारदीवारी निर्माण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर बरही विधायक मनोज यादव ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना और क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाना है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक सड़क, सिंचाई, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए वह संकल्पित है। यह मेरा वादा है कि विकास की लंबी लकीर खींचूंगा और हर घर तक सुविधाएं पहुंचाऊंगा। उन्होंने बताया कि गौरिया गांव में राजाआहार और नया आहार के जीर्णोद्धार से स्थानीय किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी। विधायक ने कहा कि यह परियोजना जल संरक्षण को बढ़ावा देगी और क्षेत्र में कृषि उत्पादन को मजबूत करेगी। विधायक यादव ने ग्राम खेरौन से कटियौन तक बनने वाली सड़क से ग्रामीणों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी। वहीं, ग्राम कजरा में पीएमजीएसवाई रोड से भुइयाँ टोली तक सड़क के कालीकरण से आवाजाही सुगम होगी। विधायक ने कहा कि सड़कों के निर्माण से ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मदद मिलेगी। प्राथमिक विद्यालय कटियौन की चारदीवारी के निर्माण को लेकर विधायक ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और शिक्षण व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## मंजीत यादव हत्याकांड का आरोपी ने पुलिस की कार्रवाई पर उठाए सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग के बहुचर्चित मंजीत यादव हत्याकांड मामले में पुलिसिया कार्रवाई पर सवाल उठना शुरू हो गया है। इस मामले का अब तक पूर्ण रूप से उद्वेदन नहीं हुआ है। बेल पर जेल से निकले रामा सोनी ने पुलिस कार्रवाई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मंजीत यादव हत्याकांड का गुत्थी पूर्ण रूप से अब तक सुलझा नहीं है। दूसरी और इस मामले में एक नया मोड़ सामने आ गया है। हजारीबाग पुलिस ने रामा सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था जो 4 महीने के बाद बेल पर निकला। उसने पुलिसिया कार्रवाई पर सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। उसने कहा कि पुलिस ने उसे इस मामले में बिना किसी साक्ष्य का ही आरोपी बना दिया है। उसके ऊपर रेकी करने का आरोप लगा है जो सरासर गलत है। उसका कहना है कि मंजीत यादव की पत्नी सुनीता देवी ने उसके ऊपर रेकी और मीटिंग कर हत्या का साजिश करने का आरोप लगाया था। यह सरासर झूठ और बेबुनियाद है। पुलिस ने उस आरोप पर ही गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने कहा कि पुलिस ने जांच उपरांत अनुसंधान करने के बाद केस डायरी में रेकी का बात जो किया है उसमें कहीं भी नाम नहीं है। इसके बावजूद उसकी गिरफ्तारी हुई है। गिरफ्तार होने के बाद 4 महीने तक जेल में रहना पड़ा। जिससे उसका परिवार का हाल बेहाल है। बेटी की शादी टूट गई समाज में उसने यह भी बताया कि केस डायरी में जो खुलासा हुआ है उसमें सीडीआर तथा लोकेशन में उसे नहीं पाया गया है। जो इस ओर इशारा कर रहा है कि मंजीत यादव के रेकी में ना उसका हाथ था और ना ही मीटिंग में उसका कोई लेन देन था।

## मां अष्टभुजी शक्ति का प्रतीक है : शेफाली गुप्ता



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित प्रसिद्ध सिद्धिपीठ एवं आदिशक्ति मां अष्टभुजी मंदिर में भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने शनिवार को माता रानी का पूजा-अर्चना की। माता रानी का विधिवत पूजा- अर्चना एवं आरती की। साथ ही माता के दरबार में याचना एवं माथा टेककर लोककल्याण एवं जनकल्याण का मंगल कामना की। इस दौरान भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता को याचना एवं आरती कर दिव्य शक्ति का एहसास हुआ। इस क्रम में समाजसेवा के प्रति अद्भुत शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने पूजा- अर्चना कर कहा कि मां अष्टभुजी शक्ति का प्रतीक है। सच्ची श्रद्धा से पूजा अर्चना करने मनोकामनाएं पूर्ण होती है। साथ ही भक्तों को शक्ति, साहस और सुरक्षा की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना करती हूँ। मां अष्टभुजी सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

## बड़कागांव में छुरेबाजी के मामले में पुलिस ने छह आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव मुख्य चौक पर छुरेबाजी कर दो लोगों को घायल कर देने मामले में पुलिस ने 6 आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। घटना 27 फरवरी की देर शाम बड़कागांव मुख्य चौक पर हुई थी। बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त राजा यादव पिता विमल यादव साकिन सिद्धराव थाना चौपारण, राहुल कुमार उर्फ रोहित पिता अर्जुन यादव ग्राम सिंघानी थाना मुफस्सिल, गोल्डन यादव पिता नेमन गोप ग्राम पसई थाना कटकमदाग, शिवम कुमार पिता प्रदीप कुमार यादव ग्राम कुसुमभा थाना कटकमदाग, रिशु कुमार पिता हेमराज शाह ग्राम कूद थाना कटकमदाग, विक्रम कुमार यादव पिता विशेश्वर गोप ग्राम कुसुमभा थाना कटकमदाग सभी जिला हजारीबाग को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। आरोपियों के पास से घटना में प्रयोग किए गए काला रंग का स्कॉर्पियो वाहन संख्या जे.एच.02 बी. एन. 5011 एवं छुरेबाजी में प्रयोग किया गया चाकू भी पुलिस ने बरामद की है। ज्ञात हो की बड़कागांव मुख्य चौक पर 27 फरवरी देर शाम को आरोपियों ने बड़कागांव प्रखंड के पिपराडीह गांव निवासी ललन यादव एंव चंदन यादव के ऊपर चाकू से जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।चाकू मारने के पश्चात आरोपी स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गए थे। घटना के पश्चात बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक के नेतृत्व में सघन छापेमारी कर पुलिस ने महज 24 घंटा के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। छापामारी में मुख्य रूप से बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक पु.अ.नी. अभिषेक कुमार सहित बड़कागांव पुलिस सशस्त्र बल शामिल थे।

# सांसद के पहल पर दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र के दिव्यांग जनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहद खुशखबरी है कि 02 मार्च 2025 को और 03 मार्च 2025 को निःशुल्क सहायक यंत्र/उपकरण उपलब्ध कराने हेतु पंजीकरण/परीक्षण शिवर का आयोजन हजारीबाग और रामगढ़ जिले में किया जा रहा है। हजारीबाग जिले के लिए हजारीबाग टाउन हॉल परिसर में 02 मार्च यानी आज और रामगढ़ जिले के लिए 03 मार्च 2025 ( सोमवार ) यानी कल रामगढ़ टाउन हॉल परिसर में इस कैंप का आयोजन होगा। कैंप का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक रहेगा। ये कैंप सांसद मनीष जायसवाल के सक्रियता और तत्परता से भारत सरकार के एपीड योजना और राष्ट्रीय व्योश्री योजना के तहत आयोजित होगा। दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क एलिम्को कंपनी का सहायक उपकरण जरूरत के मुताबिक मिलेगा। इस योजना का लाभ के लिए लाभार्थी को यूडीआईडी कार्ड (न्यूनतम दिव्यांगता 40% से अधिक), आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 22500 रुपए अधिकतम) होना जरूरी है। वहीं वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्राप्त करने हेतु आवश्यक पात्रता में आधार कार्ड (60 वर्षीय एवं अधिक) एवं आय प्रमाण पत्र (मासिक आय 15000 रुपए अधिकतम) होना जरूरी है। हजारीबाग नगर भवन में उक्त कैंप के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि उनके द्वारा साल 2017-18 से उनके द्वारा हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र की जरूरतमंद बहन/बेटियों के बीच उनके शादी से पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं और अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से उनके घर पहुंचाकर आकर्षक लहंगा भेंट किया जाता रहा है ताकि जरूरतमंद बहनों को भी अच्छे पकड़े पहनकर शादी करने का अरमान पूरा हो सके। पिछले साल 4000 से अधिक लहंगा क्षेत्र की बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व उपहार स्वरूप भेंट किया जा चुका है। अब संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी जरूरतमंद बहन/बेटियों को उनके शादी से पूर्व लहंगा का सौगात दिया जाएगा और इस कार्य में भाजपा के कार्यकर्ता उन्हें चिन्हित करने से लेकर उनतक सौगात पहुंचाने में सहयोग करेंगे। आने वाले हजारीबाग के इंटरनेशनल रामनवमी में सांसद मनीष जायसवाल की ओर से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी अखाड़ों को पारंपरिक लाठी-तलवार भेंट किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश कुमार की 74वां जन्मदिवस हजारीबाग जदयू जिला कमेटी ने मनाया



**हजारीबाग** : शनिवार को प्रोवेस्स रिसोर्ट बीएसएनएल मुख्य कार्यालय के बगल में जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग जिला कमेटी द्वारा जनता दल यूनाइटेड जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा के अध्यक्षता में जदयू के सर्वमान्य नेता, विकास पुरुष, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार जी का 74वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाई गई। सभी ने बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी इस अवसर पर केक काटा गया। मिठाइयां बांटी गई। जन्मदिवस के शुभ अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अविरल बिहारी लाल महिला जिला अध्यक्ष खुशबू कुमारी सदर प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद कुशवाहा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष रघुनंदन प्रसाद, सक्रिय सदस्य नरेश कुमार यादव, इलियास हुसैन, विनोद महतो, प्रकाश यादव, विनोद यादव, सदर प्रखंड की महिला प्रखंड अध्यक्ष कंचन देवी, गुजरी देवी समेत कई पार्टी के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मुखिया मनोज कुमार ने लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लूंगी का किया वितरण



**बरही** : करियातपुर पंचायत के ग्राम करियातपुर में सरकार की सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत जन वितरण प्रणाली के द्वारा धोती, साड़ी और लूंगी का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार उपस्थित रहे, जिन्होंने लाभुकों के बीच बारी-बारी से धोती, साड़ी और लूंगी वितरित किए। कार्यक्रम में उप मुखिया प्रतिनिधि संतोष प्रजापति और जन वितरण प्रणाली से जुड़े नंदकिशोर प्रसाद केसरी, संतोष केसरी, लाल जी रविदास, उमा देवी, गुड़िया देवी, आशा देवी, जानकी देवी, गीत देवी, सविता देवी, तुलेश्वर रविदास, प्रियंका देवी, संगीता देवी, संतोषी देवी सहित कुल 695 लाभुकों ने इस वितरण कार्यक्रम में भाग लिया। मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए सरकार द्वारा दी गई एक महत्वपूर्ण सहायता है, जो उनके जीवन में खुशहाली लाने का एक कदम है।

### नचनवें गांव में तालाब जीर्णोद्धार का विधायक ने किया शिलान्यास

**पदमा** : प्रखंड के नचनवें गांव में उपरैला आहार के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण कार्य का बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने शिलान्यास किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, स्थानीय नेता और ग्रामीण उपस्थित रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में जल संचयन और सिंचाई सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आहारों के पुनर्निर्माण से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और जल प्रबंधन की समस्या का समाधान होगा। विधायक ने यह भी कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए वह लगातार प्रयासरत हैं और जनता की मांगों को प्राथमिकता देते हुए सरकार से आवश्यक योजनाएं स्वीकृत कराने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी कई विकास परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता,स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, मंडल अध्यक्ष बाबुलाल मेहता, महामंत्री अजय मेहता, भाजपा नेता अवध यादव, अशोक यादव, आशीष स्वर्णकार, सदानंद यादव, मनोज यादव, किसुन यादव, युगल यादव, सतीश सिंह, रामाधीन यादव, संजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। ग्रामीणों ने इस परियोजना के शुभारंभ पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक और सांसद का आभार व्यक्त किया।

### चेपाकला के पाराशिक्षक कृष्ण कुमार राम हुए सेवानिवृत, दी गई विदाई

**बड़कागांव** : बड़कागांव नव प्राथमिक विद्यालय चेपाकला के शिक्षक कृष्ण कुमार राम सेवानिवृत हुए, शिक्षक कृष्ण कुमार राम को भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता दिनेश्वर महतो व संचालन सोभीलाल महतो ने किया। सेवानिवृत शिक्षक कृष्ण कुमार राम 2002 से अपनी नौकरी की शुरूआत की थी। 1 मार्च 2025 को सेवानिवृत हुए। फूल माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। तथा उपहार सामग्री देकर भावभीनी विदाई दी गई। वही बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक कृष्ण कुमार राम के पुत्र मुखिया अनिकेत नायक ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूली शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों के साथ-साथ अभिभावकों का सहयोग अति आवश्यक होना चाहिए। साथ ही साथ अपने-अपने भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। प्रभारी प्रधानाध्यापक के.के कुमार व बीपीएम प्रहलाद गुप्ता ने कहा की शिक्षक कृष्ण कुमार राम ने आज तक अपने दायित्वों का निर्वाहन इमानदारी पूर्वक किया। इनकी ईमानदारी, सच्ची निष्ठा, लग्न समय की पाबंदी हमारे स्कूल के छात्र - छात्राओं के लिए एक नया संदेश हैं। वहीं शिक्षक कृष्ण कुमार राम ने सिंदुआरी पंचायत के अंतर्गत हेसाबार मे शिक्षा जगाने के लिए कार्य किए थे। मौके पर मुखिया अनिकेत कुमार नायक, प्रबंधन समिति अध्यक्ष चिंता देवी, दिनेश्वर महतो, सोभी लाल महतो, बीपीएम प्रहलाद गुप्ता, प्रभारी प्रधानाध्यापक के. के कुमार सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

### विधायक रोशन लाल चौधरी के प्रयास से चेपाखुर्द में 63 केबी का लगा ट्रांसफार्मर



**बड़कागांव** : विधायक रोशन चौधरी ने बड़कागांव प्रखंड के डाडीकला पंचायत अंतर्गत चेपाखुर्द में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी कार्यकर्ताओं की मांग पर उपलब्ध करवाया गया। रोशन लाल चौधरी सदैव तत्पर है जिसको लेकर आप कभी भी समस्याओं से अवगत करा सकते हैं। मौके पर मुख्य रूप से भोला साव, सिताराम साव, अनुज यादव, डालेशवर प्रीतम साहू, कालेश्वर तपेश्वर साव, दिनेश यादव ,भोला साव, गोपाल विश्वकर्मा , दर्जनों महिला-पुरूष मौजूद थे।

## एक नजर

### रमजान का चांद नजर आया, रोजा कल से शुरू



रांची : राजधानी में रमजान का चांद शनिवार को देखा गया। इस्लाम धमार्लंबियों में खुशी की लहर दौड़ आई। लोग एक दूसरे को गले लगाये। हाथ मिलाकर रमजान की बधाई दी। क्योंकि रमजान इस्लाम धर्म का पवित्र महीना माना जाता है। मुसलमान श्रद्धा और आस्था के साथ रमजान का उपवास रखेंगे। 30 दिनों तक इस्लाम मानने वाले लोग भूखे-प्यासे रहेंगे। अपनी आदतों को बेहतर बनाने के लिए गरीबों की मदद करेंगे। अल्लाह के करीब जाने की कोशिश करेंगे रमजान के महीने में रोजा रखना इस्लाम धर्म के पांच स्तंभों में से एक माना गया है। रोजा सूर्योदय से पहले सहरी खाने से शुरू हो जाएगी। सूर्यास्त के बाद इफ्तार के साथ रोजा खोला खोला जाएगा। रमजान शुरू होने के बाद लोग पानी तक नहीं पीयेंगे। अपने विचारों तथा कर्मों को भी शुद्ध बनाए रखेंगे। रमजान के समय कुरान शरीफ का विशेष महत्व दिया जाएगा। इसी महीने में अल्लाह ने कुरान शरीफ का ज्ञान दिया था।

### जिला अनुकंपा समिति की बैठक में 14 लोगों के नियुक्ति की बनी सहमति

रांची : रांची जिला अनुकम्पा समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। जिला अनुकम्पा समिति सामान्य में कुल 10 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। साथ ही अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार की नियुक्ति में कुल चार की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई।

### झारखंड में तीन से चार डिग्री बढ़ेगा तापमान

रांची : राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आनेवाले चार पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की सम्भावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को व्यक्त की है। विभाग के अनुसार राज्य भर में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य के लगभग 12 जिलों में मौसम में बदलाव हुआ था। इसके प्रभाव से रांची में भी शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई थी। हालांकि बाद में मौसम साफ हो गया।

### झारखंड से भागकर हिंदू लड़की व मुस्लिम लड़के ने केरल में रचायी शादी

रांची : रामगढ़ जिला से भागी हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के ने केरल में जाकर शादी कर ली. रामगढ़ के चितरपुर का रहने वाले प्रेमी मोहम्मद गालिब और प्रेमिका आशा वर्मा ने भागकर केरल में शरण ली और फिर शादी कर ली। प्रेमी युगल बीते नौ फरवरी को अलपुझा के कायमकुलम पहुंचा था। उन्होंने सबसे पहले 11 फरवरी को एक स्थानीय मस्जिद में इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार, शादी की। फिर 16 फरवरी को हिंदू रीति-रिवाज से मंदिर में विवाह किया। लड़की के परिवार और पड़ोसियों ने आरोप लगाया है कि यह लव जिहाद का मामला है। शादी करने वाले युवक और युवती का स्कूल के दिनों से अफेयर चल रहा था और दोनों पड़ोसी भी हैं। इसे लेकर रामगढ़ में सड़क जाम किया गया था और बाजार बंद तक बुलाया गया था।

# विधानसभा में स्पीकर की भूमिका अहम : हरिवंश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश शनिवार को विधानसभा में विधायकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम काफी महत्वपूर्ण है। इससे पहले उन्हें जम्मू कश्मीर और हरियाणा विधानसभा के विधायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला था। उन्होंने चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह देश भविष्य के नेताओं को प्रशिक्षित करने का काम करता है, जिसे देखने का अवसर मुझे मिला है। उन्होंने कहा कि अगर दुनिया उसी गति से आगे बढ़ती रही जिस गति से आप पुरानी गति से आगे बढ़ रहे हैं तो आप इस दौड़ में शामिल नहीं हो पाएंगे। आप अतीत की चीज बन जाएंगे। यह प्रशिक्षण आपको भविष्य की योजना बनाने के लिए मानसिक रूप से तैयार करता है। संसदीय प्रणाली के महत्व को समझाते हुए हरिवंश ने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण हमारी लोकसभा,



राज्यसभा और विधानसभा हैं। विधानसभा का अध्यक्ष विधानसभा का संरक्षक होता है, जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

**स्पीकर ने सदन की गरिमा का पाठ पढ़ाया**

स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका पर चर्चा की। सदन की कार्यव्यवस्था और सदस्यों के आचरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सदन की कार्यवाही के दौरान कई बार ऐसा भी देखा जाता है कि सदस्य वेल में आकर अपनी बातों को मनवाने के लिए दवाब बनाने की कोशिश करते हैं जो संवैधानिक रूप से भलें ही उचित नहीं है, मगर व्यवहारिक रुप से अनुचित भी नहीं है।

**मीडिया में बने रहने के लिए लोग सदन में जिस तरह का व्यवहार करते हैं, वह उचित नहीं: सीपी सिंह**

वरिष्ठ सदस्य सीपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि मीडिया में बने रहने के लिए लोग सदन में जिस तरह का व्यवहार करते हैं, वह उचित नहीं है। उन्होंने सदन की कार्यवाही साल में कम से कम 60 दिन चलाए जाने की वकालत की और वर्तमान सरकार से इस दिशा में पहल करने का आग्रह किया। संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने लोकतंत्र और समावेशी विकास पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के 24 वर्ष हो गए हैं, युवा झारखंड अपने 25वें वर्ष में है, लेकिन पहले 20 वर्षों में किसी भी सरकार ने समावेशी विकास पर ध्यान नहीं दिया।

## कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी छह को आएंगे झारखंड



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू झारखंड दौरे के दूसरे चरण में छह मार्च को पांच दिवसीय प्रवास पर सुबह नौ बजे रांची पहुंचेंगे। इस संबंध में कांग्रेस के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि रांची पहुंचने के बाद प्रभारी सड़क मार्ग से पलामू के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां एक बजे बजे से वे पलामू,लातेहार,गढ़वा जिला के अध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद प्रभारी शाम पांच बजे लातेहार के लिए रवाना होंगे। वहीं सात मार्च को वे लातेहार से बोकारो के लिए प्रस्थान करेंगे जहां वे सुबह 11 बजे बोकारो जिला कांग्रेस कार्यालय में बोकारो, धनबाद और गिरिडीह के जिला, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद के राजू रांची के लिए रवाना होंगे। राकेश सिन्हा ने बताया कि आठ मार्च को प्रभारी रांची के मांडर में आयोजित प्रगतिशील महिला किसान सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे तथा कार्यक्रम के बाद बोकारो के लिए रवाना होंगे। वहीं वे नौ मार्च को गोड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे गोड्डा,पाकुड़,साहिबगंज के जिला प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। बैठक के बाद वे देवघर के लिए रवाना होंगे तथा 10 मार्च को देवघर जिला कांग्रेस मुख्यालयों में देवघर, जामताड़ा और दुमका के जिला प्रखंड, मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर दोपहर डेढ़ बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

## पूर्ववर्ती छात्र सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की हुई सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : बेंगलुरु स्थित क्राइस्ट विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान समारोह में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से कई सांसद, विधायक और मंत्री शामिल हुए। यह जानकारी मंत्री की ओर से दी गई। क्राइस्ट विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद समाज में अपने काम के दम पर अलग पहचान बनाने वाले सफल छात्रों को ये सम्मान दिया गया। सम्मान पाने वाले सभी आज अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं। मंत्री के साथ सांसद सुधा मूर्ति, सांसद फ्रांसिस जॉर्ज, कर्नाटक सरकार में राजस्व मंत्री कृष्णा गौड़ा, सांसद मल्लेश बाबू , विधायक चांडी ओमन, विधायक दर्शन ध्रुवनरायणा, सांसद सागर ईश्वर खंड्रे को विश्वविद्यालय के




द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपनों के हाथ सम्मान पाना गर्व की बात है। बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मान पा कर जो सुखद अनुभूति हुई, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है। विश्वविद्यालय के द्वारा पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान में आयोजित समारोह में देश भर के कई सांसद, विधायक और मंत्रियों के साथ सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। छात्रों के भविष्य को गढ़ने में शिक्षण संस्थान का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गुरुदेव हमेशा पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहे है। क्राइस्ट विश्वविद्यालय देश के गिने चुने उन विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जहां शिक्षा प्राप्त करना हर एक मेधावी छात्र का सपना होता है। विश्वविद्यालय के प्रांगण में आ कर पुरानी यादें ताजा हो गईं और वो तमाम सपने भी जो भविष्य को लेकर अक्सर देखती थी।

## रांची में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन एक मार्च 2025 को रांची में धूमधाम से मनाया गया। यह भव्य समारोह विधायक सरयू रॉय के सरकारी आवास, डोरंडा, रांची में आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड प्रदेश जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह की शुरूआत में नीतीश कुमार के योगदान और उनके विकास और सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण की सराहना की गई। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर केक काटकर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यकताओं और समर्थकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और उनके कार्यों को सम्मानित किया। मौके पर समारोह के



दौरान झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि वह नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अत्यधिक अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, आज का दिन हमारे संगठन के लिए महत्वपूर्ण है और हम सभी नए पदाधिकारियों का सादर स्वागत करते हैं।₹ इसके साथ ही उन्होंने एक बड़े सदस्य अभियान की शुरूआत की घोषणा की, जो झारखंड के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर चल रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह अभियान पार्टी को मजबूत करेगा और जदयू झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर विधायक सरयू राय कहा कि मैं नए पदाधिकारियों को दिल से शुभकामनाएं देता हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि झारखंड में जदयू बहुत जल्द और तेजी से विकसित होगा। उन्होंने पार्टी की शक्ति को बढ़ाने और संगठन को मजबूती देने के लिए सभी पदाधिकारियों से लगातार मेहनत करने की अपील की।

## नगर निगम से आवंटित दुकानों में रखी जा रही हैं आलू प्याज की बोरियां

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : रातू रोड में करोड़ों रुपए खर्च कर वेजिटेबल मार्केट बनाया गया है। यहां पर नगर निगम ने सैकड़ों फल और सब्जी विक्रेताओं को दुकान आवंटित किया गया है। गर्मी, बरसात और ठंड के मौसम में एक छत के नीचे फल और सब्जी बेच सकते हैं। नगर निगम ने विक्रेताओं के लिए शौचालय और लाइट की भी व्यवस्था की है। खरीदार के लिए पार्किंग भी बनाया गया है। लेकिन इन दिनों वेजिटेबल मार्केट के ग्राउंड फ्लोर में अधिकांश आवंटित दुकान खाली हो गई हैं। अब यहां पर आलू, प्याज, टमाटर, खीरा और लहसुन का बोरा और पेटी रखी जा रही है। यहां पर दुकान लगाने की बजाय रोड पर दुकान लगाए जा रहे हैं। इसके कारण वेजिटेबल मार्केट के फस्ट और ग्राउंड फ्लोर में लगने वाली सब्जियों की दुकानों पर खरीदार कम पहुंच रहे हैं। इस कारण सब्जी विक्रेता खरीद के दाम से कम दाम पर बेचकर घर जा रहे हैं।

**वेजिटेबल मार्केट में कम पहुंच रहे हैं ग्राहक**

मार्केट के अंदर लगाने वाले दुकानदारों ने बताया कि रोड पर सब्जी बिक रही है। नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसके कारण रोड पर बेचने वाले सब्जी विक्रेताओं का मनोबल बढ़ गया है। दोनों स्थानों पर एक ही दाम पर सब्जी मिल रही है। इसके कारण वेजिटेबल मार्केट के अंदर लगने वाले दुकानों पर ग्राहक कम पहुंच रहे हैं। मार्केट परिसर में पार्किंग भी बनाया गया है। यहां पर दस रुपये और बीस रुपये मासूल वसूली जाती है। इसके कारण भी लोग बाहर ही साग सब्जी खरीदकर जा रहे हैं।

# हेमंत सरकार में जवाबदेही और संवेदना का अभाव : सुदेश महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

रांची : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सरकार में जनता के प्रति जवाबदेही और संवेदना का अभाव स्पष्ट दिख रहा है। विधानसभा में विधायकों द्वारा उठाए जा रहे विषयों के प्रति सरकार के मंत्रियों का रवैया टालमटोल का दिखता है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी सरकार के बजट की प्रतिक्षा कर रही है ताकि यह पता चल सके कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी सरकार अपने वायदों को लेकर गंभीर है या नहीं वे शनिवार को हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिला प्रभारियों की बैठक में बोल रहे थे। आजसू पार्टी झारखंड की




अस्मिता, पहचान और विकास के लिए प्रतिबद्ध सुदेश महतो ने कहा कि आजसू पार्टी झारखंड की अस्मिता, पहचान और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए हमें हर जिले, प्रखंड और गांव तक कार्यकताओं की भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी और इस संगठन विस्तार के अभियान को कालबद्ध एवं योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। सुदेश ने ग्राम स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने की रणनीति पर चर्चा की, जिसके तहत प्रत्येक गांव में ग्राम कमेटी का गठन किया जाएगा।

**महिला प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई**

बैठक में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने और संगठन में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित करने के लिए महिला प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। यह निर्णय लिया गया कि संगठन में महिलाओं को नेतृत्व की भूमिकाओं में अधिक अवसर दिए जाएंगे, ताकि वे पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचा सकें और स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान कर सकें। इसके अलावा, सोशल मीडिया के माध्यम से पार्टी की उपस्थिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए विशेष रणनीति पर भी चर्चा की गई। डिजिटल प्रचार और जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया टीम का गठन किया जाएगा, जो पार्टी की विचारधारा और नीतियों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने का कार्य करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आजसू पार्टी में कई बुद्धिजीवी हुए शामिल



रांची : आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष शनिवार को राजधानी रांची के कई बुद्धिजीवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आजसू के मिलन समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करनेवालों में डॉ रोहित कुमार महतो, विभोर नागद्वार, इंजीनियर राकेश टुडू, इंजीनियर कृष्ण मुरारी बेदिया, पवन कुमार, बुलंद बेदिया, मनोज बेदिया तथा कई अन्य बुद्धिजीवियों के नाम शामिल हैं। मौके पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो सहित अन्य नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में उनके योगदान की सराहना की। मंच का संचालन राजकिशोर महतो ने किया। इस अवसर पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, दीपक महतो, संजय मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, परवाज खान,हरीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में पार्टी ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी इसी तरह की संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। ताकि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

### वृन्दावन की होली का आयोजन 9 मार्च को, पोस्टर का विमोचन



रांची : रंगों का त्यौहार होली के अवसर पर अलिशा डांस स्टूडियो की ओर से रांची में वृंदावन की होली नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम नौ मार्च को रांची के कडरू न्यूश एजी कॉलोनी स्थित चिल्ड्रन पार्क में होगा। इस कार्यक्रम में रांची की मशहूर डांसर अलिशा सिंह शामिल होंगी। अपनी संस्कृति और विरासत को संजोए रखने और आगे बढ़ाने के उददेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अलिशा सिंह और प्रियंका सिंह दोनों बहनों की जोड़ी शामिल होगी। मौके पर अलिशा डांस स्टूडियो की निर्देशिका प्रियंका सिंह ने शनिवार को बताया कि आजकल होली के आयोजन इस तरह के होते जा रहे हैं कि हम अपने परिवार और बच्चों के साथ खुलकर आनंद भी नहीं ले पाते। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों बहनों ने एक ऐसा उत्सव मनाने का निर्णय लिया है, जिसमें हर उम्र के लोग अपनी संस्कृति से जुड़ कर होली का असली आनंद ले सकें। कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावे लाइव डांस परफोर्मेंस, राधा कृष्ण की जोड़ी अदभुत समा बांधेगी। साथ ही अलिसा डांस स्टूडियो के छात्र छात्राओं की ओर से मोहक की प्रस्तुति, डीजे सौनिक, डीजे तानिया और क्रीज क्वांटा शानदार बिट्स से समा बांधेंगे। नासिक ढोल,रेन डांस, ऑर्गेनिक गुलाल, फ्री ठंडई, किड्स जोन और फुड स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इस अवसर पर कार्यक्रम से संबंधित पोस्टर का अनावरण किया गया। मौके पर अलिशा डांस स्टूडियो की निर्देशिका प्रियंका सिंह, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, राहुल सोनी, मीनाक्षी सिंह, रोहित सिंह, अनिकेत राज, सुबू राजपूत सहित अन्य मौजूद थे।

### 147 वा श्री श्याम भंडारा का हुआ आयोजन



रांची : श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 147 वा श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनौली किरण मोदी वीरेन्द्र मोदी नीता मोदी विवेक मोदी नेहा मोदी वैभव मोदी प्रिया मोदी आदि ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया। किरण मोदी के परिवार ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्यों को भोग प्रसाद खिलाया। भंडारे का समय होते-होते श्री श्याम मंदिर परिसर भक्तों से भर गया एवं हरमू रोड में भक्तजनों की लंबी-लंबी कतारें लग गए। खाटूनरेश की जय जयकारों से पूरा हरमू रोड गूंज रहा था। प्रथमदेव श्री गणेश जी महाराज की जय जयकारों के बीच अध्यक्ष सुरेश सरावगी के मार्गदर्शन में श्री श्याम भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ किया गया। श्री श्याम मंदिर में निर्मित प्रसाद में आज के भंडारे में वेजिटेबल पुलाव आलू लौकी का झोलदार सब्जी केसरिया जलेबी का प्रसाद वितरण किया गया।

### जनगणना प्रपत्र में आदिवासी धर्म कॉलम की मांग को लेकर दिल्ली में प्रदर्शन



रांची : जनगणना प्रपत्र में आदिवासी धर्म कॉलम की मांग को लेकर दिल्ली में एक प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह धरना राष्ट्रीय आदिवासी समन्वय समिति भारत द्वारा आयोजित किया गया था। इसमें विभिन्न राज्यों से सैकड़ों आदिवासी धार्मिक अगुवा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मंत्री देव कुमार धान ने कहा कि आदिवासी अपनी हक, अधिकार और पहचान के लिए संघर्ष कर रहे हैं। आदिवासी धर्म कॉलम की मांग अब देशभर में उठने लगी है और इसके लिए आदिवासी युवा एकजुट हो रहे हैं। धर्म कॉलम न होने के कारण आदिवासियों की पहचान हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और बौद्ध के रूप में की जा रही है। आदिवासियों का अलग धर्म कॉलम न होने के कारण तेजी से धर्मातरण हो रहा है, जिसके कारण उनकी जनसंख्या घट रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए केंद्र सरकार से जल्द से जल्द जनगणना प्रपत्र में आदिवासियों के लिए अलग धर्म कॉलम देने की मांग की गई है।

## एक नजर

### पेड़ से झूलकर युवक ने की आत्महत्या

**बेरमों** : अनुमंडल के गोमिया थाना अंतर्गत डुमरी बिहार ओवर ब्रिज के समीप पेड़ से झूलता हुआ युवक का शव शनिवार को पाया गया। डुमरी बिहार के स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना गोमिया थाना पुलिस को दी सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर युवक के झूलते हुए शव को पेड़ से उतरा। युवक के पैकट से मोबाइल एवं एटीएम कार्ड मिला जिसमें उसका नाम सूरज बेसरा लिखा पाया गया। जिससे पता चला कि युवक ललपनिया थाना क्षेत्र के केरी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दे दी। युवक सरना फुटबॉल क्लब सनई गढा जर्सी पहने पाया गया।

### श्री रामकृष्ण देव की 190वीं पावन जयंती मनायी गयी

**बोकारो**: चंदनकियारी प्रखण्ड पंचायत देवग्राम के योगीडीह स्थित श्रीश्री स्वामी विवेकानंद जी सेवा आश्रम योगीडीह में शनिवार को श्री रामकृष्ण देव जी का 190 वीं पावन जयंती मनाई गई। इस अवसर पर दरिद्र नारायण एवं असहाय दिव्यांगों को मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा नए वस्त्र का वितरण किया गया मंगल आरती वैदिक मंत्र उच्चारण एवं प्रार्थना विशेष पूजा चंडी पाठ पुष्पांजलि एवं भोग आरती खिचड़ी भोग वह प्रसाद का वितरण भजन कीर्तन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए बीसीसीएल के पूर्व जीएम सह योगीडीह आश्रम के अध्यक्ष ने श्री राम कृष्ण देव जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा भारत के महान संत और आध्यात्मिक गुरु रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फरवरी 1836 में ब्राह्मण परिवार में, बंगाल के कामरपुकुर गांव में हुआ था, उनका जन्म नाम गदाधर चट्टोपाध्याय था। वे बचपन से ही ईश्वर पर विश्वास रखते थे, उन्होंने कठोर साधना और भक्ति के जरिए ईश्वर की प्राप्ति की। उन्होंने सभी धर्मों के एकता पर जोर दिया, उनका मानना था कि सभी धर्मों का आधार प्रेम है, उन्होंने जीवन के सर्वोच्च लक्ष्य के रूप में ईश्वर प्राप्ति, काम कंचन का त्याग, धर्मों की सद्भावना और जीव ही शिव बताया। वे लोकप्रिय शिक्षक थे, उनके प्रमुख शिष्य स्वामी विवेकानंद जी थे। सचिव सुकुमार मुखर्जी ने स्वामी जी से संबंधित भजन कीर्तन प्रस्तुत कर लोगों को भाव बिभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थापक सदस्य सह कोषाध्यक्ष मीहिर कुमार मुखर्जी ने किया।मौके पर संस्थापक सदस्य सह कोषाध्यक्ष मीहिर कुमार मुखर्जी, झामुमो नेता अशौक दशौंधी, शिवानी मुखर्जी, बनार्ली बनर्जी, लोकेश कुमार, गोपाल कुंभकार आदि लोग उपस्थित थे।

### भौरा में बीसीसीएल के ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, घंटों बाद पाया गया काबू

**धनबाद** : झरिया शहर के समीप भौरा के गांधीनगर स्थित बीसीसीएल के बिजली घर के ट्रांसफॉर्मर में शनिवार की सुबह अचानक आग लग गई। ट्रांसफॉर्मर से ऊंची लपटें देख गांधीनगर व भौरा के लोगों में अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर बीसीसीएल अधिकारियों ने बिजली कटवा दी और आग बुझाने की महिम में जुट गए। भौरा ओपी प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और अग्निशमन विभाग को आग की सूचना दी। इसके बाद दमकल टीम पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। 3 दमकल गाड़ियां व बीसीसीएल के वाटर टैंकर ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भौरा वार्ड 39 के पार्षद शिव कुमार ने बताया कि आग से गांधीनगर का एकमात्र ट्रांसफॉर्मर जलकर खाक हो गया। उन्होंने बीसीसीएल अधिकारियों से नया ट्रांसफॉर्मर शीघ्र लगवाकर क्षेत्र में बिजली बहाल करने की मांग की।

# बोकारो ने राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झालसा के तत्वावधान में डालसा, बोकारो ने जिला प्रशासन के सहयोग से आदिम जनजातियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन 1 मार्च, 2025 को किया। डीएवी फुटबॉल ग्राउंड, चंद्रपुर थर्मल पावर स्टेशन के नजदीक, चंद्रपुरा में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन झारखंड उच्च नायालय के न्यायाधीश सह झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद एवं अन्य गणमान्य द्वारा किया गया। इस अवसर पर झारखंड उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश सहित झालसा की सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना, उपायुक्त सुश्री जाधव विजया नारायण राव, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक पदाधिकारी, दामोदर घाटी निगम एवं उनके पदाधिकारी, बोकारो स्टील प्लांट एवं उनके पदाधिकारी, पुलिस सुरक्षा बल, पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, लाभुक, पीएलवी एवं अन्य भी उपस्थित थे। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कमजोर वर्गों को ना सिर्फ विधिक सहायता, बल्कि सशक्तिकरण धरातल पर कैसे हो, की अवधारणा हो। व्यक्ति के मौलिक अधिकार, नीति निर्देशक तत्व का समावेषण देखने को मिला। अशिक्षा और गरीबी समान अवसर नहीं मिल पाने के कारण है। योजनाओं का वितरण कर सभी लोगों के बीच समान अवसर है। महिलाओं के सशक्तिकरण करने का सार्थक प्रयास सराहनीय है। न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि सरकारी स्कूल लोगों के कल्याण के लिए है। जीवन जीने के लिए रोटी, कपड़ा, मकान की जरूरत है। एक मुट्ठी आसमान जो नालसा का थीम सॉन्ग है, को साकार एवं आपको हमको जागरूक करना है। बच्ची को जन्म से पहले और बाद में कैसे स्वस्थ रखें। समाज, राज्य, देश आगे बढ़े। स्कूल को अंतिम व्यक्ति तक पहुंच बनाना, शिविर का उद्देश्य है। महिलाओं का 50% सशक्त होंगे तो महिलायें बहुत आगे जाएंगी। घर आगे बढ़ेगा, तो समाज, राज्य और देश बढ़ेगा। न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सहायता और सरकारी योजनाओं से अवगत कराएं। बिरहोर, पहाड़ियों को मुख्य धारा से कैसे जोड़ें। तभी एक मुट्ठी आसमान, हक हमारा भी तो है, को पूर्ण कर पाएंगे। हम सती प्रथा, बालश्रम इन सभी से ऊपर आ चुके हैं। हालांकि आज भी डायन प्रथा है। इससे कैसे ऊपर उठें इसकी जागरुकता की आवश्यकता है। जागरुकता शिक्षा से आती है, इसलिए शिक्षा जरूरी है। पढे-लिखे डॉक्टर के पास जाएं। घटना की जानकारी पीएलवी को दें।

## रेलवे के पर्सनल विभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षक रिटायर, दी गई विदाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : रेल मंडल कार्यालय में पर्सनल विभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षकश्री चौबे 1988 की मंडल रेल कार्यालय में बहाली हुई। वे 37 वर्ष कार्य करने के बाद रिटायर हुए। उनकी रेल के कार्य के साथ-साथ स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी विशेष रुचि थी। क्रिकेट में अधिक झुकाव था। देबयेंदु चौबे राजू रिटायर हो गए। उनका सम्मान समारोह धनबाद रेलवे ग्राउंड के गैलरी हॉल में किया गया। इसके कारण वह धनबाद रेल मंडल के क्रिकेट खिलाड़ी भी थे। समिति से भी जुड़े रहे। वे ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद शाखा दो के कई महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे।उनके परिवार में पत्नी रखी चौबे और पुत्र अभिषेक चौबे हैं। पुत्र आदित्य बिरला ग्रुप, मुंबई में सहायक प्रबंधक हैं। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने बारी-बारी से श्री चौबे के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। केक काटे और उपहार दिया। विदाई समारोह में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आरके सिंह, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी अमरेंद्र कुमार, राकेश राव, एनके खवास, अमिताव बनर्जी, नितिन प्रधान, अमीर हाशमी, महादेव सिंह, राकेश कुमार सिंह, राजीव कुमार, तपन भट्टाचार्य, संकु सरकार, गौतम ओझा, आशीष मुखर्जी, मंजरी पांडेय, अनीता, लिपिका चौबे, सुदर्शना पाण्डेय, रजिया, रेल कर्मचारी, क्रिकेट खिलाड़ी, परिवार के सदस्य और शुभचिंतक उपस्थित थे।

## जैनामोड़ के जदयू कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जैनामोड़ स्थित जिला जनता दल यूनाइटेड कार्यालय में शनिवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान सभी लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वस्थ, दीघायु और सुखी रहें, ईश्वर से यही प्रार्थना किये। उनके कुशल नेतृत्व के साथ बिहार तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा हैं। मौके पर प्रदेश सचिव मनोज सिंह,जिला उपाध्यक्ष राजा पांडे सरत रजवार महासचिव विनय सिंह,सुधीर कुमार,कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार,कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा सिंह, गणेश प्रजापति, संजय कुमार, जरीडीह अध्यक्ष ब्रह्मदेव दास, पेटरवार अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार महतो, सरवन कुमार महतो, प्रकाश कुमार महतो, महादेव महतो, सर्बेश्वर साहू, सर्बेश्वर महतो, बसंत नारायण मांझी, मनोहर जयसवाल, सुनील दास, बबलू दास, प्रिंस कुमार, अशोक महतो,छोटू महतो, लोचन महतो, अशोक बरनवाल, नकुल महतो, सदानंद महतो, नेपाल महतो, बलराम सिंह, निरंजन कुमार, लालचंद महतो, विजय कुमार महतो, राजकुमार महतो, सूरज बरनवाल, कृष्ण सिंह सचण्डी कुमार प्रजापति, सच्चि दानंद शर्मा, संजय कुमार, महेश कुमार, गणेश प्रजापति, विजय सिंह तोमर, राजन यादव, सुमित यादव, महेश सिंह, लालन प्रसाद, सुनील यादव, मोहित कुमार, महाराजा पांडेय, सुमित कुमार,लालू प्रसाद, सोहन यादव, नरेश कुमार आदि मौजूद थे।

## 'विरासत सम्मान' गायन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : गुरु गोबिंद सिंह एजुकेशनल सोसायटीज टेक्निकल कैंपस, इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट कालेज, बोकारो में गायन कार्यक्रम 'विरासत सम्मान' का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कवियित्री व अध्यक्षा काव्य संपन्दन रीना यादव तथा संस्थान सचिव सुरेंद्र पाल सिंह रहे; तथा निर्णायक रहे डी. पी. एस. स्कूल के गायन-शिक्षक जे. पी. सिन्हा रहे। इस कार्यक्रम का समन्वयन पटना से सचिव, रेणुका आर्ट रंजन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ तथा अतिथियों को स्मृति चिन्ह व पुष्प गुच्छ प्रदान किया गया। कालेज निदेशक डा. प्रियदर्शी जरुहार ने स्वागत भाषण दिया। माननीय सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने अपने भाषण में बताया की 31 रागों में गुरुबानी का गायन होता है। छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी चयनित किये गये - बी. सी. ए. की हत कुमारी, बी. बी. ए. से गौरी कुमारी तथा एम. बी. ए. की निकिता शौ. निर्णायक जे. पी. सिन्हा तथा प्रो. रश्मि ठाकुर को गायन की विशेष प्रस्तुति के लिये सम्मानित किया गया. प्रो. पल्लवी प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन कर, कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 200 श्रोता एकत्रित हुए। कालेज ने जलपान की सुचारू व्यवस्था की। संस्थान अध्यक्ष तरसेम सिंह ने चयनित छात्राओं तथा प्रतिभागियों को बधाई दी।

### ग्रीष्म ऋतु से पहले जल आपूर्ति व्यवस्था का विधायक ने किया निरीक्षण

**बोकारो** : बोकारो विधायक श्वेता सिंह ने चास नगर निगम और जुस्को अधिकारियों के साथ चास नगर निगम जल आपूर्ति योजना के अंतर्गत जल उपचार संयंत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान दामोदर नदी से पानी की कनेक्टिविटी से संबंधित समस्याओं पर अधिकारियों के साथ गहन चर्चा हुई।
विधायक ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में जल की मांग अत्यधिक बढ़ेगी, इसलिए सुनिश्चित किया जाए कि जनता को पर्याप्त और स्वच्छ जल समय पर मिले। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल आपूर्ति में किसी प्रकार की रुकावट न आए और जल्द से जल्द समाधान निकाला जाए।

## बोकारो में स्वदेशी खादी महोत्सव का आगाज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर 4 स्थित एलआईसी मैदान में शुक्रवार को स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण एवं नगर डीएसपी श्री आलोक रंजन ने मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों और व्यापारियों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, लखनवी चिकनकारी सूट, कश्मीरी साड़ी, पानीपत के मोजे, जयपुरी मुखवास, असम के जूट बैग, चेन्नापटनम के लकड़ी के खिलौने, लाख की चूड़ियां, मुंबई और गुजरात की इमिटेशन ज्वेलरी सहित हजारों प्रकार के स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। हथकरघा वस्त्रों पर 10% एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर 20% तक की विशेष छूट सुबह 10:00 बजे से रात 10:00 बजे तक खुला रहेगा मेला।
एंट्री और पार्किंग की सुविधा पूरी तरह निशुल्क। आयोजनकर्ता अनुराग मिश्रा ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव स्वदेशी कारीगरों और व्यापारियों को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में आकर स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और देशी हस्तशिल्प को प्रोत्साहन देने की अपील की।

# झारखंड मुक्ति मोर्चा के महानगर इकाई का सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर इकाई के अंतर्गत आने वाली 34 शाखा समितियों के अध्यक्ष और सचिवों को नयामोड़ स्थित बिरसा आश्रम में सम्मानित किया गया। सभी को माला और गमछा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय सदस्य बीके चौधरी ने की। इस अवसर पर महानगर संयोजक प्रमुख मंटू यादव ने कहा कि केंद्रीय समिति के निदेशों के आलोक में टीम के सदस्यों ने मेहनत के साथ बोकारो, चास और फुसरों में 28 फरवरी तक सदस्यता अभियान को सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने बताया कि सभी जगह शाखा समितियों का गठन किया गया है और आगे भी सदस्यता अभियान जारी रहेगा। झामुमो नेता मंटू यादव ने निर्देश देते हुए कहा कि पंद्रह दिनों के अंदर शाखा समितियों का विस्तार किया जाए और सदस्यता अभियान को लगातार जारी रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि झामुमो की सदस्य बनने के लिए लोग काफी उत्सुक हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा किए गए विकास कार्यों को देखकर विपक्ष पूरी तरह से धराशायी हो चुका है। यादव ने विश्वास जताया कि कुछ ही दिनों में विरोधी दलों के पास कार्यकर्ता नहीं बचेंगे और पदाधिकारी बनाने के लिए उन्हें कोई नहीं मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव संतोष रजवार, केंद्रीय सदस्य हसन इमाम अंसारी, जिला संयोजक प्रमुख रतन लाल मांझी, जय नारायण महतो, मोहन मुर्मू, दीपक महतो, भोलू खान, प्रमोद तापड़िया, भागीरथ शर्मा, मटुकलाल किस्कू, फिरदौस अंसारी, फैयाज खान, मदन मोहन महतो, विजय रजवार, षष्ठी देवी, शांति सोरेन, मिथुन मंडल, कन्हैया सिंह, चंदू सिंह मुंडा, मनोज हेंब्रम, अजय हेंब्रम, उदय कुंभकार, बीरबल किस्कू, ज्योति लाल सोरेन,अर्जुन महतो, संजय केजरीवाल, अशोक यादव, दलों यादव, अशोक हेंब्रम, सोहन मुर्मू, भारत यादव, कालेश्वर मांझी, पुनीत विश्वकर्मा, कामेश्वर केवट, सतगुरु प्रसाद, रणधीर रजक, दीपक यादव, बद्री स्वर्णकार, लालमोहन हेंब्रम,धनेश तूरी, टी पी महतो, चंदन कुमार, वीरू मुंडा, मस्तान अंसारी, आकाश टुडू, नौवीं हेंब्रम जयकुमार पांडे,सुनील कपरदार, वीरेंद्र कुमार, दिलीप ठाकुर, नीरज यादव, पूरन महतो, बिंदेश्वर घटवार,जोगिंदर सोरेन, मोतीलाल हेंब्रम, कलीम अंसारी, श्रेष्ठा ठाकुर, दिनेश बेसरा, कुंदन कुमार दास, सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### नीतीश विचार मंच एवं जिला जदयू ने मनाया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74 वां जन्मदिन



**धनबाद**: नीतीश विचार मंच एवं जिला जदयू ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन धुमधाम से धनबाद सर्किट हाउस में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष सह धनबाद जिला जनता दल यू के अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह ने किया। सर्वप्रथम सभी नेताओं एवं कार्यकताओं ने पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जन्मदिन मनाया। उसके बाद एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उनके जन्म दिवस पर बधाई दिए और नीतीश कुमार की दीघार्यु होने के लिए भगवान से कामना किए। नीतीश विचार मंच के प्रदेश अध्यक्ष पिन्टू कुमार सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न के उपाधि से सम्मानित करने की मांग देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री से किया गया। इसके अलावा बिहार की राजनीत में राजनीतिक पारदर्शिता बने रहे इसके लिए नीतीश कुमार के पुत्र निशान्त कुमार को बिहार के सक्रिय राजनीत में लाने की मांग की गई। मौके पर पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील कुमार सिंह, उदय कुमार सिंह, ओबीसी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रामस्वरूप यादव, हाजी हसीब खान, प्रदेश सचिव राजु कुमार सिंह, मुन्ना सिन्हा, विजय सिंह कुशवाहा, धनबाद नगर अध्यक्ष धनलाल दुबे, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रूपेश पासवान, महिला प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पुष्पा पांडेय आदि मौजूद थे।

### मुख्य कार्यालय अधीक्षक का विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




**धनबाद** : धनबाद रेल मंडल कार्यालय में पर्सनल विभाग के मुख्य कार्यालय अधीक्षक देबयेंन्दु चौबे राजू का सेवानिवृत्ति सह सम्मान समारोह का आयोजन धनबाद रेलवे ग्राउंड के गैलरी हॉल मे किया गया श्री चौबे 1988 को मंडल रेल कार्यालय मे बहाली हुआ और 37 वर्ष कार्य करने के बाद रिटायरमेंट हुए उनका रेल के कार्य के साथ-साथ स्पोर्ट्स एक्टिविटी में भी उनका विशेष रुचि था जिसमें क्रिकेट में भी जादा झुकाओ था जिसके कारण वह धनबाद रेल मंडल के क्रिकेट खिलाड़ी भी थे और समिति से भी जुड़े रहे और ईस्ट सेंटर रेलवे कर्मचारी यूनियन ईसीआरकेयू धनबाद शाखा दो के कई महत्वपूर्ण पदों पर पदाधिकारी रह चुके हैं उनका भरपूर परिवार में उनका पत्नी रखी चौबे एकमात्र पुत्र अभिषेक चौबे आदित्य बिरला ग्रुप मुंबई के सहायक प्रबंधक है आज का इस समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों ने बारी-बारी से श्री चौबे के कार्यकाल पर प्रकाश डाला केक काटे उपहार दिया गया,साल उड़ाके सम्मान किया गया ओर अंत मे सभी को खाना खिलाया गया।आज का इस विदाई समारोह में विशेष रूप से वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजित कुमार सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आर.के सिंह सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी अमरेंद्र कुमार,राकेश राव,एन के खवास,अमिताव बनर्जी,नितिन प्रधान,अमीर हासमी,महादेब सिंह,राकेश कुमार सिंह राजीब कुमार,तपन भट्टचार्जी,संकु सरकार,गौतम ओझा,आशीष मुखर्जी,मंजरी पांडेय, अनीता,लिपिका चौबे सुदर्शना पाण्डेय,सस्टि,रजिआ और रेल कर्मचारी क्रिकेट खिलाड़ी, परिवार के सदस्य ओर शुभचिंतक उपस्थित थे।

### अनुभूति एक एहसास ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन एंड फेस्टिवल का हुआ उद्घाटन



**धनबाद**: अनुभूति एक एहसास ऑल इंडिया सांस्कृतिक कंपटीशन एंड फेस्टिवल में डांस, सिंगिंग इंस्ट्रूमेंट्स एंड ड्राइंग कंपटीशन एंड फेस्टिवल में डांसिंग का दो दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन शनिवार को बीसीसीएल सीएमडी की धर्मपत्नी मिली दत्ता, बीसीसीएल डायरेक्टर पर्सनल की धर्मपत्नी पूर्विता रमैया,कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वैभव सिन्हा, काला हीरा के डॉयरेक्टर राजेंद्र प्रसाद, एआईटीसी उपाध्यक्ष वशिष्ठ सिन्हा, क्लब इंडिया के संस्थापक संतोष रजक, समाजसेवी सुमित सवारियां, अनुभूति एक एहसास की सेक्रेटरी सारसी चंद्रा एवं आकाश सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया।मंच संचालन श्रुति चंद्रा और शिप्रा भट्ट ने किया। स्थानीय नन्हे कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक एवं शानदार प्रस्तुति दी।निर्णायक में सिमरन छाबड़ा ने बारीकी से प्रतियोगिता के प्रतिभागियों के प्रतिभाओं का आकलन कर उन्हें अंक दिए। उसी आधार पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता घोषित किया गया जिन्हें अतिथियों के द्वारा मंच पर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय चंद्रा श्यामल राय चौधरी, सम्पा राय चौधरी की सक्रिय भूमिका थी। अनुभूति एक एहसास की सचिव सारसी चंद्रा ने बताया इस आयोजन से बच्चों को अपनी प्रतिभाओं को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच मिलता है पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से उनका मनोबल बढ़ता है और वह बड़े मंच की और अग्रसर होते है।

### चोरों ने जगदंबा के आभूषण दुकान को बनाया निशाना, 35 लाख की चोरी



**बोकारो** : एक आभूषण दुकान को चोरो ने निशाना बनाया है दुकान से लगभग 35 लाख के गहने की चोरी हुई है, हलांकि मामले की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है। घटना सिटी थाना क्षेत्र के राममंदिर की है जहाँ बीती रात जगदम्बा जवेल्सर्स नामक आभूषण दुकान मे सेंधमारी कर चोरी के घटना को अंजाम दिया है। उस वक्त दुकानदार अपनी दुकान बंद कर रोज की भांति घर चले गए थे जब सुबह आये तो उनके होश उड़ गए क्योंकि सभी सामान गायब थे, बाकी सब बिखरे पड़े थे। पुलिस अब पड़ोस के सीसीटीवी कैमरे को खंगालनी शुरू की है। अब तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल पाई है।

## एक नजर

### ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद करने का कार्य हुआ शुरू

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र कोतरे बसंतपुर पचमो परियोजना में कोयला तस्करों द्वारा बनाए गए अवैध मुहानों को बंद करने का काम शुरू हो गया है। डीसी चंदन कुमार द्वारा जिले के अलग-अलग क्षेत्र में अवैध मुहानों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने का निर्देश दिया गया है। विगत दिनों में डीसी चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी, डीएमओ निशांत अभिषेक सहित अन्य अधिकारियों द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई। उन लोगों ने बसंतपुर क्षेत्र में विभिन्न अवैध मुहानों को चिन्हित किया गया था। मुहानों पर ब्लास्टिंग कर अवैध मुहानों को बंद किया गया।

### आपसी संघर्ष में घायल हुए हाथी की मौत

**लातेहार :** जिले के पलामू टाइगर रिजर्व अंतर्गत बेतला जंगल में शनिवार को एक जंगली हाथी की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम मृतक हाथी का पोस्टमार्टम करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। बताया जाता है कि हाथियों के आपसी संघर्ष के कारण एक हाथी घायल हो गया था। जिसकी शनिवार को मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार फरवरी मार्च का मौसम हाथियों के प्रजनन का मौसम होता है। इस कारण इस मौसम में हाथी काफी आक्रोशित रहते हैं। इस दौरान नर हाथियों के बीच अक्सर संघर्ष भी होता रहता है। संभावना जताई जा रही है कि प्रजनन को लेकर ही हाथियों के बीच संघर्ष हुआ, जिसमें एक हाथी घायल हो गया। इस संबंध में पलामू टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर प्रजेशकांत जेना ने बताया कि हाथियों के आपसी संघर्ष के कारण दो दिन पहले ही एक हाथी घायल हो गया था।

# सरकारी जमीन अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ दर्ज होगी प्राथमिकी : एसडीओ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ शहर में भू माफियाओं पर प्रशासन ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है। शहर के नईसराय मौज में खाता संख्या 01 की कई डिसमिल जमीन पर भू माफिया अपना दावा कर रहे थे। एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी के निर्देश पर रामगढ़ अंचल अधिकारी और कर्मचारी जांच करने पहुंचे। शनिवार को जांच के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि विवादित भूमि खाता संख्या 01 का प्लॉट नंबर 63 पूरी तरीके से सरकारी जमीन है। अधिकारियों ने आम नागरिकों को साफ संदेश दे दिया कि इस जमीन पर काम करना गैरकानूनी है। अगर कोई दावा करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। नई सराय मौजा के खाता संख्या 01 प्लॉट नंबर 63 में 18 डिसमिल जमीन को लेकर क्यूम पेंटर और भोला सिंह के बीच विवाद काफी बढ़ गया था। दोनों पक्ष रामगढ़ थाना पहुंचे थे और उस जमीन पर अपना दावा कर रहे थे। पुलिस ने हर बार लोगों को अंचल और एसडीओ कार्यालय का रास्ता दिखाया। साथ ही गलत कार्य करने से मना किया, लेकिन वे लोग नहीं माने। कई बार जेसीबी लेकर भोला सिंह की टीम उस जमीन पर उतरी और हर बार क्यूम पेंटर उस जमीन को अपना बताकर अधिकारियों के समक्ष आवेदन दे रहा था। लेकिन जांच में यह पता चला कि दोनों ही पक्ष सरकारी जमीन को अपना बता रहे हैं। रामगढ़ एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कहा कि सरकारी जमीन का अतिक्रमण किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन स्थानों पर सरकारी जमीन को लेकर लोग दावा ठोक रहे हैं, उसकी गंभीरता पूर्वक जांच की जाएगी। ऐसा कई बार सामने आया है कि सरकारी जमीन की गलत तरीके से जमाबंदी खुलवा ली जाती है। बाद में उसे लेकर विवाद शुरू हो जाता है। लेकिन अब ऐसे फर्जी भू माफियाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नई सराय मौज में कई एकड़ जमीन को लेकर भूमिया सक्रिय हैं। पिछली बार भी वहां बुलडोजर चला कर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया था। इस बार भी सरकारी बोर्ड कई स्थानों पर लगाया गया है। विभाग के जरिये स्थल चिह्नित की गई है। वहां अवैध निर्माण करने वालों पर सीधे प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

# अवैध संबंध की वजह से पत्नी की हुई थी हत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के टरिया में विनीता देवी की मौत मामले में चौकाने वाला खुलासा किया गया है। विनीता के पति का उसकी मामी के साथ अवैध संबंध था। विनीता जब जान गयी तो उसकी हत्या कर दी गयी और फंदे पर लटका दिया गया, ताकि खुदकुशी साबित हो जाए। मृतका के पिता उदय सिंह ने विनीता की हत्या को लेकर उसके पति अर्जुन पासवान, ससुर गजेन्द्र पासवान, सास और गोतनी के खिलाफ थाना में शनिवार को एफआइआर दर्ज करायी है। मृतका के पिता उदय के अनुसार दो साल से विनीता और अर्जुन के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था। अर्जुन के बहकावे में आकर विनीता दस माह पहले घर से मां का गहना लेकर बाहर भाग गयी थी। उस वक्त विनीता चार माह की गर्भवती थी। अर्जुन उसकी बेटी को बाहर ले जाकर रखा और कुछ दिन बाद छोड़कर भाग गया। बुलाने पर नहीं गया। उसकी बेटी जो गहने लेकर गयी थी, उसी को बेचकर बाहर में जीवनयापन किया। अगस्त 2024 को विनीता की डिलेवरी हुई। बच्चे को जन्म देने के बाद भी अर्जुन और उसके घर वाले उससे शादी करने को तैयार नहीं थे। मेदिनीनगर महिला थाना में मामला दर्ज कराने के बाद अर्जुन का पूरा परिवार वहां पहुंचा और दबाद डालने एवं समझाने पर शादी के लिए तैयार हुआ। कोर्ट से भी शादी करने की बात कही गयी, लेकिन वे लोग मंदिर से शादी करके के एक सप्ताह बाद कोर्ट से भी शादी कर लेने की बात कही, लेकिन शादी नहीं की। शादी के चार माह बाद 27 फरवरी को अर्जुन पासवान और उसकी मामी के बीच अवैध संबंध की जानकारी विनीता को हुई। जब इस संबंध में अर्जुन, गजेन्द्र और उसके परिवार को जानकारी हुई तो सभी ने मिलकर पहले उसकी बेटी के साथ मारपीट की और फिर 28 फरवरी शुक्रवार को फांसी पर चढाकर खुदकुशी का रूप दे दिया।

# चैनपुर में पत्नी की पिटाई से शराबी पति की मौत, आरोपी पत्नी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चैनपुर :** चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत बसाईर टोली गांव में एक शराबी पति की मौत उसकी पत्नी की पिटाई से हो गई। घटना शुक्रवार दिन के लगभग 12:00 बजे की बताई जा रही है। आरोपी पत्नी सविता देवी ने बताया कि उसका पति अजीत रौतिया (35वर्ष) काफी शराबी था और हर समय शराब के नशे में धुत रहता था। शुक्रवार को भी गांव के एक घर में शराब पी रहा था, तभी वह उसे लाने गई थी। इसी दौरान कहासुनी होने लगी और धक्का-मुक्की होने लगा। सविता देवी ने बताया कि गुस्से में आकर उसने अपने पति की लाठी से पिटाई कर दी जिससे वह घायल हो गया। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। बड़ा बेटा राहुल रौतिया (18) ट्रैक्टर में काम करने के लिए गया हुआ था, जबकि बेटी चांदनी कुमारी (10) चैनपुर के लूथरन स्कूल पढ़ाई करने गई थी। छोटी बेटी तारा कुमारी (7) गांव के ही स्कूल में पढ़ाई के लिए गई थी। शाम होते-होते अजीत रौतिया की मौत हो गई। घटना की सूचना शनिवार की सुबह पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज को मिली। मुखिया के द्वारा घटना की जानकारी चैनपुर पुलिस को दी गई। चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी शनिवार सुबह दलबल के साथ बसाईर टोली गांव पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। वहीं आरोपी पत्नी को भी गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त लाठी को कब्जे में ले लिया है। हत्या के पीछे का कारण जानने में पुलिस जुटी हुई है। गांव के कुछ महिलाओं ने बताया कि अजीत रौतिया का परिवार काफी गरीब है और उसके तीन बच्चे हैं जो अभी स्कूल में पढ़ाई कर रहे हैं। अजीत रौतिया की पत्नी सविता देवी मजदूरी का काम कर पूरे परिवार का पेट पाल रही थी। अजीत रौतिया जो भी काम करता था, उसका वह शराबी पी जाता था और आए दिन घर में लड़ाई-झगड़ा करता रहता था। गांव की महिलाओं ने बताया कि अजीत रौतिया शराब पीने के लिए घर में रखे चावल को अन्य सामानों को भी बेच देता था और शराब पी जाता था।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रशासन और द हंस फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता हस्ताक्षर



**लोहरदगा :** जिला प्रशासन और द हंस फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता पर शनिवार को हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण, सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, हंस फाउंडेशन के क्षेत्रीय सीनियर मैनेजर शिशुपाल मेहता, प्रोग्राम मैनेजर सैमुअल सिंह और प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर अमित कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। लोहरदगा जिले में संचालित ये मोबाइल मेडिकल यूनिट्स ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस समझौते के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं निरंतर मिलती रहे। द हंस फाउंडेशन के रीजनल सीनियर मैनेजर शिशुपाल मेहता ने कहा, ह्लद हंस फाउंडेशन का उद्देश्य देश के ग्रामीण और वंचित समुदायों को सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। इस समझौते के तहत छह मोबाइल मेडिकल यूनिट्स जिले के विभिन्न क्षेत्रों में नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच, दवा वितरण और रेफरल सेवाएं प्रदान करना जारी रखेगी। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और पहुंच को बेहतर बनाने में मददगार साबित होगी।

### झारखंड आम बजट से पहले उठी गोला में फूड इंडस्ट्रियल पार्क निर्माण की मांग

**रामगढ़ :** झारखंड सरकार आम बजट पेश करने वाली है। इससे पहले रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में फूड इंडस्ट्रियल पार्क निर्माण की मांग उठी है। फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू ने शनिवार को एक प्रेस बयान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि राज्य की अबुवा सरकार आगामी आम बजट में किसानों को समृद्ध बनाने की दिशा में कदम उठाती है तो यह बेहद सराहनीय पहल होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार से किसानों को काफी उम्मीद है। आगामी पेश होने वाले आम बजट में किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सशक्त बनाने की दिशा में प्रावधान होना चाहिए। अगर कृषि प्रधान क्षेत्र गोला में फूड इंडस्ट्रियल पार्क का निर्माण होता है तो किसानों को उपज का उचित भाव मिलेगा। साथ ही साथ इंडस्ट्रियल पार्क के अंदर में छोटे-छोटे कोल्ड चेन की स्थापना भी होनी चाहिए। इससे किसान आने वाले समय में फल, सब्जी सहित किसी प्रकार के कृषि उत्पाद को सुरक्षित रख पाएंगे।


**असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, सिमडेगा**

**National Viral Hepatitis Control Program (NVHCP) के तहत कार्य आधारित Peer Supporter का चयन संबंधी आम सूचना**

अभियान निदेशक, के कार्यालय पत्रांक 247(MD) दिनांक 27.07.2023 के निदेशानुसार National Viral Hepatitis Control Program (NVHCP) कार्यक्रम के तहत कार्य आधारित Peer Supporter का चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से दिये गये विहित प्रपत्र में निबंधित/स्पीड पोस्ट/हाथो-हाथ के माध्यम से दिनांक 07.03.2025 के अपराह्न 5.00 बजे तक आवेदन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी सिमडेगा जिला के वेबसाईट http:://simdga.nic.in तथा सिविल सर्जन कार्यालय, के सूचनापट्ट पर प्रकाशित विवरणी देखी जा सकती है।

ह0/-
सिविल सर्जन,
सिमडेगा

PR 347474 Simdega (24-25)_D


# फसल राहत योजना का पैसा भेजने के नाम पर दो किसानों से साइबर ठगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** फसल राहत योजना का पैसा भेजने के नाम पर दो किसानों से साइबर ठगी की गयी। उनके खाते से हजारों रूपए गायब कर दिए गए। 19 हजार 288 रूपए गायब हो जाने की शिकायत करते हुए दोनों किसानों ने तरहसी थाना में शनिवार को आवेदन दिया है। एक किसान के खाते से 7896.65 रुपए, जबकि दूसरे के खाते से 11393 रुपए गायब हुए हैं। प्रभावित किसानों में तरहसी प्रखंड क्षेत्र के काजीपकरी के रहने वाले समदयाल कुमार (25) एवं राजेन्द्र सिंह (45) शामिल हैं। समदयाल के खाते से 7896.65 रूपए, जबकि राजेन्द्र के खाते से 11393 रूपए गायब हुए हैं। राजेन्द्र के खाते से पहले 8196 फिर 3197 रूपए गायब हुए। समदयाल ने बताया कि शनिवार को साइबर अपराधियों ने फोन करके बताया कि उसके पिता के नाम से फसल राहत योजना का पैसा भेजा गया है। फोन पे चलाते हैं तो बैलेंस चेक कीजिए। समदयाल ने जैसे ही फोन पे खोलकर बैलेंस चेक किया, उसके खाते से 7896.65 रूपए गायब हो गए। इसी तरह राजेन्द्र को भी फोन आया और बातचीत के क्रम में फसल राहत योजना का भुगतान खाते में हो जाने की जानकारी दी गयी। फोन पे खोलने को कहा गया। राजेन्द्र ने जब बताया कि उसे फोन पे चलाने नहीं आता है तो फोन पर मौजूद शख्स ने बातचीत करते करते पहले 8196 और फिर 3197 रूपए खाते से निकाल लिए। तकनीकी जांच के बाद पता चला है कि कोई मो. कलीम शाह ने दोनों किसानों के खाते से रूपए गायब किए हैं। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। जांच कर मामला दर्ज किया जायेगा। इधर इस तरह का कॉल आने से अन्य किसानों को अलर्ट किया गया है और किसी तरह का जवाब नहीं देने की अपील की गयी है।

# राष्ट्रीय ध्वज सुरक्षा और संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है : ब्रिगेडियर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ छावनी में स्थित पंजाब रेजिमेंटल सेंटर में शनिवार को फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से 108 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज की स्थापना की गई। यह ऐतिहासिक दिन हम सभी को राष्ट्र के प्रति वीरता, देशभक्ति और अटूट सेवा का स्नान करता रहेगा। समारोह में सेवा मेडल सेवानिवृत्त सीईओ फ्लैग फाउंडेशन ऑफ इंडिया के मेजर जनरल असीम कोहली उपस्थित रहे। छावनी क्षेत्र में गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराता हुआ सैनिकों, नागरिकों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। 108 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज रेजीमेंट की समृद्धि विरासत और भारत की संपूर्णता की रक्षा और सैनिक को के गौरवशाली इतिहास का स्मरण करता है। समारोह को संबोधित करते हुए पंजाब रेजीमेंट सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्रकांड पाल ने कहा कि यह राष्ट्रीय ध्वज न केवल हमारे सशस्त्र बलों के गौरव और शक्ति को प्रतिनिधित्व करता है, बल्कि भारतीय नागरिकों के त्याग और बलिदान का भी प्रतिनिधित्व करता है यह राष्ट्रीय ध्वज हमारे सेवा समर्पण की कहानी बताता है। साथ ही राष्ट्र की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह 108 फीट ऊंचा ध्वज एकता शक्ति और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है जो रामगढ़ कैंट में स्थाई रूप से लहराता रहेगा और इसे देखने वाले सभी लोगों को भारतीय सेना के समृद्ध विरासत को याद दिलाएगा।


**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला**

**आम सूचना**

एतद द्वारा गुमला जिला के जन साधारण को सूचित किया जाता है कि सरकार के प्रधान सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड रॉची के पत्रांक 4738 दिनांक 12.12.2024 में दिये गये निर्देश के आलोक में आगत ग्रीष्म ऋतु 2025-26 में पेयजल संकट की समस्याओं के त्वरित निष्पादन हेतु गुमला जिला के सभी प्रखण्ड कार्यालयों में शिकायत पंजी संधारित है, जिसमें खराब पड़े नलकूपों से संबंधित शिकायत दर्ज किया जा सकता है। संबंधित सहायक अभियंता/कनीय अभियंता/कार्यनिरीक्षक/ मिस्त्री साप्ताहिक अन्तराल पर रजिस्टर पर सूचीबद्ध चापाकलों की शिकायतों को दूर करने की कार्रवाई करेगें तथा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला में एक नियंत्रण कक्ष की भी स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष का मो0 सं0 9955172064 है, जो सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक कार्यरत है। नियंत्रण कक्ष के प्रभारी श्री जितेन्द्र लकड़ा, प्रभारी सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं. 01 गुमला मो0 सं0 7717794977 एवं उनके अधीन श्री संत गोप, निम्नवर्गीय लिपिक, मो0 सं0 6205072206, श्री प्रकाश केरकेट्टा, निम्नवर्गीय लिपिक, मो0 सं0 9608344433, एवं कान्हा सोरेंग, निम्नवर्गीय लिपिक, मो0 सं0 9142080776, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल गुमला एवं श्री मदन किशोर उरांव, मो0 सं0 7061177392 ,कार्यालय चपरासी उक्त नियंत्रण कक्ष में शहरी/ ग्रामीण पाईप जलापूर्ति/ ड्रील्ड नलकूप मरम्मति संबंधी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उक्त दूरभाष पर शिकायतकर्ता को अपना पूरा नाम/ पता/ स्थान एवं शिकायत का प्रकार बताना आवश्यक होगा। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित सहायक अभियंताओं/ कनीय अभियंताओं के व्यक्तिगत मोबाईल पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | संबंधित सहायक अभियंता | मोबाईल सं0 | संबंधित कनीय अभियंता | मोबाईल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रायडीह | श्री जितेन्द्र लकड़ा | 7717794977 | श्री आदित उरांव | 8210526675 |
| 2 | चैनपुर | | | मो0 शोएब अख्तर | 7992405933 |
| 3 | डुमरी | | | श्री अभिषेक उरांव | 6206041891 |
| 4 | जारी | | | | |
| 5 | बिशुनपुर | | | श्री अनुपम लकड़ा | 9431774646 |
| 6 | घाघरा | | | श्री रजनीष कुमार | 7979800994 |
| 7 | कामडारा | श्री अरुण कुमार ज्योति | 7903369227 | श्री गौरव कुमार | 8969258696 |
| 8 | बसिया | | | श्री लव किशोर | 6201977478 |
| 9 | पालकोट | | | श्री बुधराम भगत | 7488575755 9631618830 |
| 10 | गुमला | | | श्री बासुदेव साहा | 6207289122 |
| 11 | सिसई | | | श्री रतन खलखो | 8809018585 |
| 12 | भरनो | | | श्री रितेश कुमार | 6206663298 |

नोट :- प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जायेगी जिसमें आम नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

PR 347493 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D


# डालसा ने एक दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**दुमका :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जिला स्तरीय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शनिवार को हुआ। कार्यशाला प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के निर्देश पर न्याय सदन में आयोजित हुई। कार्यशाला का उदघाटन डीजे-वन रमेश चंद्र, डीजे-टू प्रकाश झा, डीजे-फोर धर्मेंद्र कुमार सिंह, डीजे-फाईव शत्रुंजय कुमार सिंह, सीजेएम अनूप तिर्की, प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद एवं मुख्यालय डीएसपी इककुट डुंगडुंग ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर व्यवहार न्यायालय के सभी न्यायिक दंडाधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय और उचित मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जिला डीजे-टू प्रकाश झा ने मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2022 में हुए बदलाव को उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने युवा थाना प्रभारियों से बेहतर करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि पुराने लोगों से बेहतर आप कर सकते है। उन्होंने कहा कि हर थाना प्रभारी और पुलिस पदाधिकारी का कर्त्तव्य और कानूनी बाध्यता है। ऐसा नहीं करने पर कानूनी प्रतिबंध्यता और कानूनी घेरे में आ सकते है। डीजे-वन रमेश चंद्र ने चर्चा को आगे बढ़ाते हुए कहा कि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के कागजातों की डीटीओ से जांच कराना अनिवार्य है। पुलिस पदाधिकारियों के कर्त्तव्यों को बताते हुए कहा कि दुर्घटना के बाद इंशोरेंस कंपनी को जानकारी देना है और इंशोरेंस कंपनी को ससमय रिपोर्ट सौंपना और वैद्य स्वीकृति देना कार्य है। मुआवजा राशि पीड़ित को दिलाने में विलंब होने पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि कई ऐसे भी मामले सामने आये है,जो वर्षो से लंबित है। इसमें केस की वर्तमान स्थिति से गांव के ग्रामीण अवगत नहीं हैं। मुआवजा राशि देने के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कहा कि मुआवजा राशि भुगतान का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवार को रोजगार और जीवनयापन के लिए सहायता राशि मुहैया कराना है।उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि संकल्प लेकर यहां से जाने की जरूरत है कि पीड़ित परिवार को सही मुआवजा दिलाना सुनिश्चित करें। जो बिना इंशोरेंस कंपनी और पुलिस पदाधिकारी के सहयोग का संभव नहीं हैं। अन्य न्यायिक पदाधिकारी ने भी मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए अपने विचार व्यक्त किया। मुख्यालय डीएसपी इककुड़ डुंगडुंग ने मुआवजा दिलाने में पुलिस पदाधिकारियों को महत्ती भूमिका और कर्त्तव्यों को बता थानाध्यक्षों को अपनी भूमिका कर्त्तव्यनिष्ठा से निभाने का अपील किया। कार्यशाला का नेतृत्व प्राधिकार सचिव उत्तम सागर राणा एवं संचालन एलएडीसी, अंकित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर चीफ एलएडीसी, सिकंदर मंडल, डिप्टी चीफ, सरोज कुमार गोन, सहायक रोबिन कुमार भी उपस्थित थे।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 41/2024-25**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | दिनांक 10.03.2025 को 4.00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | दिनांक 12.03.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)। |
| 4. | निविदा खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 12.03.2025 (अपराह्न 03:30 बजे)। |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 6. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान | जिला नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | कटकमदाग | स्वास्थ्य उप केन्द्र, कुसुम्भा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 4993500.00 | 100000.00 | 5000.00 | 6 माह |
| 2. | कटकमदाग | स्वास्थ्य उप केन्द्र, पसई का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 931100.00 | 18700.00 | 1250.00 | 2 माह |
| 3. | कटकमदाग | स्वास्थ्य उप केन्द्र, लेम का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 2251900.00 | 45100.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4. | चुरचू | आयुष्मान आरोग्य मंदिर, हेन्देगढ़ा का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 2429300.00 | 48600.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5. | डाड़ी | आयुष्मान आरोग्य मंदिर, चैनपुर का उन्नयन हेतु विविध निर्माण कार्य। | 2723400.00 | 54500.00 | 5000.00 | 3 माह |

नोट: 1. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
2. निविदा शुल्क किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रुप में स्वीकार किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जाएगा। बैंक ड्राफ्ट कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग के पदनाम से देय होगा। बैंक ड्राफ्ट निविदा प्रकाशन के बाद की तिथि का मान्य होगा।
3. 10% प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए additional performance security के रुप में परिमाण विपत्र की राशि से- i. 10% से 20% below तक की राशि का 20% तथा
ii. 20% से अधिक below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
हजारीबाग।

PR 347532 (Rural Development) 24-25 (D)

# मानवीय तरक्की के लिए वन्य जीवों को सजा न भुगतनी पड़े

पृथ्वी पर जीवन का आधार वन्यजीव है, जिस समय धरती से वन्यजीव का अस्तित्व पूर्ण रूप से समाप्त होगा, तब मानवीय जीवन बड़े ही दर्दनाक तरीके से खत्म हो जायेगा। वन्य जीवों के कारण जंगल समृद्ध होते है, जंगलों से जल स्त्रोत समृद्ध होते है, पेड़ों से मिट्टी का क्षरण रूककर उपजाऊ भूमि का बचाव होता है। सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र बेहतर ढंग से कार्य करते है, समय पर पर्याप्त वर्षा होती है, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, प्राणियों की खाद्य श्रृंखला सुचारु रूप से चलती हैं। मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष कम होता है। प्राकृतिक आपदाओं में कमी आती है, फसलें लहलहाती है, समाज के हर तबके को पोषक तत्वों से भरपूर स्वास्थ्यवर्धक अन्न प्राप्त होता है। बीमारियां कम होती है, अशुद्धता, मिलावटखोरी, घातक रसायनों का प्रयोग जैसे बुराइयों पर अंकुश लगाना संभव होता है। देश आत्मनिर्भर बनता है, प्राकृतिक संसाधन संपन्न बनते है। देश में गुणवत्तापूर्ण खाद्यान, उत्पादों का निर्यात बढ़ता है और आयात में कमी आती है। मनुष्य का जीवनमान स्तर सुधरता है, और ऐसे ही मानव और देश सही मायने में तरक्की करता है। अगर देखा जाए तो मनुष्य का सम्पूर्ण जीवन ही वन्यजीवों पर आधारित है। मनुष्य लगातार प्रकृति को बर्बाद करता आया है, जबकि वन्यजीवों के बदौलत मानव जीवन का अस्तित्व टिका हुआ है, क्योंकि वन्यजीव ही जंगल, वन, प्रकृति के प्रमुख रक्षक है। इस वर्ष 2025 विश्व वन्यजीव दिवस की थीम "वन्यजीव संरक्षण वित्तः लोगों और ग्रह में निवेश" यह है। यह विषय वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को समर्थन देने के लिए स्थायी वित्तीय समाधान की तत्काल आवश्यकता पर है, वन्यजीव संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए नवीन वित्तीय तंत्रों की आवश्यकता है।

देश में बढ़ती आबादी की सुख-सुविधाओं के लिए प्राकृतिक संसाधनों और सिमित स्त्रोतों पर असीमित दबाव बना हुआ है। सुंदर चहचहाते पंछियों को हम पहले ही शहरों से दूर भगा चुके है। नगर अब महानगरों का रूप धारण कर रहे है, शहरों के आसपास के गांव, जंगल, खेत, जल स्त्रोत, प्राकृतिक संसाधन तेजी से सिकुड़ रहे है। शहरों और महानगरों से गुजरने वाली नदियां अब नालों का स्वरुप धर चुकी है, बड़े-बड़े विषैले कूड़े के पहाड़, ई-अपशिष्ट और बिओमेडिकल वेस्ट लगातार बढ़ रहे है। मानवीय जीवन के लिए आवश्यक हर उत्पाद के लिए कच्चा माल प्रकृति से प्राप्त होता है, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन के कारण आपदाओं और जानलेवा बीमारियों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आबादी अनुरूप शहरों में नयी बस्तियाँ बसाई जा रही है, सड़कों पर मनुष्य से ज्यादा वाहनों की भीड़ नजर आती है। पृथ्वी के तापमान में लगातार बदलाव नजर आ रहा है, बड़े-बड़े हिमखंड पिघल रहे है। शहरों और गांव में भी भूजल का स्तर लगातार गिर रहा है, इसका सीधा असर फसलों पर हो रहा है, तापमान बढ़ रहा है, खाद्यान का आयात बढ़ रहा है। प्रदुषण, शोर, आर्थिक विषमता और अपराध बढ़ रहे है। जंगल से वन्यजीव खाना-पानी के लिए मानवीय बस्तियों में आने को मजबूर है, जिसके कारण मानव और वन्य जीवों में संघर्ष तीव्र हो रहा है। आनेवाली पीढ़ियों के हिस्से के संसाधनों का दोहन भी हम कर चुके है। जितना हम प्रकृति से लेते है, उतना वापस करते हुए जाना होता है, लेकिन आज के युग में स्वार्थी मनुष्य प्रकृति को निचोड़कर उससे छीनता जा रहा है, प्रकृति के हर भाग पर अपना हिस्सा बनाता जा रहा है।

वन्यजीव अक्सर मानवीय हस्तक्षेप से दूर रहना चाहते है, परन्तु मनुष्य ही लगातार अपना दायरा बढ़ाता जा रहा है, जिससे वन्यजीवों के लिए भोजन ढूंढना और संसाधनों के लिए प्रतिस्पर्धा करना कठिन हो गया है। मनुष्य की गलती की सजा वन्यपशुओं को भुगतनी पड़ती है, जलवायु परिवर्तन के मार का सबसे बड़ा भुगतान वन्यजीवों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है। मानवी तरक्की से वन्य जीवन को सीधा नुकसान पहुंचता है, उनके प्राकृतिक आवास नष्ट होते हैं और प्रदूषण के कारण मौतें होती हैं। बहुत बार जंगली जानवर सड़क दुर्घटनाओं, बिजली गिरने, खुले गड्ढे में या खेत के कुओं में डूबने से मर जाते हैं।

# हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास जुड़ा है

**हृदयनारायण दीक्षित**




तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केन्द्र पर हिन्दी थोपने का आरोप दोहराया है। इस बयान से राष्ट्रभाषा प्रेमी आहत हैं। हिन्दी हमारा जीवनरस है। प्राण और आत्म भी। मां के गर्भ से संसार में आए तो रोये हिन्दी में। सोए हिन्दी के आंचल में। जागे तो हिन्दी सुने। उठे, बैठे, चले, लुढ़के, गिरे, रोए हिन्दी में। मां ने उठाया और मनाया भी हिन्दी में। गुस्साए और रूठे भी हिन्दी में। बालक से तरुण हुए, गांव, क्षेत्र, नगर जाना हिन्दी में। प्रीति, रीति, नीति हिन्दी की। हमारी प्रकृति हिन्दी है। स्वाभाविक ही हमारी संस्कृति भी हिन्दी में ही खिलती है। उल्लास और उत्साह का रस हिन्दी है। हम हिन्दी में सोचते हैं, हिन्दी में प्रकट होते हैं। हिन्दी हमारी मां है।

अंग्रेजी हमारे परिवार की भाषा नहीं है। हमें बताया जाता है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। हम यह उपदेश मान भी लेते लेकिन क्या करें? एशिया महाद्वीप के 48 देशों में से भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजरबैजान की भाषा अजेरी, अर्मेनिया की अर्मेनियन, इजराइल की हिब्रू, ईरान की फारसी, उज्बेकिस्तान की उज्बेक, ओमान, सऊदी अरब, सीरिया, ईराक, जार्डन, यमन, बहरीन, कतर व कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताईवान, सिंगापुर की मंदारिन, इण्डोनेशिया की डच, दोनों कोरिया की कोरियायी, श्रीलंका की सिंहली व तमिल, कम्बोडिया की खमेर, अफगानिस्तान की पश्तो, पाकिस्तान की उर्दू और तुर्किए की तुर्की है।

यूरोप को अंग्रेजी भाषी क्षेत्र माना जाता है लेकिन यूरोप के 43 देशों में से 40 की भाषा अंग्रेजी नहीं है। यहां डेनमार्क की डेनिस, चेक गणराज्य की चेक, रूस की रूसी, स्वीडन की स्वीडिस, जर्मनी की जर्मन, स्विटजरलैण्ड व पोलैण्ड की पोलिस, इटली की इटैलियन, ग्रीस की ग्रीक, बुल्गारिया की बल्गेरियन, मोल्दोवा की रोमानियन, यूक्रेन की यूक्रेनियन, फ्रांस की फ्रेंच, स्पेन की स्पेनिस है। सिर्फ ब्रिटेन की ही भाषा अंग्रेजी है। आयरलैण्ड की आयरिश व अंग्रेजी है। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में भी अंग्रेजी मूल भाषा नहीं है। बावजूद इसके अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा क्यों है?

लार्ड मैकाले ने ब्रिटिश संसद में कहा था उच्चतर जीवन मूल्य और क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परम्परा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छानुरूप शासित हो जाएं। महात्मा गांधी ने आहत मन कहा था, पृथ्वी पर हिन्दुस्तान ही ऐसा देश है जहां मां-बाप बच्चों को मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना-लिखाना पसंद करेंगे।

भारत की संविधान सभा में राजभाषा पर तीन दिन बहस हुई। एनजी आयंगर ने सभा (12.9.1949) में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा, हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह सम्मुनत भाषा नहीं है।

डॉ. धुलेकर ने बहस (13.9.1949) में कहा, अंग्रेजी वीरों की भाषा नहीं है। वह वैज्ञानिकों की भी भाषा नहीं है। विज्ञान का एक शब्द भी अंग्रेजी भाषा का नहीं कहा जा सकता और न अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त अंक उस भाषा के अंक हैं। आप कहते हैं अगले 15 वर्षो तक अंग्रेजी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में रहने दिया जाये। स्वराज्य के पश्चात भी हमारे स्कूल, विश्वविद्यालय तथा वैज्ञानिक अंग्रेजी में ही काम करते रहेंगे तो यह सुनकर मैं कांप उठता हूं।

सेठ गोविंददास ने कहा हमने सेक्युलर स्टेट मान लिया है। मगर इसका यह अर्थ कभी नहीं समझा कि सेक्युलर स्टेट मानना अनेक संस्कृतियां मानना हैं। यह एक प्राचीन देश है और इसका पुराना इतिहास है। इस देश में हजारों वर्षों से एक ही संस्कृति चली आई है। इस परम्परा को रखने के लिए और इस बात का खण्डन करने के लिए कि हमारी दो संस्कृतियां हैं, हम एक भाषा और एक लिपि रखना चाहते हैं।

सभा की बहस रोमांचकारी है। पं. नेहरू ने कहा, हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की, कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो किन्तु इसे हम सहन नहीं कर सकते। पं. नेहरू अंग्रेजी सहन करने को तैयार नहीं थे।

राजभाषा प्राविधान के प्रस्तावक हिन्दी को कमतर बता रहे थे। सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा बनाया। 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परन्तुक' जोड़ा। संविधान के अनु0 343 (1) में हिन्दी राजभाषा बनी, किन्तु अनु0 343 (2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्राविधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग/समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनु0 351) केन्द्र पर डाली गयी। मूल प्रश्न यह है कि क्या अंग्रेजी ज्यादा ज्ञानबोधक है? अमेरिकी भाषा विज्ञानी ब्लूम फील्ड ने अंग्रेजी की बाबत (लैंगुएज, पृष्ठ 52) लिखा 'यार्कशायर (इंग्लैंड) के व्यक्ति की अंग्रेजी को अमेरिकी नहीं समझ पाते।' तो फिर अंग्रेजी विश्व भाषा क्यों है?

प्रख्यात भाषाविद् चिंतक डॉ. रामबिलास शर्मा ने 'भाषा और समाज' (पृष्ठ 401) में लिखा "अंग्रेजी के भारतीय प्रोफेसरों को हॉलीवुड की फिल्म दिखाइए, पूछिए, वे कितना समझे? इसके विपरीत हिन्दी की सुबोधता को हर किसी ने माना है। हिन्दी अपनी बोलियों के क्षेत्र में तो समझी ही जाती है गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में भी उसे समझने वाले करोड़ों है। यूरोप में जर्मन और फ्रांसीसी अंग्रेजी से ज्यादा सहायक है। जर्मनी और अस्ट्रिया की भाषा जर्मन है। स्विट्जरलैण्ड के 70 फीसदी लोगों की मातृभाषा भी जर्मन है। चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, युगोस्लाविया और पोलैण्ड के लोग जर्मन समझते हैं।" हिन्दी भाषी बढ़े हैं। हिन्दी वाले ज्यादा हैं बावजूद इसके वह अपने ही देश में परिपूर्ण राष्ट्रभाषा भी नहीं है।

भाषा संस्कृति की संवाहक होती है। ब्रिटिश व्यापार और सत्ता के साथ अंग्रेजी लाये थे। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ पूंजी के साथ भाषा लाती है। भाषा के साथ संस्कृति आती है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोमचोम्सकी ने कहा था, करोड़ों डॉलर के जनसंपर्क उद्योग के जरिए बताया जाता है कि जिन चीजों की जरूरत उन्हें नहीं है, वे विश्वास करें कि उनकी जरूरत उन्हें ही है।

भाषा का विकास सामाजिक विकास से जुड़कर होता है। सामाजिक विकास में संस्कृति और आर्थिक उत्पादन के कारक प्रभाव डालते हैं। भारत की नई पीढ़ी मूल स्रोत भाषा और संस्कृति से कट रही है। भारत में हिन्दी जानने वालों की संख्या सौ करोड़ से ज्यादा है। अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजरायल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिडाड, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों/सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। लेकिन हिन्दी राजभाषा के असली सिंहासन से दूर है। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। अपनी सरलता और लोक आच्छादन की क्षमता के कारण। हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास भी जुड़ा हुआ है। स्टालिन पुनर्विचार करें। तमिल और हिन्दी साथ-साथ चलें। राष्ट्र भाषा को वास्तविक सम्मान मिलना ही चाहिए।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# भारतीयता की तहजीब को आवाज देने वाले फनकार

**ललित गर्ग**

रूमानियत, समाज एवं संस्कृति में रची बसी जिनकी शायरी हर उम्र के लोगों के जीवन का हिस्सा है, ऐसे महान्‍ ह्यशायर-ए-जमालह्ण-सौन्दर्य का कवि कहलाने वाले फिराक गोरखपुरी उर्दू शायरी का देश एवं दुनिया का एक फनकार हैं जिसका रचना-संसार जीते-जी ही नहीं, मरकर भी गूंज रहा है। गोरखपुर को जिन वजहों से दुनिया भर में पहचान मिली, फिराक गोरखपुरी को हमें उनमें आगे की पंक्ति में रखना ही होगा। नाम के आगे गोरखपुरी लगाकर उन्होंने उर्दू अदब की दुनिया में गोरखपुर को जो ऊंचाई दी, गोरखपुर ही नहीं बल्कि समूचे पूर्वांचल के लोग इसके लिए गौरव का अनुभव करते हैं। शायरी कहने के अपने अलमस्त और बेलौस अंदाज को लेकर वह शायरों में ही नहीं, आमजन के बीच भी हमेशा चर्चा का विषय रहे। गंगा-जमुना के संगम एवं सांझी संस्कृति वाले शहर इलाहाबाद के फिराक की तमाम शायरी कुछ ऐसी है जो सही मायने में गंगा-जमुनी तहजीब की शायरी है। और भी कुछ शायर गंगा-जमुनी के तहजीब के माने-कहे जाते हैं लेकिन फिराक के लिए इसका मायने बहुत गहरे एवं हिन्दुस्तान की अस्मिता से जुड़ा था। वे जो लिख रहे थे, असल में हजारों साल की तहजीब को आवाज दे रहे थे, विविधता और विस्तार में एकता की गहरी जड़ें तलाश रहे थे।

रघुपति सहाय से फिराक गोरखपुरी बने, वे भारत के एक प्रसिद्ध उर्दू शायर, कवि, लेखक और आलोचक थे। उनकी साहित्यिक प्रतिभा कविता, गजल, नज्म और निबंध सहित विभिन्न शैलियों में फैली हुई है। प्रगतिशील लेखक आंदोलन के एक प्रमुख व्यक्तित्व, गोरखपुरी की रचनाओं में मानवीय भावनाओं, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक मुद्दों की गहरी समझ झलकती है। उनकी काव्यात्मक अभिव्यक्ति ने शास्त्रीय लालित्य को आधुनिक संवेदनाओं के साथ जोड़ा, जिन्होंने शायरी को लोक बोलियों से जोड़कर उसमें नई लोच, नई रंगत, नई ऊर्जा एवं नये मानक उत्पन्न किये। उन्हें फारसी, हिन्दी, ब्रजभाषा और भारतीय संस्कृति की गहरी समझ थी, इन्हीं कारणों से उनकी शायरी में भारत की विविधताओं युक्त सांझी रची-बसी हुई है। वे जन-कवि और सौन्दर्य के परम उपासक के रूप में असंख्य लोगों के दिल और दिमाग में रचे-बसे हैं। वैसे भी फिराक के दौर को देखा जाए तो उस वक्त हर तरफ कद्दावर लोग थे। महाकवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और सुमित्रानंदन पंत के अलावा पंडित जवाहर लाल नेहरू, महादेवी वर्मा, अमरनाथ झा, हरिवंशराय बच्चन समेत और भी कई बड़े कलमकार उसी इलाहाबाद में थे। इलाहाबाद के बाहर की दुनिया की बात करें तो महात्मा गांधी के उस दौर में कई बड़े दार्शनिक, कवि और शायर राष्ट्रीय फलक पर सितारे की तरह चमक रहे थे। उस कहकशां में भी फिराक की चमक कहीं कम नहीं पड़ती है।

फिराक को शायरी की प्रेरणा पिता मुंशी गोरख प्रसाद से भी मिली। बचपन के चमकते-दमकते वैभव के बावजूद उनकी नजरें हमेशा जमीन की ओर देखती रही। उनकी जिन्दगी और रचनाओं का सफर न केवल रोचक रहा, बल्कि प्रेरणा का स्रोत भी रहा। वे साहिर, इकबाल, फैज, तथा कैफी आजमी से अत्यधिक प्रभावित हुए। रामकृष्ण परमहंस की कहानियों से आरंभ करने के बाद उन्होंने अरबी, फारसी और अंग्रेजी में शिक्षा ग्रहण की। सन 1917 में डिप्टी कलेक्टर के पद के लिए चुने गए परंतु महात्मा गांधी के स्वराज्य आंदोलन में भाग लेने के लिए उन्होंने 1918 में पद से त्यागपत्र दे दिया। 1920 में स्वाधीनता आंदोलन में भाग लेने के कारण उनको डेढ़ वर्ष की जेल की यात्रा सहन करनी पड़ी। वे इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्राध्यापक भी रहे। उनका कहना था कि उर्दू केवल मुसलमानों की भाषा नहीं है बल्कि आम भारतवासियों की भाषा है। पंडित जवाहरलाल नेहरू उनकी इस सोच से अत्यधिक प्रभावित हुए, नेहरू ने फिराक को जेल से छूटने के बाद अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यालय में अन्डर सेक्रेटरी बना दिया। इंदिरा गांधी भी उनको बहुत सम्मान देती थी और उनको राज्यसभा में भेजना चाहती थी। लेकिन उन्होंने राज्यसभा जाने से इंकार कर दिया।

फिराक अपनी हाजिर जवाबी की वजह से फिराक काफी मशहूर थे। उनका बातचीत का लहजा इतना चुटीला होता था कि एक बार कोई उनके पास बैठ जाए तो उठता नहीं था। वह जो भी बोलते थे, बेधड़क बोलते थे और अंदाज ऐसा कि महफिल ठहाकों में भर उठती थी। वे जिन्दादिल इंसान थे तो चित्रता में मित्रता के प्रतीक थे। स्वभाव में एक औलियापन है, फक्कड़पन है और अलमस्त अंदाज है। किसी को उनका व्यक्तित्व भाया तो किसी को वह बिल्कुल पसंद नहीं आए लेकिन उनके शेरों की कद्र हर किसी ने पूरी तबीयत से की। उनका लोहा तब भी जग ने माना और आज भी मान रहा है। वे सदियों तक इसी तरह अपनी शायरी के कारण जीवंत बने रहेंगे।

फिराक की जिंदगी का ज्यादातर हिस्सा इलहाबाद बीता। और यहीं से वे शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचे। इलाहाबाद में फिराक, महादेवी वर्मा और निराला को मिलाकर उस दौर के साहित्य की दुनिया की त्रिवेणी बनती थी। उनकी अनौपचारिक संगोष्ठियों में अंग्रेजी के विद्वानों के साथ-साथ तुलसी, कालिदास और मीर के पाठ भी समानांतर चलते थे। उनके आवास लक्ष्मी निवास पर साहित्यकारों की खूब महफिल सजती थी। महफिल सजाने वालों में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचन्द भी शामिल थे। फिराक भरी-पूरी संभावनाओं का नाम रहा है, जहां साहित्य की अनेक सरिताएं प्रवहमान रही हैं। फिराक तबीयत से भले ही हर किसी को बागी नजर आए लेकिन उनकी शायरी सहज थी। उनके शेरों में संवेदनाएं, नेकदिली और जिंदादिली का अहसास कोई भी कर सकता है। उर्दू गजल के पारंपरिक अंदाज में बिना किसी छेड़छाड़ के नए लहजे की शायरी की जो अद्भुत मिसाल उन्होंने पेश की, उससे शायरी के कद्रदानों के अलावा मशहूर शायर भी उनके कायल हो गए।

निदा फाजली जैसे शायर ने तो शायरी की दुनिया में गालिब और मीर के बाद फिराक को तीसरे पायदान पर रखा है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला और महादेवी वर्मा जैसे साहित्यकारों के सान्निध्य में उन्होंने अपनी शायरी को ऊंचाई दी। पद्मश्री अली सरदार जाफरी ने फिराक को उर्दू शायरी की नई आवाज करार दिया। जोश मलीहाबादी ने कहा कि फिराक उर्दू के उस्ताद शायरों में एक बड़े नामवर गोशे के मालिक हैं। साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. विश्वनाथ तिवारी ने फक्कड़, मूडी, गुस्सैल आदि अनेक परिचय के धनी फिराक को शायरी के दुनिया का बेताज बादशाह कहा है। यही कारण है कि मिर्जा गालिब और अमीर खुसरो की तरह ही फिराक गोरखपुरी के जीवन पर भी कई फिल्में बन चुकी हैं। एक फिर फिल्म गवर्नमेंट आफ इंडिया के फिल्म डिविजन ने भी बनाई है।

फिराक के जीवन पर कई किताबें भी लिखी गईं हैं। उनकी स्वयं की अनेक पुस्तक हैं, जिनमें प्रमुख हैं- गुल-ए-नगमा, बज्म-ए-जिंदगी, रंगे शायरी, मशअल, रूह-ए-कायनात, नग्मा-ए-साज, गजलिस्तान, शेरिस्तान, शबनमिस्तान, रूप, धरती की करवट, गुलबाग, रम्ज व कायनात, चिरागा, शोअला व साज, हजार दास्तान, हिंडोला, जुगनू, नकूश, आधी रात, परछाइया और ताराना-ए-इश्क, सत्यम शिवम सुंदरम।

## सूडोकु नवताल- 7357

★★★☆☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

सूडोकु नवताल -7356 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 1 | 8 | 9 | 6 | 4 | 3 | 7 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 9 | 7 | 2 |
| 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 1 | 6 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 8 | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

# अरुणाचल पर चीन के दावे बेबुनियाद, विभिन्न पहलुओं को दरकिनार कर रहा ड्रैगन

**ओम प्रकाश सिंह**

भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन ने एक बार फिर बड़े-बड़े दावे किए हैं, लेकिन उसके सारे दावे ऐतिहासिक, भौगोलिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर बेबुनियाद हैं। अरुणाचल सदियों से भारतीय संस्कृति से जुड़ा रहा है। ऐतिहासिक तथ्यों देखा जाए तो अरुणाचल प्रदेश का भारत से संबंध हजारों साल पुराना है।

प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लेख इसका उल्लेख मिलता है। अरुणाचल प्रदेश का उल्लेख महाभारत और रामायण में है। माना जाता है कि भगवान परशुराम ने यहां तपस्या की थी और यह स्थान भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। तवांग मठ का ऐतिहासिक महत्व भी रहा है। तवांग मठ, जो दुनिया के सबसे बड़े बौद्ध मठों में से एक है, भारत से सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से जुड़ा है। यह दलाई लामा के भारत आगमन से पहले ही बौद्ध धर्म के पवित्र केंद्रों में गिना जाता था।

अहोम साम्राज्य और भारतीय प्रशासन भी एतिहासिक तथ्य के रूप में उभर कर आता है। मध्यकाल में अरुणाचल प्रदेश अहोम साम्राज्य के प्रभाव में था, जो भारत का प्रमुख शक्ति केंद्र था। अहोम शासकों ने इस क्षेत्र को कभी चीन के अधीन नहीं माना। ब्रिटिश शासन में दौरान भी यही वास्तविकता थी। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन के दौरान अरुणाचल प्रदेश को भारत के पूर्वी क्षेत्र का हिस्सा माना गया। साल 1914 में ब्रिटिश भारत और तिब्बत के बीच हुए शिमला समझौते में मैकमोहन रेखा को भारत और तिब्बत की सीमा के रूप में मान्यता दी गई थी। भौगोलिक तर्कों को अगर देखा जाय तो अरुणाचल, भारत की प्राकृतिक सीमा में आता है। 1914 में तय की गई मैकमोहन रेखा भारत और तिब्बत की सीमा को स्पष्ट रूप से निर्धारित करती है। चीन कभी इस समझौते का हिस्सा नहीं था इसलिए उसका दावा पूरी तरह से बेबुनियाद है। अरुणाचल की प्राकृतिक स्थिति पर नजर डालने पर भी यही स्थिति सामने आती है। अरुणाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और भारत की भौगोलिक संरचना से जुड़ाव इसे भारत का अभिन्न हिस्सा साबित करते हैं। खास बात




यह है कि चीन इस मुद्दे पर एक लंबे कालखंड तक चुप्पी साधे रहा। 1962 के भारत-चीन युद्ध से पहले चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश पर दावा नहीं किया। यह दिखाता है कि चीन का दावा पूरी तरह से राजनीतिक है, न कि ऐतिहासिक या भौगोलिक आधार पर सही। लिहाजा, चीन का दावा कानूनी तर्कों पर भी नहीं ठहरता। चीन का दावा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। चीन का यह दावा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय संधियों के खिलाफ है।

यह भारत की संसद द्वारा स्वीकृत राज्य है। 1987 में अरुणाचल प्रदेश को भारतीय संसद द्वारा आधिकारिक रूप से पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। यह दशार्ता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का संवैधानिक हिस्सा है। भारत अरुणाचल प्रदेश पर प्रशासनिक नियंत्रण रखता है, वहां लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार है और वहां की जनता स्वयं को भारतीय मानती है।


चीन की दोहरी नीति है।चीन, ताइवान और तिब्बत पर ऐतिहासिक आधार पर दावा करता है लेकिन जब भारत अपने ऐतिहासिक तर्क प्रस्तुत करता है, तो वह उन्हें नजरअंदाज करता है। चीन ने तिब्बत का जबरन विलय कराया। चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा किया लेकिन भारत ने कभी भी तिब्बत की स्वतंत्रता को चुनौती नहीं दी। अब चीन अरुणाचल प्रदेश पर दावा करके अपनी विस्तारवादी नीति को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट किया है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। चीन के झूठे दावों से यह सच्चाई नहीं बदलेगी।

भारत में सभी राजनीतिक दल चीन के इस दावे का विरोध कर रहे हैं। संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई और सभी सांसदों ने चीन की विस्तारवादी नीति की आलोचना की। सीमा पर भारत की कड़ी चौकसी है। भारतीय सेना अरुणाचल प्रदेश में पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। भारत सरकार ने हाल के वर्षों में सड़कों, पुलों और सैन्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया है। भारत पहले ही चीन की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर चुका है, और यह जता दिया है कि भविष्य में भी ऐसी किसी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर चीन के झूठे दावों का विरोध किया है। भारत ने क्वाड (दर्ब्) और अन्य सुरक्षा संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत की है, जिससे चीन पर रणनीतिक दबाव बढ़ेगा। भारत ने चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाकर और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देकर चीन को कड़ा आर्थिक संदेश दिया है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अरुणाचल प्रदेश पर कोई समझौता नहीं होगा।

## दैनिक पंचांग

**2 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | कुंभ में |
| चंद्र | मीन में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध | मीन में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मीन | 07.02 बजे से |
| मेष | 08.33 बजे से |
| वृष | 10.13 बजे से |
| मिथुन | 12.11 बजे से |
| कर्क | 14.24 बजे से |
| सिंह | 16.41 बजे से |
| कन्या | 18.52 बजे से |
| तुला | 21.03 बजे से |
| वृश्चिक | 23.18 ब.से |
| धनु | 01.34 बजे से |
| मकर | 03.39 बजे से |
| कुंभ | 05.25 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 61 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 21.03 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 09.00 बजे को समाप्त।
**योग** शुभ 12.39 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 10.36 बजे तदनन्तर गर 21.03 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 12'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872271
**जूलियन दिन** 2460736.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 01

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 | से | 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 | से | 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 | से | 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 | से | 10.18 बजे तक | चर | 08.41 | से | 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 | से | 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 | से | 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | काल | 11.46 | से | 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 | से | 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 | से | 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 | से | 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 | से | 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 | से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### ऑटो और बाइक की टक्कर में दो की मौत चार घायल

गोड्डा : जिले के बलबड्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत मड़पा गांव के पास बाइक और ऑटो की टक्कर के बाद शनिवार की सुबह में दो युवक की मौत हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल का इलाज चल रहा है। स्थानीय लोगों के प्रयास से सभी को मेहरमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। जहां ऑन ड्यूटी डाक्टर महमूद आलम ने दो युवक को मृत घोषित कर दिया। बाद में उसकी पहचान कोंकरा गांव के संतोष दास (24) तथा प्रतापपुर गांव के मंगल राम (24) के रूप में हुई। गंभीर रूप से घायलों में प्रतापपुर राकेश कुमार ( 22) तथा माला देवी (45) को बेहतर इलाज के लिए कर्मचारी जिला मुख्यालय से सदर अस्पताल तथा जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मायागंज भागलपुर रेफर कर दिया गया। वहीं देवली देवी (32) और बुगो देवी (41 )को उपचार के पश्चात घर भेज दिया । बताया जाता है कि ऑटो और बाइक पर सवार लोग मधुरा में दंगल मेला देखकर वापस लौट रहे थे। तभी रास्ते में हादसा हो गई। थाना प्रभारी अमित मार्की ने बताया कि ऑटो को जब्त कर लिया गया है। साथ ही दोनों युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### प्रशिक्षण संस्थान में वेबीनार का हुआ आयोजन

लोहरदगा : लोहरदगा के आरसेटी कार्यालय में शनिवार को बजट 2025-26 घोषणाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर बजट के बाद वेबिनार आयोजित किया गया। उद्घाटन भाषण प्रधान मंत्री के जरिये दिया गया और कृषि और किसान कल्याण विभाग के विभिन्न विभागों के सचिवों की अध्यक्षता में किया गया। इस वेबिनार का सीधा प्रसारण ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान लोहरदगा में किया गया। प्रतिभागियों में बैंको के प्रतिनिधि, अग्रणी जिला प्रबंधक, निदेशक, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, डीडीएम नाबार्ड और लोहरदगा जिले के किसान शामिल थे। आर्थिक सर्वेक्षण 2024 में भी बताया गया है कि 31 मार्च 2024 तक 7.75 करोड़ किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी खाते हैं। अल्पकालिक ऋण जरूरतों को पूरा करके केसीसी योजना ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केसीसी-संशोधित ब्याज अनुदान योजना किसानों को चार प्रतिशत की प्रभावी रियायती ब्याज दर पर ऋण दे रही है।

### चांद का हुआ दीदार शुरू हुआ रमजान का पाक महीना

रामगढ़ : चांद का दीदार होने के बाद रमजान का पाक महीना शुरू हो गया है। रामगढ़ जिले में शनिवार के शाम लोगों ने चांद देखा। रमजान इस्लामी चंद्र कैलेंडर का नौवां महीना है, जो शाबान के बाद आता है। यह इस्लाम धर्म के लोगों के लिए बहुत महत्व रखता है। इस पवित्र महीने के दौरान, मुसलमान 30 दिनों तक रोजा रखते हैं। रमजान के दौरान रोजा रखना जरूरी माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दौरान सूर्योदय से सूर्यास्त तक कुछ भी खाया-पीया नहीं जाता है। साथ ही तामसिक चीजों से दूरी रखी जाती है। यह पवित्र अवधि कुरान पढ़ने, नमाज अदा करने और अच्छे कर्म करने पर जोर देती है। इस्लाम में रमजान को एक पवित्र महीना माना जाता है, जो ईश्वरीय दया और आध्यात्मिकता का प्रतीक है। इस्लामिक मान्यताओं के अनुसार, इसी पवित्र महीने के दौरान पैगंबर मुहम्मद को अल्लाह से कुरान की आयतें मिली थीं।

# आरपीएफ ने 2.5 लाख रुपये की विदेशी शराब की बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 से 13,650 - रुपये लावारिस हालत में मिले। ट्रेन संख्या 15658 अप का बरहरवा शनिवार को गुप्त सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 15658 यूपी बाराम्पुत्र मेल द्वारा भारी मात्रा में विदेशी शराब अवैध रूप से ले जाई जा रही है। मामले की जानकारी आईपीएफ/ आरपीएफ पोस्ट एनएफके के साथ-साथ आईपीएफ/ आरपीएफ पोस्ट बरहरवा, प्राणेश कुमार, पुत्र स्वर्गीय रामदेव तिवारी, जो आरपीएफ पोस्ट एनएफके मालदा डिवीजन ईआर के अंतर्गत एएसआई आरपीएफ ओपी केटीजे के रूप में तैनात हैं, अब सीपीडीएस एमएलडीटी के रूप में काम कर रहे हैं, को सहायता प्रदान करने के लिए ट्रेन की सूचना दी गई। आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ट्रेन संख्या 15658 अप के अंदर गहन तलाशी शुरू कर दी, जबकि उक्त ट्रेन बरहरवा रेलवे स्टेशन से रवाना हो चुकी थी। सीपीडीएस/ मालदा-ए टीम के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने कांस्टेबल बरुण कुमार यादव, कांस्टेबल कुमार प्रलयंकर के साथ एसआई एलबीमांगी और एएसआई सुरेश पासवान, दोनों आरपीएफ पोस्ट बरहरवा के साथ बरहरवा के प्लेटफार्म नंबर-1 रेलवे स्टेशन पर संयुक्त रूप से छापेमारी और तलाशी के दौरान पीएफ-1 एनएफके छोर पर छापा मारने वाले दल की ओर से अवैध शराब के मालिक का पता लगाने की पूरी कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसलिए सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करने के बाद, बोरियों को खोला गया और पाया कि उसके अंदर ऑफिसर चॉइस व्हिस्की शराब थी। 105 नग ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की मात्रा 180 मिली प्रत्येक, मूल्य 130 रुपये प्रत्येक, कुल मूल्य 13,650/- रुपये, 01 काले रंग की बोरी हैंड बैग में रखा गया था। मौके पर बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 01, एनएफके छोर पर, 06.40 बजे से 07.15 बजे तक, बीएनएसएस' 2023 में निर्धारित प्रावधान के अनुसार उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में, 13,650/- रुपये मूल्य की उपरोक्त शराब से भरा एक नग बोरा हैंड बैग जब्त किया गया। कई बार बुलाए जाने के बावजूद कोई भी स्वतंत्र गवाह जब्ती गवाह बनने के लिए आगे नहीं आया। इसके बाद, जब्त शराब को जब्ती सूची के अनुसार आरपीएफ पोस्ट बरहरवा में रखा जाएगा और इसके निपटान के लिए आवश्यक कानूनी कदम उठाने हेतु उत्पाद विभाग साहिबगंज को सूचित किया जाएगा।

# महाराजपुर मोती झरना में मारपीट में एक पक्ष के चार घायल, दोनो पक्ष ने दर्ज कराया केस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर मोती झरना गांव में बीते शुक्रवार की रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। कुछ देर के लिए मोती झरना रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। दोनो तरफ से लाठी-डंडा व सरिया खूब चला। मारपीट में एक ही पक्ष के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज सदर अस्पताल साहिबगंज में चल रहा है। घायलों में मों.जाफर (25) वर्षीय, मों. इंजमामुल हक (20) वर्षीय, शेख इब्राहिम (38) वर्षीय व शेख तालीम (26) वर्षीय शामिल है। घायल इंजमामुल हक ने तालझारी थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। तालझारी थाना पुलिस के दिए गए आवेदन में घायल इंजमामुल हक ने बताया है कि वे बीते 28 फरवरी की शाम 7:30 बजे काम करके अपने घर जा रहा था। तभी डाकबंगला गली के पास गांव के शेख सद्दाम, शेख शरीफ, शेख टिंकू, शेख इस्तेखार, शेख उम्मर, परया बीबी आदि ने उन्हें रोककर गाली गलौज करने लगे और बोला कि तुमको जान से मार देंगे। इतने में सद्दाम और शरीफ अपने हाथ में सरिया लेकर आया और उसके सिर में मार दिया। इससे उसका सिर फट गया। हो हल्ला सुनकर उनके भाई जाफर, चाचा शेख इब्राहिम, शेख तालीम आए तो उनको भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। इधर, दूसरे पक्ष की सबीना बीबी ने भी चारो घायल समेत नौ लोगों के खिलाफ उनके कपड़ा दुकान में आकर मारपीट करने, 10 हजार रूपए छीन लेने आदि आरोपों में केस दर्ज कराया है। इधर, तालझारी थाना पुलिस ने बताया कि दोनो पक्ष के आवेदन पर दो अलग-अलग केस दर्ज कर पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

### एनटीपीसी परिसर में लगी आग

**चतरा :** टंडवा स्थित एनटीपीसी के नॉर्थ करणपुरा परियोजना के एश पॉन्ड एरिया में शनिवार को अचानक आग धधक उठी। इससे वहां अफरा तफरी मच गई। इसकी सूचना पर परियोजना के अधिकारियों का दल आग लगे एरिया पहुंचे। इससे पूर्व सीआईएसएफ के अग्नि शमन दस्ता ने आग पर काबू पाया। अधिकारियों ने आग से किसी प्रकार की क्षति होने से इनकार किया है। बताया कि एश पौन्ड के किनारे उगे झाडियों में आग लगी। उस पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता चल नहीं पाया। बताया गया कि आग लगे स्थान से कुछ ही दूरी पर कोल डम्प और यार्ड होने से बडी क्षति होने का आशंका जताई जा रही थी। एनटीपीसी के पावर प्लांट से बाहर फ्लाईं एश एरिया में अचानक आग लगने से पूरे प्लांट क्षेत्र में धुआं का गुब्बार फैल गया। अधिकारियों ने आग वाले क्षेत्र का निरीक्षण किया।

## विधायक ने स्कूली बच्चों के बीच किया साईकिल का वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड परिसर में शनिवार को झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के द्वारा संचालित उन्नति का पहिया योजना के तहत माधवपुर सआरसी अंतर्गत आने वाले मध्य विद्यालय माधवपुर, उ मध्य विद्यालय पोखरिया, उ मध्य विद्यालय बड़ा चिड़का विद्यालयों के 150 छात्र छात्राओं के बीच विधायक मंगल कालिंदी के हाथों से साईकिल वितरण किया गया। विधायक ने छात्रों से मिलकर पढ़ाई के विषय में चर्चा की। उन्होंने कहा छात्र छात्राएं नियमित स्कूल पहुंचे इसके लिए वर्ग आठ के सभी बच्चो को साइकिल उपलब्ध कराया जा रहा। इस दौरान विधायक मंगल कालिंदी, बीडीओ किकू महतो, सीओ रंजीत रंजन, प्रमुख ललिता सिंह, अंगद सिंह, काजल सिंह, शिव शंकर महतो, महापदो सिंह, चंद्र केतु, विश्वनाथ तंतुवाई, मनोज रजक, शंभु मांडी, लील मोहन सोरेन, सुधीर सोरेन सहित कई झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संगठन सर्वोपरि, पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ : मो मारूफ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के राजमहल नगर एवं प्रखंड कमेटी के साथ-साथ पंचायत एवं नगर के वार्ड अध्यक्ष सचिव का सम्मान समारोह शनिवार को स्थलीय निरीक्षण भवन में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू व जिला संयोजक मंडली के सदस्य अब्दुल बारिक शेख शामिल हुए। राजमहल प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल, नगर अध्यक्ष मो अजहरुद्दीन उर्फ आजाद, नगर सचिव स्मित चौरसिया सहित नगर क्षेत्र के 14 वार्ड के वार्ड अध्यक्ष एवं सचिव, प्रखंड के 23 पंचायत के अध्यक्ष सचिव समारोह में शामिल हुए। सभी को फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता संगठन की रीढ है। कार्यकर्ताओं के मजबूती से ही पार्टी मजबूत होती है और संगठन सर्वोपरि है। सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन के कार्यकर्ताओं के माध्यम से पहुंचने का कार्य हम सभी पार्टी कार्यकर्ता करेंगे। जिला संयोजक मंडली के सदस्य ने कहा कि पद के माध्यम से संगठन का संचालन करना एक प्रक्रिया है लेकिन संगठन की दृष्टि में एक-एक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है इसलिए एक मत होकर एकजुट होकर संगठन के कार्यों को मजबूती से निष्पादन करना है। मौके पर मो केताबुददीन शेख, विकास यादव, मो हेना, अब्दुल कादिर, बासुदेव मंडल, रमजान शेख सहित अन्य मौजूद थे।

# डीसी ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा रोजगार एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती ने पगार पहाड़, बालको पहाड़ और भतभंगा पहाड़ का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ प्राप्ति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है या नहीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवासों की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही विरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत किए गए पौधारोपण कार्य एवं विरसा आवास योजना के लाभुकों से मिलकर फीडबैक लिया।

**आंगनबाड़ी भवन नहीं होने पर जताई नाराजगी**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पाया कि पहाड़ों के गांवों में आंगनबाड़ी भवन का अभाव है। आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि वह अपने निजी आवास में आंगनबाड़ी केंद्र चला रही हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर उपायुक्त ने तत्काल आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

**स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा**

उपायुक्त ने ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहाड़ों पर बसे गांवों के महिलाओं एवं पुरुषों को मशरूम उत्पादन और बांस के हेड़ी क्राफ्ट की ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**ग्रामीणों से किया संवाद**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और सभी को इनका लाभ मिलना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपालपुल के बड़े नाला से मिला एक अधेड़ व्यक्ति का शव

**साहिबगंज:** शहर के गोपालपुल के नीचे बड़े नाला से शनिवार की सुबह नगर थाना पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव का शिनाख्त भरतिया कॉलोनी के कालाधर झा के पुत्र दिलीप झा (55) वर्षीय के रूप में किया गया है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। नगर थाना पुलिस के अनुसार युवक के सिर में चोट के निशान है। सुबह ही स्थानीय लोगों ने नाले में औंधे मुंह गिरा एक शव को देखा और नगर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता व पुअनि प्रवीण प्रभाकर दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन की। पुलिस को प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक प्रतिदिन शराब का सेवन करता था। पुलिस प्रथम द्दष्या उम्मीद जता रही है कि युवक पुल से शराब के नशे में गिर गया होगा। औंधे मुंह गिरने से सिर में चोट लगने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है। लेकिन मामला पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। मृतक के पुत्र सुमित झा ने बताया कि उनके पिता रात में घर नहीं आए, तो उन लोगों ने खोजबीन की। सुबह पता चला कि एक शव गोपालपुल में गिरा हुआ है। आकर देखा तो शव उनके पिता की थी। इधर, पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### कई युवकों ने बुजुर्ग को घर में घुसकर मारा, घायल

**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बुजुर्ग को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबाड़ी छोटा पंचगढ़ निवासी राजकुमार साह उम्र 60 वर्षीय, पिता हरे राम साह, से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि अपने दरवाजे के मैन गेट पर खड़ा था, इतने में शराब के नशे में मोटरसाइकिल सवार धक्का मार दिया। धक्का मारने के उपरांत मोटरसाइकिल सवार को बुजुर्ग से बोले जाने पर कि नशे की हालत में अच्छा से मोटरसाइकिल चलाओ। इतना बोलते ही नशे की हालत में मोबाइल से फोन करके कुछ युवक को बुलाकर घर में घुसकर बुजुर्ग राजकुमार साह के साथ मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। घायल बुजुर्ग ने बताया कि एक हीरा ड्राइवर का पुत्र अजय कुमार और दूसरा युवक का पिता का नाम विद्यासागर यादव है। और सभी का नाम से परिचित नहीं है लेकिन चेहरा से सभी को पहचानते हैं। जहां घायल बुजुर्ग जिरवाबाड़ी थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज की शिकायत दर्ज करने के उपरांत थाना ने इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज भेज दिया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने घायल बुजुर्ग का इलाज किया। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### वित्तिय साक्षरता सह जागरूकता अभियान चलाया



**बरहरवा:** झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी बरहरवा और भारतीय स्टेट बैंक कोटालपोखर के संयुक्त तत्त्वाधान में कोटालपोखर संकुल संघ के कार्यालय में शुक्रवार को वित्तिय साक्षरता सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर उपस्थित भारतीय स्टेट बैंक कोटालपोखर के शाखा प्रबंधक इंद्रजीत कुमार ने कार्यक्रम में मुख्यतया वित्तिय जागरूकता से सम्बंधित विस्तृत जानकारी उपस्थित सखी मंडल की सदस्यों को दी। इस जागरूकता अभियान में बैंक ऋण, बचत खाता खुलवाना, समय मे लेनदेन, बीमा क्लेम सेटलेमेंट, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, ऋण वापसी, ग्राहक सेवा केंद्र तथा सरकार के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओ पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बीपीएम फैज आलम के द्वारा बताया गया कि इस तरह का वित्तिय जागरूकता कार्यक्रम जेएसएलपीएस के द्वारा बैंकों के शाखा प्रबंधक के साथ परस्पर सामंजस्य स्थापित करके निरंतर करवाया जाता है ताकि महिलाएं जागरूक होकर बैंको के द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सके। आज के कार्यक्रम में बैंक सखी सुरुजमुनी किस्कू, सामुदायिक सम्यवक दुलर मरांडी, जेंडर सीआरपी नंदिता देवी, सक्रिय महिला अनिता देवी सहित तथा दर्जनों सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थी।

### स्वास्थ्य विभाग की ओर से घर-घर जाकर फाइलेरिया की दवा खिलाई



**साहिबगंज/बोरियो :** 1 मार्च को सिविल सर्जन के आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के अंतर्गत बड़ा मदनशाही में डॉञ्च सत्ती बाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार के नेतृत्व में गठित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो एवं सदर प्रखंड के पारामेडिकल कर्मियों दल के द्वारा मदनशाही के विभिन्न गली मोहल्ले में एमडीए कार्यक्रम के तहत उपस्थित सभी लोगों को एमडीए का दवा अपने सामने में खिलाया गया। साथ ही गाँव में उपस्थित सभी लोगों को फाइलेरिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई एवं लोगों को एमडीए कार्यक्रम में दवा खाने के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही डॉञ्च सत्ती बाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार, डॉञ्च विवेक भारती चिकित्सा पदाधिकारी, अभिषेक कात्यायन पिरामल स्वास्थ्य के द्वारा कुछ दवा खाने से इनकार किए गए लोगों को समझा बुझा कर अपने सामने में दवा खिलाई गई। साथ ही सभी लोगों को गर्भवती महिलाओ,1 वर्ष से कम उम्र के बच्चे एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को छोड़ कर सभी लक्षित जन-समुदाय को दवा सेवन करने को कहा गया। विदित हो की मदनशाही गाँव में 11 फरवरी को विद्यालय में दवा खिलाने के बाद कुछ बच्चों में प्रतिकूल प्रभाव हो जाने से पुरे गाँव दवा खाने से इनकार कर दिए थे, लेकिन जिले से डॉञ्च सत्ती बाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार, अभिषेक कात्यायन पिरामल स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो की टीम ने काफी मसक्कत के बाद दिनांक 28 फरवरी 2025 को मदनशाही के कुछ गणमान्य व्यक्तियों, मस्जिद में मौलवी, मौलाना एवं ग्रामीणों के बीच बैठक कर एवं समझा बुझा कर लोगों को एमडीए कार्यक्रम के प्रति जागरूक किया गया और एमडीए कार्यक्रम में सभी लक्षित जन समुदाय को दवा खाने की अपील की गई। मौके पर मनोहर पंडित एमटीएस, कोमल गुप्ता पिरामल स्वास्थ्य, एडवर्ड सोरेन सीएचओ, पूजा कुमारी एएनएम, मनीष कुमार फार्मासिस्ट, विनोद कुमार सिंह, जहांगीर दौला, बिमल ओझा, इनामूल हक, कालाधर प्रसाद, मकसूद आलम, नासिर हुसैन, राजहंस सिंह एमपीडब्ल्यू, गीता कुमारी सहिया साथी, अनिदा खातून सहिया, तारा बेगम सेविका आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# देशभर में न्यू डिजायर को मिल रहा बेहतर रिस्पांस



**नई दिल्ली ।** देश भर में न्यू डिजायर कार को बेहतर रिस्पांस मिल रहा है। साल 2025 का जनवरी महीना सेडान कार सेगमेंट के लिए उतना अच्छा नहीं रहा, जितना हैचबैक और एसयूवी सेगमेंट के लिए रहा, लेकिन नई होंडा अमेज और स्कोडा स्लाविया के साथ ही मारुति सुजुकी सिआज जैसी गाड़ियों ने सेडान सेगमेंट को जिंदा रखा।

हालांकि, सेगमेंट में टॉप पोजिशन पर हमेशा की तरह मारुति सुजुकी डिजायर रही। ऑल न्यू डिजायर लॉन्चिंग के बाद से ही भारतीयों को दीवाना बना रहा है और इसकी 5 स्टार सेफ्टी पर ग्राहक दिल लुटा रहे हैं। हालांकि, सालाना रूप से डिजायर की बिक्री में बीते जनवरी में 8 फीसदी की गिरावट देखी गई और इसे 15,383 ग्राहकों ने खरीदा। बीते जनवरी 2025 की टॉप 10 सेडान कारों की बिक्री के आंकड़े देखें तो मारुति सुजुकी डिजायर की बादशाहत के बाद हुंडई ऑरा दूसरे स्थान पर रही और इसे 5388 ग्राहकों ने खरीदा। ऑरा की बिक्री में 2 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। तीसरे स्थान पर रही नई होंडा अमेज की बिक्री में करीब 21 फीसदी की तेजी बीते महीने दिखी है। चौथे स्थान पर रही फॉक्सवैगन वर्टस की बिक्री में करीब साढ़े चार फीसदी की कमी सालाना रूप से दिखी है। 5वें स्थान पर स्कोडा स्लाविया रही और इसकी बिक्री में 21 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी सालाना तौर पर दिखी है।

होंडा सिटी की बिक्री में 34 फीसदी और 10वें स्थान पर रही टोयोटा कैमरी की बिक्री में करीब 37 फीसदी की गिरावट सालाना रूप से पिछले महीने दिखी है। आइए, अब आपको जनवरी 2025 की टॉप 10 सेडान कारों की सेल्स रिपोर्ट आंकड़ों के माध्यम से बताते हैं।बीते जनवरी में टाटा टिगोर के पेट्रोल, सीएनजी और इलेक्ट्रिक मॉडल की कुल मिलाकर 1484 यूनिट बिकी और यह करीब 4 फीसदी की सालाना गिरावट के साथ है। इसके बाद हुंडई वरना की बिक्री में 32 फीसदी की गिरावट आई है। इन सबके बीच मारुति सुजुकी सिआज की बिक्री बीते महीने सालाना तौर पर 111 फीसदी बढ़ गई।

# कॉमेट ब्लैक्सॉर्म एडिशन लॉन्च

**नईदिल्ली ।** कार बनाने वाली कंपनी जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ब्लैकसॉर्म एडिशन को लॉन्च किया है। आप इसे 11,000 रुपये की टोकन राशि देकर अपने नजदीकी एमजी डीलरशिप से बुक कर सकते हैं। इसकी एक्स शोरूम प्राइस 7.80 लाख है और इसे 2.5 रुपये प्रति किलोमीटर बैटरी रेंटल सर्विस के साथ पेश किया गया है, जिससे यह कॉमेट ईवी का टॉप वेरिएंट बन जाता है। बता दें कि इसमें स्टाइलिश स्टारी ब्लैक एक्सटीरियर के साथ ही इंटीरियर में रेड एक्सेंट और प्रीमियम लेदरेट सीट्स दिए गए हैं। ब्लैक फिनिश्ड कॉमेट ईवी नेमप्लेट और इंटरनेट इनसाइट लोगो इसे देखने में और आकर्षक बनाता है। बाद बाकी इसमें एक्सक्लूसिव एक्सेसरी पैक भी ऑफर किया जा रहा है, जिसमें बैज, व्हील कवर, हुड ब्रैंडिंग और स्किड प्लेट्स को बेहतर बनाने की सुविधा मिलता है। एमजी कॉमेट ईवी ब्लैकस्टॉर्म एडिशन में 17.4 केडब्ल्यूएच का बैटरी पैक दिया गया है, जो कि सिंगल चार्ज में 230 किलोमीटर की अराई-सर्टिफाइड रेंज देने में सक्षम है। इस किफायती सिटी सेंट्रिक स्मॉल इलेक्ट्रिक कार को फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ पेश किया गया है, जिससे अब चार्जिंग में कोई परेशानी नहीं होगी। बाद बाकी इसमें 4-स्पीकर साउंड सिस्टम, बड़ी स्क्रीन समेत काफी सारे स्मार्ट और सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं। इसकी 2.5 प्रति किमी बैटरी रेंटल सर्विस के साथ एक्स शोरूम प्राइस 4.99 लाख रुपये से शुरू होती है। ऐसे में जो लोग एक स्टाइलिश, किफायती और स्मार्ट इलेक्ट्रिक कार लेना चाहते हैं, उनके लिए एमजी कॉमेट और इसका ब्लैकसॉर्म एडिशन अच्छे विकल्प के रूप में है। बता दें कि जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया को भारत में शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। साल 2024 में इसकी बिक्री 29 फीसदी बढ़ी, जिससे यह भारत के शहरी इलाकों में सबसे पसंदीदा ईवी में से एक बन गई है।

# टेस्ला सेल्स, सर्विस और सपोर्ट नेटवर्क पर दे रही है जोर




**नई दिल्ली ।** बीते दिनों खबर आई कि अमेरिका के मशहूर उद्योग पति एलन मस्क की कंपनी टेस्ला ने भारत में हायरिंग शुरू की है। अब एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि कंपनी सेल्स, सर्विस और सपोर्ट नेटवर्क पर जोर दे रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला भारत में जोर-शोर से लोगों को नौकरी पर रख रही है। यह कंपनी की भारत में अपनी जगह पक्की करने की रणनीति का हिस्सा है। टेस्ला ने मुंबई और पुणे में 15 लोगों की नियुक्ति की है। इससे पता चलता है कि कंपनी एक मजबूत आधार तैयार करना चाहती है। ग्लोबल डेटा की रिपोर्ट बताती है कि टेस्ला भारत के ईवी मार्केट में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहती है। भारत में भर्तियां शुरू करना इसी बात का संकेत है। टेस्ला चार्जिंग, इंजीनियरिंग, आईटी, वीइकल सर्विस, सेल्स, कस्टमर सपोर्ट और दूसरे सेक्टर में लोगों को नौकरी पर रख रही है। लंबे समय से सुनने को मिल रहा है कि टेस्ला कारें जल्द ही भारत में लॉन्च होंगी, लेकिन बीते दिनों से जिस तरह से इस मामले में डेवलपमेंट सामने आए हैं, इससे पता चलता है कि इस बार टेस्ला कुछ ज्यादा ही सीरियस है और अमेरिका में पीएम नरेंद्र मोदी और टेस्ला के मालिक एलन मस्क की मुलाकात का असर हुआ है। बता दें कि टेस्ला कस्टमर सर्विस पर भी खास ध्यान दे रही है। कंपनी सर्विस एडवाइजर और पार्ट्स एडवाइजर की नियुक्ति कर रही है। ये लोग ग्राहकों की समस्याएं सुनेंगे, गाड़ियों की सर्विसिंग का ध्यान रखेंगे और ग्राहकों को अच्छा अनुभव देंगे। मतलब साफ है कि टेस्ला भारतीय ग्राहकों के सामने ऐसी इमेज बनाने की तैयारी में है कि उसकी कार खरीदने पर आफ्टर सेल्स सर्विस का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

मीडिया रिपोर्ट्स में टेस्ला के नए शोरूम खोलने की भी चर्चा है। यह भी कंपनी की भारत में पैर जमाने की रणनीति का हिस्सा है। यहां बता दें कि टेस्ला इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। कंपनी अपनी बेहतरीन तकनीक और डिजाइन के लिए जानी जाती है। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों का बाजार तेजी से बढ़ रहा है और टेस्ला इस बढ़ते बाजार का फायदा उठाना चाहती है। कंपनी की योजना भारत में अपनी कारें बनाना और बेचना है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार, लेकिन चुनौतियां बरकरार!

**- चालू वित्त वर्ष में जीडीपी की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान**

**मुंबई ।** चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रही जो इससे पिछली तिमाही में 5.6 फीसदी (संशोधित) रही थी। हालांकि पिछले आंकड़ों में संशोधन ने अर्थशास्त्रियों को उलझन में डाल दिया है, जिससे आंकड़ों की शुचिता को लेकर चिंता बढ़ गई है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी दूसरे अग्रिम अनुमान में चालू वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.5 फीसदी रहने की बात कही गई है। जनवरी के पहले अग्रिम अनुमान में इसके 6.4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था। चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाही में जीडीपी की औसत वृद्धि दर 6.1 फीसदी रही और पूरे साल के लिए 6.5 फीसदी वृद्धि दर अनुमान को हासिल करने के लिए चौथी तिमाही में वृद्धि दर 7.6 फीसदी रहनी चाहिए। मगर अर्थशास्त्रियों का कहना है कि इतनी वृद्धि दर हासिल करना चुनौतीपूर्ण होगा। वित्त वर्ष 2025 की वृद्धि दर अनुमान के अलावा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2023 के वृद्धि दर अनुमान को 7 फीसदी से संशोधित कर 7.6 फीसदी वित्त वर्ष 2024 के 8.2 फीसदी वृद्धि दर को बढ़ाकर 9.2 फीसदी कर दिया है। वित्त वर्ष 2025 के लिए नॉमिनल जीडीपी 331 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान लगाया गया है, जो 9.9 फीसदी वृद्धि को दर्शाता है। हालांकि पहले अग्रिम अनुमान में इसमें 9.7 फीसदी वृद्धि की बात कही गई थी। इस अनुमान से सरकार को वित्त वर्ष 2025 के लिए संशोधित राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.8 फीसदी तक सीमित रखने में आसानी हो सकती है। हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) में जीडीपी वृद्धि 6.8 फीसदी रहेगी। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधि में थोड़ी वृद्धि हुई है मगर यह अभी भी मामूली बढ़ा है। ऐसे में उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए अप्रैल में रीपो दर में 25 आधार अंक की और कटौती कर सकता है। दिसंबर तिमाही में कृषि क्षेत्र में 5.6 फीसदी की शानदार वृद्धि देखी गई। विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती बनी हुई है और इस क्षेत्र में केवल 3.5 फीसदी की वृद्धि हुई। निर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 7 फीसदी रह गई, जो सितंबर तिमाही में 8.7 फीसदी थी।

# इस सप्ताह 1,036 रुपए सस्ता हुआ सोना, चांदी भी 3,667 रुपए फिसली



**नई दिल्ली ।** देश भर में इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 22 फरवरी को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 86,092 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 1 मार्च को घटकर 85,056 रुपए हो गया। इस हफ्ते सोने के दाम में 1,036 रुपए की गिरावट दर्ज की गई है। चांदी की कीमतों में भी बड़ी गिरावट देखी गई है। पिछले शनिवार को चांदी 97,147 रुपए प्रति किलो थी, जो अब 3,667 रुपए घटकर 93,480 रुपए प्रति किलो पर आ गई है। चांदी ने 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो के सार्वजे निक स्तर को छुआ था। वहीं दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,550 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,770 रुपए, मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,620 रुपए, कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 79,400 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 86,620 रुपए और चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 79,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 86,620 रुपए है। वहीं इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 8,894 रुपए बढ़कर 85,056 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 7,463 रुपए बढ़कर 93,480 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

## शेयर बाजार में एफआईआईएस ने जोरदार बिकवाली की

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआईएस) ने जोरदार बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआईएस) ने मजबूत लिवाली जारी रखी। एफआईआईएस की बिकवाली का असर बाजार पर साफ दिखा, क्योंकि उन्होंने कुल 50,878.46 करोड़ रुपए के शेयर बेचे और सिर्फ 39,239.44 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे, जिससे उनकी शुद्ध बिकवाली 11,639.02 करोड़ रुपए रही। दूसरी ओर डीआईआईएस की लगातार खरीदारी ने बाजार को समर्थन देने का काम किया। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार में भरोसा दिखाते हुए कुल 28,065.55 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 15,756.92 करोड़ के शेयर बेचे। नतीजतन, उनकी शुद्ध खरीदारी 12,308.63 करोड़ रुपए रही। एफआईआईएस की भारी बिकवाली से बाजार में दबाव बना हुआ है, जबकि डीआईआईएस की मजबूत खरीदारी ने कुछ हद तक बाजार को संभालने में मदद की। निवेशक अब आगे की दिशा के लिए वैश्विक संकेतों और घरेलू आर्थिक कारकों पर नजर बनाए हुए हैं।





## माइक्रोसॉफ्ट ने स्काइप सेवा को बंद करने का किया ऐलान

**न्यूयॉर्क ।** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने स्काइप वीडियो कॉलिंग सेवा को बंद करने का फैसला लिया है। इस सेवा को उसने 2011 में 8.5 अरब डॉलर में खरीदा था। मई में स्काइप की सेवा बंद हो जाएगी और उसकी कुछ सेवाएं माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर स्थानांतरित की जाएंगी। माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि स्काइप उपयोगकर्ता टीम्स में अपने खाते से लॉग इन कर सकेंगे। वर्षों से स्काइप को टीम्स की तुलना में प्राथमिकता दी गई थी। स्काइप ने उपयोगकर्ताओं के लिए ऑडियो और वीडियो कॉलिंग के लिए एक सुविधाजनक प्लेटफॉर्म प्रदान किया था। यह आगंतुकों की जरूरतों को समझते हुए उन्हें ऑनलाइन संचार के लिए एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प प्रदान करता था। स्काइप के बंद होने का निर्णय तकनीकी दिग्गज की अपने मुख्य संचार एप्लीकेशन को सुव्यवस्थित करने की इच्छा को दर्शाता है और उसकी साथी प्रोडक्ट्स, जैसे कि टीम्स, को उन्हें बेहतर सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी। इप 003 में स्थापित हुई थी और वीओआईपी तकनीक पर निर्भर थी, जो ऑडियो को ऑनलाइन प्रसारित डिजिटल सिग्नल में परिवर्तित करता है। इससे पहले ईबे द्वारा 2005 में खरीदी गई थी।

## भारतीय उद्योग जगत में स्टार्टअप कर रहे धमाल

**मुंबई ।** हाल ही में लंबे समय तक रकम की कमी और यूनिकॉर्न की संख्या में कमी के बावजूद, भारतीय उद्योग जगत स्टार्टअप की वृद्धि के को लेकर दृढ़ भाव निहित है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म मैजिकपिन के सीईओ ने कहा कि पूंजी अपना रास्ता मूल्य सृजन की दिशा में खोज लेती है। इसमें झटके और कुछ उतार-चढ़ाव हो सकते हैं, लेकिन भारत में स्टार्टअप के नजरिए से हम स्वर्णिम युग में हैं। प्रौद्योगिकी के लिए जिस तरह की स्वीकृति और चाह है, साथ ही ऑपरेटरों और टीमों के भीतर समाधान तैयार करने की जो क्षमताएं हैं, वे अभूतपूर्व है। पूंजी रिटर्न की तलाश में है। यही वजह है कि भारत में मल्टीपल इस तरह का है। एक मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म के अनुसार 2025 में फरवरी तक इक्विटी फंडिंग के 235 दौर में 1.33 अरब डॉलर जुटाए जा चुके हैं। पिछले साल इसी अवधि में देश में 497 दौर में 2.46 अरब डॉलर जुटाए गए थे। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्नैपडील के सीईओ ने कहा कि कंपनियों की वृद्धि का सही मापदंड यूनिकॉर्न नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह सही संदर्भ नहीं है।

## केंद्र सरकार का 2025-26 के लिए गेहूं खरीद का 3.1 करोड़ टन लक्ष्य



**नई दिल्ली ।** भारत सरकार ने अप्रैल से शुरू होने वाले 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए गेहूं, धान और मोटे अनाज जैसी रबी फसलों के लिए खरीद लक्ष्य तय किया है। कृषि मंत्रालय के आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस वर्ष 11.5 करोड़ टन गेहूं की उत्पादन की तरक्की के बावजूद, खरीद लक्ष्य थोड़ा कम है। सरकार ने हाल ही में राज्य के खाद्य सचिवों के साथ एक बैठक आयोजित की, जिसमें गेहूं, चावल, और मोटे अनाज की खरीद को लेकर निर्णय लिया गया। इस बैठक के बाद, आने वाले विपणन सत्र के लिए गेहूं, चावल, और मोटे अनाज की खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य भी तय किया गया है, जिसका मान 2,425 रुपये प्रति क्विंटल है। सरकार इसके माध्यम से किसानों को सहायता पहुंचाने का निश्चित करना चाहती है। राज्यों से गेहूं और चावल की खरीद को बढ़ाने के लिए कदम उठाने की भी अपील की गई है। साथ ही, मोटे अनाज की खरीद पर ध्यान केंद्रित करने के लिए भी सरकार का ध्यान है।सरकारी गेहूं की खरीद विपणन सत्र 2024-25 में 2.66 करोड़ टन तक पहुंची, जो कि लक्ष्य के 3 से 3.2 करोड़ टन का है। इसके बावजूद, इस संख्या उस सत्र के लक्ष्य से कम है। बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली और जन पोषण केंद्रों सहित कई अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें विभिन्न राज्यों और संबंधित संगठनों के अधिकारी शामिल थे।


# सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की गिरावट रही

**- सेंसेक्स 1,414 अंक गिरकर 73,198.10 पर बंद**
**- निफ्टी भी 420 अंक गिरकर 22,124.70 पर बंद**




**मुंबई ।** उपभोक्ता मांग में नरमी और टैरिफ खतरों की चिंताओं के बीच अमेरिकी व वैश्विक बाजारों में कमजोरी और वैश्विक बाजारों में जारी बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह साप्ता हिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग तीन फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महाशिवरात्रि के पर्व के अवसर पर बुधवार को शेयर बाजार बंद रहे, इस दिन बीएसई और एनएसई में कारोबार नहीं हुआ। जिसकी वजह से बीते सप्ताह शेयर बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ। सोमवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स लगातार पांचवें सत्र के लिए लाल निशान में खुले। सोमवार को बाजार खुलने के बाद सभी क्षेत्रों में बिकवाली देखी गई। इस दौरान सेंसेक्स 733.86 की गिरावट के साथ 74,577.20 पर खुला और 856.65 की गिरावट के साथ 74,454.41 पर बंद हुआ। निफ्टी 50 222.61 अंक गिरकर 22,573.30 पर खुला और 242.56 अंक फिसलकर 22,553.35 के स्तर पर बंद हुआ। मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स हर निशान के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 117.57 अंक बढ़कर 74,571.98 पर खुला और 147.71 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,602.12 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 31.3 अंक की उछाल के साथ 22,584.65 पर खुला और 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर बंद हुआ। बुधवार को महाशिवरात्रि की छुट्टी के बाद गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 231.97 अंक चढ़कर 74,834.09 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 10.31 अंक की मामूली बढ़त के साथ 74,612.43 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 65.75 अंक मजबूत होकर 22,613.30 पर खुला और 2.50 अंक फिसलकर 22,545.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स 1300 अंकों से अधिक क्रैश होकर 73,276.50 अंक पर खुला और 1,414.33 अंक गिरकर 73,198.10 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी-50 में 400 अंकों का गोता लगाकर 22,138.95 के स्तर पर खुला और 420.35 अंक गिरकर 22,124.70 के स्तर पर बंद हुआ।

## एसयूवी होंडा एलिवेट की 1 लाख यूनिट्स बिकी



**नईदिल्ली ।** होंडा कार्स इंडिया लिमिटेड ने अपनी स्टाइलिश और दमदार एसयूवी होंडा एलिवेट की 1 लाख यूनिट्स बेचने का कारनामा कर दिखाया है। यह उपलब्धि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में एलिवेट की शानदार पॉपुलैरिटी दिखाती है। एलिवेट की मौजूदा एक्स शोरूम प्राइस 11.69 लाख रुपये से शुरू होकर 16.73 लाख रुपये तक जाती है। बता दें कि होंडा एलिवेट को भारतीय बाजार में सितंबर 2023 में लॉन्च किया गया था और तब से अब तक एलिवेट ने भारतीय एसयूवी बाजार में अपनी मजबूत जगह बना ली है। मेड इन इंडिया एसयूवी के रूप में होंडा एलिवेट का उत्पादन राजस्थान के तापुकारा प्लांट में किया जाता है। एलिवेट जापान में एक्सपोर्ट की जाने वाली पहली मेड इन इंडिया होंडा कार है। होंडा एलिवेट की इंडिया और ग्लोबल सेल्स के बारे में बताएं तो जनवरी 2025 तक कंपनी ने भारत में 53,326 यूनिट्स की बिक्री की, जबकि 47,653 यूनिट्स विदेशी बाजार में एक्सपोर्ट की गईं। विदेशी बाजारों में जापान, दक्षिण अफ्रीका, नेपाल और भूटान जैसे देश हैं, जहां होंडा की कारें ज्यादा पॉपुलर हैं।

# 1 मार्च से 6 बड़े बदलाव, वित्तीय लेन- देन और दैनिक जीवन पर पड़ेगा प्रभाव

**यूपीआई के नियम बदले, कमर्शियल गैस सिलेंडर हुआ महंगा**

**नई दिल्ली ।** भारत में 1 मार्च से कई महत्वपूर्ण नियमों में बड़े बदलाव हो गए हैं, जो सीधे आपके वित्तीय लेन-देन और दैनिक जीवन पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह बदलाव एलपीजी सिलेंडर की कीमतों से लेकर यूपीआई के नियमों तक से जुड़े हैं।

एलपीजी सिलेंडर में दाम की बढ़ोत्तरी- तेल कंपनियों ने 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम 6 रुपये तक बढ़ा दिए हैं। अब इस सिलेंडर की कीमत 1803 रुपये हो गई है। कोलकाता और चेन्नई में इन सिलेंडरों के दाम क्रमशः 1913 रुपये और 1965.50 रुपये हो गए हैं। रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

एविएशन टर्बाइन ईंधन की कीमत घटाई- जेट ईंधन की कीमत में 0.23 प्रतिशत की कमी आई है जिससे नई कीमत 95,311.72 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है।

यूपीआई के बीमा प्रीमियम पेमेंट के नियमों में बदलाव- 1 मार्च से यूपीआई में बीमा प्रीमियम पेमेंट को सरल और सुरक्षित बनाने के लिए एक नई सुविधा जोड़ी गई है। बीमा-एएसबी (एप्लिकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक अमाउंट) के जरिए, लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसीहोल्डर अब अपने प्रीमियम पेमेंट के लिए पहले से ही पैसे को ब्लॉक कर सकेंगे। पॉलिसी होल्डर की अनुमति के बाद भुगतान किया जाएगा।

म्यूचुअल फंड और डीमैट खाते में नॉमिनी जोड़ने के नए नियम- अब से म्यूचुअल फंड और डीमैट फोलियो में एक निवेशक अधिकतम 10 नॉमिनी जोड़ सकता है। इसका उद्देश्य निवेशकों की संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन और क्लेम न की जाने वाली संपत्तियों में कमी लाना है।

पीएनबी में अकाउंट बंद करने का नियम- अगर आपके पंजाब नेशनल बैंक में दो साल तक कोई लेन-देन नहीं होता, तो बैंक आपका अकाउंट डी-एक्टिवेट कर सकता है। इस स्थिति से बचने के लिए आपको केवायसी प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इन बदलावों के साथ, नागरिक अपने वित्तीय निवेशों और लेन-देन में सावधानी बरतें ताकि उन्हें किसी प्रकार की समस्या ना हो।

## शेयर बाजार में एफआईआईएस ने जोरदार बिकवाली की

**मुंबई ।** भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआईएस) ने जोरदार बिकवाली की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआईएस) ने मजबूत लिवाली जारी रखी। एफआईआईएस की बिकवाली का असर बाजार पर साफ दिखा, क्योंकि उन्होंने कुल 50,878.46 करोड़ रुपए के शेयर बेचे और सिर्फ 39,239.44 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे, जिससे उनकी शुद्ध बिकवाली 11,639.02 करोड़ रुपए रही। दूसरी ओर डीआईआईएस की लगातार खरीदारी ने बाजार को समर्थन देने का काम किया। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने बाजार में भरोसा दिखाते हुए कुल 28,065.55 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे और 15,756.92 करोड़ के शेयर बेचे। नतीजतन, उनकी शुद्ध खरीदारी 12,308.63 करोड़ रुपए रही। एफआईआईएस की भारी बिकवाली से बाजार में दबाव बना हुआ है, जबकि डीआईआईएस की मजबूत खरीदारी ने कुछ हद तक बाजार को संभालने में मदद की। निवेशक अब आगे की दिशा के लिए वैश्विक संकेतों और घरेलू आर्थिक कारकों पर नजर बनाए हुए हैं।

# ट्रैक्टर ने युवक को रौंदा मौत हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने गाड़ी में लगाई आग

**युवक की मौत पर हंगामा,भीड़ ने ट्रैक्टर जलाया पुलिस पर पथराव दुकानों में भी तोड़फोड़**

**पटना।** जिले के फतुहा में सीमेंट लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए। भीड़ ने दुकानों में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस टीम पर पथराव मृतक की पहचान नोहटा मोहल्ला निवासी शानू कुमार के तौर पर हुई है। घटना क्मटना जिले के फतुहा में शुक्रवार देर रात सीमेंट लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने जमकर हंगामा किया। ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया। चौराहे पर लगे सीसीटीवी कैमरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। कई वाहनों के शीशे तोड़ दिए। भीड़ ने दुकानों में भी तोड़फोड़ की है। पुलिस टीम पर पथराव मृतक की पहचान नोहटा मोहल्ला निवासी शानू कुमार के तौर पर हुई है। घटना की सूचना पर फतुहा डीएसपी निखिल कुमार और एसएचओ रूपक कुमार अंबुज समेत 5 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही भीड़ और भड़क गई। आक्रोशित लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। जिससे





पुलिसकर्मियों को पीछे हटना पड़ा। गुस्साए लोगों ने फतुहा-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात बिगड़ते देख नदी थाना और दीदारगंज थाना से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। भीड़ को काबू करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। भारी संख्या में पुलिस के पहुंचने के बाद स्थिति को नियंत्रण में किया गया। जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को बीच रास्ते से हटाया। बाइक की टक्कर से गिरा युवक प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शानु कुमार बाजार से घर लौट रहा था। जैसे ही वह चौराहा पर पहुंचा, उसे एक बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया, तभी पीछे से आ रहे सीमेंट लदे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। हादसे के तुरंत बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर फतुहा डीएसपी निखिल कुमार और एसएचओ रूपक कुमार अंबुज समेत 5 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम को देखते ही भीड़ और भड़क गई। आक्रोशित लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। जिससे पुलिसकर्मियों को पीछे हटना पड़ा। गुस्साए लोगों ने फतुहा-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। हालात बिगड़ते देख नदी थाना और दीदारगंज थाना से अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान में मचा हड़कंप



**अररिया।** नगर परिषद ने शुक्रवार को थाना चौक से चांदनी चौक तक बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस दौरान फुटकर दुकानदारों में भगदड़ मच गई। दुकानदार अपना सामान लेकर इधर-उधर भागते दिखे। नगर परिषद कर्मियों को सड़क किनारे अवैध दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। कुछ दुकानदारों ने विरोध किया, लेकिन नगर परिषद और पुलिस की सख्ती के आगे उनकी नहीं चली। अभियान में नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी चंद्र प्रकाश राज मौजूद थे। साथ में नगर थाना के पुलिस निरीक्षक ऋषि राज और पुलिस निरीक्षक अराधना कुमारी सहित कई पुलिसकर्मी थे। चंद्र प्रकाश राज ने बताया कि मुख्य चौक-चौराहों पर अवैध अतिक्रमण से आम लोगों को परेशानी होती है। अक्सर जाम की स्थिति बन जाती है। इसी को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नालों पर अतिक्रमण करने वालों से करीब 10 हजार रुपए जुमार्ना भी वसूला गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

अतिक्रमणकारियों को पहले ही माइक से सूचना दी गई थी। अगर वे फिर भी नहीं मानेंगे तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## युवाओं से कहा- संगठित होकर रहना जरूरी है : आगे बहुत बड़ी लड़ाई है

**समस्तीपुर।** जिले के हसनपुर विधानसभा क्षेत्र से राजद विधायक तेज प्रताप यादव मोहिउद्दीन नगर पहुंचे। वह आरजेडी कार्यकर्ता रामहित राय की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने पहुंचे थे। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राजद में ऐसे सिपाही हैं जो किसी भी पद पर नहीं है लेकिन दल के लिए समर्पित हैं। ऐसे लोगों को दल के मुखिया जानते हैं। युवाओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि संगठित होने की जरूरत है आगे बहुत बड़ी लड़ाई है। संविधान पर खतरा है। बिहार में जब राजद सरकार में थी तो बेरोजगारों को नौकरियां दी जा रही थी एक परिवार में एक व्यक्ति को नौकरी लग जाए तो कम से कम पांच लोगों का कल्याण होता है। उन्होंने युवाओं से संगठित होकर



●समस्तीपुर पहुंचे तेज प्रताप यादव
● विधानसभा चुनाव को लेकर अनुमान

रहने का आन किया। उन्होंने कहा कि लोगों को तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जंगल राज बोलने वाले लोगों के सरकार में रोज हत्याएं लूट डकैती, बलात्कार जैसी घटनाएं हो रही है। लोग प्राथमिकी लेकर थाना पहुंचते हैं लेकिन वहां से लोगों को भगा दिया जाता। उनका कोई सुनने वाला नहीं है। इस दौरान उन्होंने लालू राज की याद दिलाते हुए लोगों को कहा कि एक वह भी समय था जब लोग थाना पर जाते थे तो चाय पी कर आते थे और अपना काम भी करवाते थे।

वैसे ही सरकार की पुनः वापसी हो जो आम लोगों का काम आसानी से हो सके। तेजप्रताप यादव के मोहिउद्दीन नगर राजद कार्यकर्ता की श्रद्धांजलि सभा में आने के बाद यह अटकलें लगाई जा रही है कि आगामी विधानसभा चुनाव में तेज प्रताप यादव हसनपुर के बदले मोहिउद्दीन नगर से चुनाव लड़ सकते हैं। स्थानीय रजत कार्यकताओं ने इसकी मांग भी रखी है।

*महाकुंभ का समापन-पहले वीकेंड पर भीड़*

## श्रद्धालु बोले-पहले भीड़ ज्यादा थी, इसलिए आने की हिम्मत नहीं हुई





**बिहार।** महाकुंभ का समापन 26 फरवरी को हो चुका है। समापन के बाद आज पहला वीकेंड है। संगम स्नान वालों की भीड़ ज्यादा है। आज और कल संडे की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने दो मार्च तक कर्मचारियों की ड्यूटी बढ़ा दी है। अब स्नान के लिए आ रहे श्रद्धालुओं का कहना है कि पहले इतनी भीड़ थी तो परिवार और बच्चों के साथ आने की हिम्मत नहीं हुई। अब आसानी से परिवार के साथ आकर स्नान कर रहे हैं। महाकुंभ न आ पाने वालों को सरकार उनके जिले में संगम स्नान कराने की तैयारी में है। इसके लिए शुक्रवार को फायर ब्रिगेड की गाड़ियां संगम का जल लेकर जिलों के लिए रवाना की गईं। महाकुंभ के सेक्टर-16 में किन्नर अखाड़ा के बगल में मुलायम सिंह की मूर्ति लगाई गई थी। इसे अब समाजवादियों ने हटा दिया है। संतों को भोजन कराया और दक्षिणा भी दी शुक्रवार को संगम स्नान करने गए तीन दोस्त नदी में डूब गए। जल पुलिस ने दो को बचा लिया, जबकि एक छात्र की डूबने से मौत हो गई पूरे महाकुंभ में बिजली का खर्च 30 करोड़ रुपए रहा। पावर कॉरपोरेशन ने कुल 180 करोड़ रुपए खर्च किए। यूपी सरकार ने इसके लिए 208 करोड़ रुपए का बजट दिया था। महाकुंभ की दुकानें उखड़ चुकी हैं। पंडाल उखाड़े जा रहे हैं। 15 दिन के विशेष सफाई अभियान चल रहा है। संगम क्षेत्र, घाटों और मेले की स्थायी और अस्थायी सड़कों को साफ किया जा रहा है दिल्ली के भारत मंडपम में NXT कॉन्क्लेव में PM मोदी ने कहा- दुनियाभर के लोग भारत आना चाहते हैं। हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। 26 फरवरी को प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न हुआ। दुनिया इस बात से हैरान है कि कैसे करोड़ों लोग एक नदी तट पर बसे अस्थायी जगह पर पवित्र स्नान करने के लिए आते हैं। दुनिया भारत की संगठन और नवाचार कौशल को देख रही है। दुनिया इस भारत को विस्तार से जानना चाहती है। महाकुंभ के सेक्टर-7 में कल आग लगी थी। हालांकि जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

## रोजगार मेले का हुआ आयोजन 764 आवेदनों में से 303 युवाओं का चयन





**अररिया।** में श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर जिला स्तरीय नियोजन सह व्यवसायिक मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन जिलाधिकारी अनिल कुमार ने अन्य अधिकारियों के साथ किया। जिला प्रशासन ने बताया कि बेरोजगारी की समस्या को देखते हुए सरकार की सात निश्चय योजना के तहत यह मेला आयोजित किया गया। इस मेले के जरिए जिले के हजारों युवाओं को रोजगार मिल चुका है। जिला नियोजन पदाधिकारी कंपनियों और युवाओं के बीच सेतु का काम करते हैं। मेले में कुल 17 कंपनियां शामिल हुईं। रोजगार के लिए 764 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 303 अभ्यर्थियों का चयन मौके पर ही कर लिया गया।

बाकी बचे उम्मीदवारों को साक्षात्कार के बाद नौकरी दी जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि सरकार की 'आपके द्वार' नीति के तहत यह रोजगार मेला आयोजित किया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### दुकान जा रही नाबालिग से दुष्कर्म

**दरभंगा।** में अपराध कम होने का नाम ही नहीं ले रहा है। एक के बाद एक आपराधिक वारदात निकलकर सामने आ रही है। ताजा मामला जिले के भालपट्टी थाना क्षेत्र का है। महिला थाना की पुलिस ने नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म मामले में केस दर्ज होने के तीसरे ही दिन आरोपी को घर से गिरफ्तार कर लिया। दुष्कर्म के आरोपी की पहचान भालपट्टी थाना क्षेत्र के मुरडीह गांव के रहने वाले राम विलास राम के बेटे विमलेश राम के रूप में हुई है।महिला थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि नाबालिग बच्ची की मां की ओर से दिए गए आवेदन में बताया गया है कि उनकी बच्ची 26 नवंबर को घर से कुछ ही दूर दुकान सामान खरीदने जा रही थी। इस दौरान पहले से घात लगाए विमलेश राम उनकी बेटी को जबरदस्ती सुनसान जगह लेकर चला गया। वहां बच्ची को जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक ने नाबालिग को कुछ भी किसी को नहीं बताने की हिदायत देकर उसे और परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। एक घंटे बाद उनकी बेटी जैसे-तैसे घर पहूंच कर घटना की जानकारी दी। घटना के बाद युवक के परिजन को जब जानकारी दी गई, तो उन लोगों ने मानने से इनकार कर दिया और पीड़ित परिवार से झगड़ा करने लगे। इसके बाद 29 नवंबर को पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ की गई, जिसमें वह दोषी पाया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की तहकीकात करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### ससुराल वालों पर विवाहिता की हत्या का आरोप

**दरभंगा।** के कमलपुर बरमोत्तर गांव में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान कमलपुर बरमोतर गांव निवासी गोविंद झा की पत्नी ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। मायके वालों ने ससुराल वालों पर मारपीट और प्रताड़ना का आरोप लगाया है। मामले की जानकारी के बाद पुलिस से मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को दे दिया है। मृतका के भाई राघव कुमार की तरफ से मिले आवेदन के आधार पर केस दर्ज का मामले की छानबीन की जा रही है। घटना के बाद आरोपी पति गोविंद झा सहित सभी पूरा परिवार घर छोड़कर फरार है।मृतका के भाई ने बताया कि उनकी बहन की शादी 10 साल पहले कमलपुर बरमोत्तर निवासी गोविंद झा से हुई थी। कुछ सालों तक सबकुछ ठीक-ठाक चल रहा था। ज्योति को दो बच्चे हुए। 2 महीने पहले ही पारिवारिक कलह की वजह से ज्योति के 8 साल के बेटे की मौत हो गई थी। ज्योति के ससुरालवाले उसके साथ मारपीट और हमेशा प्रताड़ित करते थे। मायके वाले मिलने जाते थे तो मिलने नहीं देते थे। ससुराल के लोग अपमानित करके भगा देते थे। आज भी जब स्थानीय लोगों से मौत की खबर सुनकर ससुराल पहुंचे। ससुराल वाले आंगन में नहीं जाने दे रहे थे। बताया कि रस्सी से गला घोंटकर बहन की हत्या कर दी गई है। आगे बताया कि ज्योति के गले पर रस्सी की निशान दिखाई दे रहा था। ससुरालवालों ने हत्या करके शव को जल्दबाजी में जलाने का प्रयास कर रहे थे।

### तेज हवा के साथ बारिश समस्तीपुर, बेगूसराय समेत 8 जिलों में अलर्ट



**पटना।** पहाड़ी राज्यों में भारी बारिश और बर्फबारी जारी है। इसका असर बिहार में भी देखने को मिल रहा है। शनिवार की सुबह राजधानी में तेज हवा के साथ कई इलाकों में बारिश हुई। वैशाली और समस्तीपुर में भी सुबह-सुबह हल्की बारिश हुई। बेगूसराय और बक्सर में तेज हवाएं चल रही हैं। काले बादल भी छाए हुए हैं। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ ही धूप निकल आई है। मौसम विभाग ने आज वैशाली, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, सहरसा, कटिहार, भागलपुर और मुंगेर में बारिश का अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा आकाशीय बिजली गिरने की भी आशंका है। शुक्रवार को राज्य के अधिकतर इलाकों में पक्षिमी विक्षोभ का प्रभाव देखा गया। शुक्रवार को पक्षिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, कैमूर, औरंगाबाद, गया और नवादा में तेज हवा चली। तेज हवा के साथ एक दो स्थानों पर ठनका गिरने की सूचना है।

### सुपौल में करंट लगने से 2 मजदूरों की मौत



**सुपौल।** में करंट की चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए।घटना पिपरा थाना क्षेत्र के जरौली बलहा गांव की है। मृतकों की पहचान रतौली पंचायत के जरौली वार्ड 16 निवासी सुशील कुमार (25) और वार्ड 14 निवासी श्रीलाल कुमार (26) के रूप में हुई है। घायल मजदूरों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एग्रीकल्चर फीडर के हाईटेंशन तारों को बदलने के दौरान हादसा हुआ। पटना के बाढ़ अनुमंडल में शुक्रवार को पुलिस टीम पर अटैक हुआ है। भदौर थाना की पुलिस पंडारक थाना क्षेत्र के कोंदी गांव के पास मारपीट मामले की जांच करने पहुंची थी। इस दौरान शिकायतकर्ता के ही परिजन ने उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एसआई राजू कुमार (30), राजीव रंजन (30) और सुजीत कुमार (27) घायल हो गए। सभी घायल पुलिसकर्मियों को बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## चेन स्नैचिंग कर भाग रहे बदमाश को भीड़ ने पकड़ा

**जहानाबाद।** रेलवे स्टेशन के पास एक महिला से बाइक सवार तीन बदमाशों ने चेन स्नैचिंग का प्रयास किया। तभी स्थानीय लोगों ने एक को पकड़ लिया, जबकि दो बदमाश मौका पाकर फरार हो गए। बताया गया कि निजामुद्दीन पुर मोहल्ले की एक महिला अपने पति और बेटे के साथ मार्केटिंग करके घर लौट रही थी। इसी दौरान बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने महिला के गले से चेन छीन ली। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। लोगों ने एक बदमाश को पकड़ लिया, जबकि दो बदमाश भागने में सफल रहे। भीड़ ने पकड़े गए बदमाश की जमकर पिटाई की। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और



बदमाश को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। पूछताछ में पता चला कि पकड़ा गया युवक काको थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस फरार हुए दो बदमाशों की तलाश कर रही है। पुलिस का मानना है कि शहर में चेन स्नैचिंग का एक गिरोह सक्रिय है। यह गिरोह यात्रियों पर नजर रखकर वारदात को अंजाम देता है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## 74 साल के हुए सीएम नीतीश:पीएम ने दी बधाई

**पटना में लगा पोस्टर-2025 में फिर से नीतीश तेजस्वी का तंज- 20 साल पुरानी खटारा सरकार क्यों चलेगी**

**बिहार।** के मुख्यमंत्री 74 साल के हो गए हैं। नीतीश कुमार के जन्मदिन को उनकी पार्टी जेडीयू 'सुशासन दिवस' के रूप में मना रही है। पार्टी के कार्यकर्ता पटना के राजवंशी नगर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर जन्मदिन मनाएंगे। पूरे शहर में बधाई संदेश वाला पोस्टर लगाया गया है। जिस पर लिखा है, '2025 फिर से नीतीश कुमार।' इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा समेत कई नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। वहीं, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने 20 साल के काम पर सवाल उठाते हुए तंज कसा है। सोशल मीडिया पर लिखा, 'बिहार में 15 साल पुरानी गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं है, क्योंकि वो ज्यादा धुंधा फेंकती है। प्रदूषण जनता के लिए हानिकारक है। फिर NDA की 20 साल पुरानी जोड़-तोड़, पलटा-पलटी वाली खटारा सरकार क्यों चलेगी? तेजस्वी ने आगे कहा, 'बिहार के युवाओं ने ठान लिया है। अब 20 साल पुरानी खटारा, जर्जर, बीमार और थकी हुई



अविश्वसनीय नीतीश-NDA सरकार को हटाएगी। एक नई सोच, नए विजन, नए जोश और नयी दिशा वाली युवा एवं नौकरी-रोजगार को समर्पित विश्वसनीय जुनूनी सरकार को लाना है। नया बिहार बनाना है। जन्मदिन पर अपने चाचा को बधाई दीजिए। तोहफा दीजिए, बद्दुआ नहीं। तेजस्वी की मानसिक स्थिति इन दिनों गड़बड़ा गई है। बिहार में स्थापित सुशासन और कानून का राज उन्हें नहीं दिख रहा है। जंगल राज के शूरवीरों का कुछ चल नहीं रहा है। इसलिए उनकी बेचैन आत्मा भटक रही है। आप और आपकी पार्टी अपने कारनामों के चलते जनता की नजर में गिर चुकी है। बिहार की जनता विकास की तेज रफ्तार को चाहती




है।20 वर्षों की नीतीश सरकार ने हर टोला-हर गांव में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और पलायन रूपी भयंकर प्रदूषण फैला दिया है। नीतीश-भाजपा सरकार ने दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया। अब यह सरकार बिहारवासियों पर बोझ बन चुकी है।

# बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों में पिछड़ते बच्चे



**पहले संयुक्त परिवारों में जहां बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्वस्थ माहौल व भावनात्मक सहारा मिलता था। वहीं आज उनकी दुनिया सिमटकर टीवी, गैजेट्स व कोचिंग संस्थानों तक हो गई है। एक ओर अकेलापन, अतिव्यस्तता, संवादहीनता, रिश्तों से दूरी, गलाकाट प्रतियोगिताएं, रैंक की चिंता, अच्छा कॉलेज न मिल पाने का भय, जो कि माता-पिता व संस्थानों द्वारा इस कदर दिखाया जाता है कि बच्चा स्वयं को अंक प्राप्त करने वाली मशीन समझने लगता है।**

रैंकिंग की अंधी रेस में हारने वाला बच्चा या तो अपनों द्वारा बेदर्दी से दुत्कार दिया जाता है या वह स्वयं को असफल मान लेता है। ऐसे में बच्चों के संघर्ष करने की ललक कम होती जाती है और उन्हें अवास्तविक सपनों का आसमान भयावह लगने लगता है। बेहतर 'प्रोडक्ट' बनाने की दौड़ में इन बच्चों पर परीक्षाओं का बोझ इस कदर लादा जाता है कि हर वर्ष की परीक्षाएं इन्हें जिंदगी की आखिरी परीक्षा लगती है और अस्थाई सफलता के लिए ये बच्चे झंझावतों से बचने का स्थाई रास्ता खुदकुशी के रूप में अपनाना ज्यादा सरल समझते हैं।

## अभिभावक क्या करें

### सपने देखने की आजादी

बड़ों द्वारा तय किए लक्ष्यों को हासिल करने की दौड़ में बच्चे अक्सर पिछड़ जाते हैं और इस तनाव से बच्चे टूट जाते हैं। इसलिए बच्चों के लक्ष्य तय करने के बजाए उन्हें अपने सपने खुद देखने दें, अपने लिए लक्ष्य उन्हें स्वयं तय करने की आजादी दें। आप उन्हें पूरा करने के लिए भरपूर सहयोग करें तथा उन्हें अपनी दुनिया जीने की आजादी दें।

### संवाद, विश्वास व धैर्य रखें

आप अपने व्यवहार में इतनी कठोरता न लाएं कि बच्चा आपसे अपनी समस्याएं, भावनाएं साझा करने में भी झिझकें। सदैव उन्हें सुनाने की बजाए उनकी बातों को धैर्यपूर्वक सुनें, फिर हौसला दें व सही रास्ते पर आगे बढ़ने के विकल्प सुझाए न कि अपना फैसला उन पर थोपें।

### छोटी-छोटी उपलब्धियों का जश्न मनाएं

अभिभावक, बच्चों का बेहतरीन करियर बनाने की चाह में उन्हें किसी 'बड़ी' सफलता हासिल करने की ओर धकेल देते हैं। इस अंधेरी डगर पर वे उनकी हर छोटी-छोटी खुशी को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि आपको चाहिए कि बच्चों के साथ हर छोटी-छोटी खुशी का जश्न मनाएं, प्रसन्नता जाहिर करें, उनके साथ खुशियां बांटें। असफल होने पर जादू की झप्पी दें। यही छोटी-छोटी बातें उनमें जीवन के प्रति विश्वास जगाकर आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए समर्थ व सजग व्यक्तित्व बनाती हैं।

### योग्यता के अनुरूप अपेक्षाएं

आप बच्चे से उसकी काबिलियत के अनुरूप अपेक्षाएं रखें। करियर के ढेरों विकल्प हैं जिनसे बच्चों को अवगत करवाएं। इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है कि उसने कितना स्कोर किया है। और न ही ये चंद कागज के टुकड़े किसी की सफलता के मापदंड हैं। हमारे सामने ढेरों मिसालें हैं जिनकी औपचारिक डिग्रियां अधूरी रहने के बावजूद उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े हैं। आप उन्हें करियर के तमाम विकल्पों से अवगत करावाएं। सिर्फ प्राप्त अंकों के आधार पर विषय का चयन करने की बजाए बच्चे की रुचि, योग्यता, क्षमता आदि के आधार पर विषय चयन करने में मदद करें। करियर काउंसलिंग करवाएं। गलत विषय का चयन भी बच्चों को आत्मघाती कदम उठाने को मजबूर कर देता है।

### सफलता का पैमाना अंक नहीं

कागजों में दर्ज कुछ परीक्षा के अंक सफलता का पैमाना नहीं है और न ही इससे करियर के अवसर कम होते हैं। जहां चाह होगी वहीं कोई न कोई राह निकल ही आएगी। बस इस बात को दिमाग में रखना जरूरी है कि कोई भी परीक्षा बच्चों की जिंदगी से बड़ी नहीं है।

### पैरेंट्स डायरी

हर कीमत पर बच्चे की मदद को तैयार रहें। उसकी शारीरिक-भावनात्मक स्थिति पर नजर रखें और प्रोफेशनल की मदद लेने को भी तैयार रहें। ताकि बच्चा अवसाद से न घिरे।


उसे भावनात्मक लगाव और सहयोग दें। उसकी बातें सुनें, आलोचना न करें और उनसे लगातार संवाद बनाएं रखें।

उसे अधिकाधिक सूचनाएं दें। लाइब्रेरी की सदस्यता दिलाएं, स्पोर्ट्स क्लब जॉइन कराएं, दोस्तों से मिलने-जुलने को प्रेरित करें, इंटरनेट पर दिलचस्प जानकारियां लेने को कहें, सामाजिक संस्था से जोड़ें।

### डॉक्टर डायरी

इस तरह के मामलों में स्थिति के बारे में कयास लगाने से बेहतर है हर चीज को गंभीरता से लिया जाए। एक डॉक्टर या काउंसलर के रूप में अभिभावक व बच्चे से हर विषय पर गहनता से चर्चा करना ही इस समस्या का सबसे सर्वोत्तम उपाय है।

उचित मार्गदर्शन, प्यार, विश्वास और धैर्य के साथ बेझिझक बातचीत करते हुए बच्चे के मन की बात जानना बेहद जरूरी है ताकि वह हर बात को बिना किसी डर के आपके समक्ष रख दे। शारीरिक हालत को देखते हुए तुरंत बच्चे की मनस्थिति समझने का प्रयास शुरू कर दें।







# जब हो ट्विन प्रेग्नेंसी

**प्रेग्नेंसी किसी भी स्त्री के जीवन में ढेर सारी खुशियां लेकर आती है लेकिन यह अपने साथ कई जटिलताएं भी लाती हैं। अगर गर्भ में जुड़वां बच्चे हों तो स्थिति और भी मुश्किल होती है। ऐसे में जरूरी होता है कि गर्भावस्था के दौरान खानपान का ध्यान रखा जाए, नियमित जांच कराई जाए और डॉक्टर के सुझाव पूरी तरह माने जाएं, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ और खुश रहें।**

गर्भाशय का आकार सामान्य से बड़ा हो और एक से अधिक गर्भ की हार्टबीट्स सुनाई दे रही हों तो डॉक्टर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह देते हैं। इसी से पता लगता है कि यह ट्विन प्रेग्नेंसी है या नहीं। जैसे ही ट्विन प्रेग्नेंसी का पता चले, अपने और होने वाले बच्चे की बेहतरी के लिए कुछ जरूरी कदम उठाएं। ट्विन प्रेग्नेंसी की जटिलताएं सिंगल प्रेग्नेंसी से अलग होती है। इस दौरान कुछ खास परेशानियां हो सकती हैं-

ट्विन प्रेग्नेंसी में गैस्टेशनल डायबिटीज होने का खतरा बढ़ जाता है। इस दौरान कमजोरी अधिक हो सकती है। प्रसव के बाद ब्लीडिंग का खतरा भी ज्यादा रहता है। ट्विन प्रेग्नेंसी के अधिकतर मामलों में डिलिवरी के लिए सी-सेक्शन की जरूरत पड़ती है। प्रीमैच्योर बर्थ की आशंका अधिक होती है। इसके अलावा गर्भ पर अधिक भार के कारण शरीर में दर्द हो सकता है।

ट्विन प्रेग्नेंसी में एक से अधिक बार चेकअप की जरूरत होती है ताकि मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा सके। इसमें सबसे बड़ी समस्या यह आती है कि कई बार एक बच्चा कमजोर होता है और दूसरा स्वस्थ। ट्विन प्रेग्नेंसी में हर चौथे सप्ताह में चेकअप अवश्य कराएं। जैसे-जैसे प्रसव का समय नजदीक आता है डॉक्टर कुछ टेस्ट्स और अल्ट्रासाउंड कराने के लिए कह सकते हैं। ट्विन प्रेग्नेंसी में वजन अधिक बढ़ जाता है और यह बच्चे के विकास के लिए जरूरी भी होता है।

## इस दौरान रखें स्वास्थ्य का खयाल

- यदि किसी का वजन औसत है तो गर्भावस्था के दौरान प्रतिदिन सामान्य से लगभग 600 अतिरिक्त कैलरीज की जरूरत पड़ती है। कितनी कैलरी लेना होगी यह वजन, जरूरत और दिनचर्या पर निर्भर करता है।
- पोषक तत्वों का सेवन करें। फॉलिक एसिड, कैल्शियम, आयरन, प्रोटीन और दूसरे आवश्यक पोषक पदार्थों का सेवन अवश्य किया जाना चाहिए।
- गर्भावस्था में पर्याप्त पानी पीना जरूरी है ताकि शरीर में जल का सही स्तर बना रहे।
- उपवास या व्रत से बचें और भूखे पेट न रहें। ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर के अलावा बीच-बीच में हेल्दी स्नैक्स लें।
- बेड रेस्ट की सलाह खास जटिलताएं होने पर ही दी जाती हैं। आमतौर पर डॉक्टर सामान्य कार्य करने की सलाह देते हैं इसलिए बिना डॉक्टर की सलाह के बेडरेस्ट न करें। अध्ययनों में यह बात सामने आई है कि बेड रेस्ट से प्रीमैच्योर डिलिवरी का खतरा बढ़ता है।
- अगर वजन तेजी से बढ़ रहा हो या तेज सिरदर्द हो तो डॉक्टर को दिखाएं।
- वजन ज्यादा होने से पैरों में सूजन आती है, इसलिए पैर लटकाकर देर तक न बैठें।
- नमक का सेवन कम करें ताकि ब्लडप्रेशर अधिक न बढ़े।



**हर एक के लिए फुर्सत के मायने अलग-अलग होते हैं। जैसे कुछ लोगों के लिए फुर्सत या छुट्टी का मतलब है बस घर में बैठे-बैठे कुछ करते रहना। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ।**

# छुट्टियों का लें भरपूर आनंद

कुछ-कुछ यानी कभी किसी कमरे को नए सिरे से सजाना तो कभी कोई किताब पढ़ना, बहुत दिनों से अधूरी पड़ी किसी पेंटिंग को पूरा करने की कोशिश या हारमोनियम-तबला लेकर बैठ जाना, किसी भूली-बिसरी धुन पर सिर धुनना और कोई सिरा पकड़ में आ जाने पर उसी की मस्ती में खो जाना। ऐसा कुछ भी या इससे भी भिन्न कुछ और, बस घर में बैठे-बैठे करते रहना। कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब चार दीवारों के दायरे से थोड़ा आगे बढ़कर बाहर निकलकर कुछ करना होता है। यह किसी बाजार या मॉल में जाकर शॉपिंग करना हो सकता है, किसी अजीज दोस्त या रिश्तेदार से मिलना हो सकता है, कोई हॉबी क्लास ज्वॉइन करना हो सकता है या फिर कुछ और। कुछ लोग योग या ध्यान के शिविर में चले जाते हैं, यानी फुर्सत पाते ही हर कोई अपनी पसंद का काम ढूंढ निकालता है।

## फुर्सत यानी कुछ और

लेकिन कुछ लोगों के लिए फुर्सत का मतलब यह सब भी नहीं होता। उनके लिए फुर्सत का मतलब सिर्फ छुट्टियां होता है। छुट्टियां अगर थोड़ी लंबी हों यानी हफ्ते-दो हफ्ते का समय मिल जाए तो बहुत अच्छा, वरना एक-दो दिन की त्योहारी छुट्टी ही मिले तो भी चलेगा। एक-दो दिन अगर कहीं शनिवार-रविवार से जुड़े मिल जाएं तब तो कहने ही क्या! वे इतनी-सी छुट्टी पाकर भी बेहिसाब खुश होते हैं। अव्वल तो ऐसी छुट्टियों का इंतजार वे महीनों पहले से कर रहे होते हैं और उसी हिसाब से अपने कार्यक्रम सुनिश्चित कर ट्रेन या प्लेन टिकट से लेकर निकट या दूर के किसी शहर या कस्बे में होटल तक की बुकिंग करवा चुके होते हैं। कुछ लोग यह काम ग्रुप में करते हैं तो कुछ अकेले और कुछ परिवार के साथ। हफ्ते-दो हफ्ते की छुट्टियां तो ऐसे लोगों के लिए बड़ी नेमत होती हैं। और हां, छुट्टियां वाकई नेमत होती हैं। ये आपको सिर्फ मानसिक सुकून ही नहीं देती, आपकी रचनात्मक क्षमता को बढ़ाती हैं और अर्थव्यवस्था के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। छुट्टियों को हमारे यहां अधिकतर सैर-सपाटे से जोड़कर देखा जाता है। इससे मनोदशा में बदलाव तो होता ही है, देश-विदेश की सभ्यता और संस्कृति की जानकारी भी मिलती है। लौटकर लोग खुद को ज्यादा ऊर्जावान महसूस करते हैं और नए उत्साह के साथ अपने रूटीन काम में जुट जाते हैं। जरूरी किस्म की छोटी या व्यावसायिक यात्राओं की बात अलग है, लेकिन आमतौर पर यह देखा जाता है कि लोग लंबी यात्राओं पर पूरे परिवार के साथ ही जाना चाहते हैं। इसकी कई वजहें हैं। माना जाता है कि इससे सफर का मजा बढ़ जाता है। पूरे परिवार के एक साथ कहीं पर्यटन पर जाने से समग्रता में बजट भी संतुलित रहता है।

## रिश्तों में जान

हम भारतीयों के लिए छुट्टियां केवल सेहत बनाने, कुछ सीखने, ज्ञान बढ़ाने और मौज-मस्ती करने ही नहीं, अपने मूल और रिश्तों को सहेजने का भी एक साधन है। मनोवैज्ञानिक विचित्रा दर्गन आनंद कहती हैं-'अब लोगों को इस बात का एहसास होने लगा है कि फैमिली हॉलिडे अपने रिश्तों को रिवाइव करने का अच्छा माध्यम हैं।' इसलिए साल में कम से कम एक बार लोगों को परिवार छुट्टियां बिताने का समय जरूर निकालना चाहिए। यह जरूरी नहीं है कि इसके लिए आपकी छुट्टियां बहुत लंबी हों या हर बार ढेर सारे पैसे खर्च करके आप विदेश यात्रा पर ही जाएं क्योंकि ऐसी छुट्टियों में डेस्टिनेशन के बजाय परिवार के साथ बिताए जाने वाले खुशनुमा पलों की ज्यादा अहमियत होती है।

सबके साथ घूमने का मजा ही कुछ और आज की जीवनशैली इतनी व्यस्त है कि एक ही छत के नीचे रहने के बावजूद लोगों को अपने परिवार के साथ फुर्सत के दो-चार पल बिताने का भी मौका नहीं मिलता। ऐसे में फैमिली हॉलिडे के बहाने उन्हें अपने परिवार के साथ क्वॉलिटी टाइम बिताने का मौका मिलता है। वैसे भी छुट्टियों में पूरे परिवार के साथ घूमने-फिरने का अपना अलग ही मजा है, पर ऐसी यात्रा की तैयारी करते समय सबकी रुचियों का ध्यान रखना बहुत जरूरी होता है।

## चाहते क्या हैं

छुट्टियों पर जाने से पहले यह तय करें कि आप वास्तव में चाहते क्या हैं। यह फैसला किसी अन्य के दबाव या प्रभाव में नहीं होना चाहिए। अपनी पसंदीदा गतिविधि के अनुसार सही जगह का चुनाव करें। इसके लिए पहले से कार्यक्रम तय करें और बजट बनाएं।

## तय हो योजना

आप अपने रिलेक्सेशन के लिए जो कुछ भी करना चाहते हों, उसके लिए एक-एक दिन की पूरी योजना सुनिश्चित कर लें। योजना तय करते समय ध्यान भी रखें कि जरूरत के मुताबिक थोड़ी ढील की गुंजाइश भी हो। बहुत टाइट शेड्यूल भी तनाव का कारण बन जाता है और छुट्टियों का मजा किरकिरा कर देता है।

## जरूरी है जानकारी

कहते हैं आप जो कुछ भी करें उसकी पूरी जानकारी आपको होना चाहिए। इसी कड़ी में सबसे महत्वपूर्ण है सैर-सपाटा। आप जहां जाएं उस स्थान के बारे में इंटरनेट या पत्रिकाओं की मदद लेते हुए कई जरूरी जानकारियां एकत्रित कर लें ताकि आपको कोई दिक्कत न हो।

## छोटे बजट में

अगर आप फुर्सत के पलों का लुत्फ घुमक्कड़ी में तलाशते हैं और बजट आपको दूर देश जाने की इजाजत नहीं देता तो जरूरी नहीं कि आप जबरिया बजट खींचतान कर परेशानी मोल लें। आपके देश में भी देखने-जानने के लिए बहुत कुछ है। इन जगहों पर पर्यटन आप पूरे परिवार के साथ छोटे बजट में कर सकते हैं।

## तैयारी पहले से

लास्ट मिनट पैकिंग छुट्टियों के आनंद में सबसे बड़ी बाधा होती है। क्या ले जाना है और क्या नहीं, इसकी लिस्ट पहले ही बना लें। यह सही है कि बहुत बोझ दिक्कत का सबब होता है, लेकिन जरूरी चीजों का छूट जाना भी मुश्किल पैदा कर सकता है।

## तनाव को अलविदा

ऐसा कुछ भी जो आपके लिए तनाव का कारण हो और आपको रोजमर्रा रूटीन में बंधे रहने का एहसास दिलाए, उसे किनारे करें। यह मोबाइल या इंटरनेट भी हो सकता है और कुछ दोस्त, परिचित या रिश्तेदार भी। दैनिक जीवन के तनाव साथ लेकर न चलें।

## सहज रहें

छुट्टियों का असली लुत्फ रिलेक्स होने में है और रिलेक्सेशन मिलता है सहजता से। ऐसा कुछ भी जो सहज होने में बाधक बने, उससे दूर ही रहें तो ही ले सकेंगे पूरा मजा। अगर कोई चीज या किसी की गतिविधि आपको पसंद न आए तो उससे दूर हट जाएं।

# भारत बनाम न्यूजीलैंड: चैंपियंस ट्रॉफी में टॉप पर पहुंचने की जंग

दुबई (एजेंसी)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना आखिरी लीग मुकाबला 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। इस मैच पर सभी की नजरें टिकी हैं, क्योंकि यह मुकाबला तय करेगा कि ग्रुप ए में कौन सी टीम शीर्ष पर रहेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं, लेकिन ग्रुप स्टेज में पहला स्थान हासिल करने के लिए यह मैच बेहद अहम होगा। अब तक भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है। पहले मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया और फिर पाकिस्तान को भी 6 विकेट से मात दी। दूसरी ओर, न्यूजीलैंड ने भी अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। उन्होंने पाकिस्तान को 60 रनों से हराया और फिर बांग्लादेश को 5 विकेट से शिकस्त दी। ऐसे में दोनों टीमें पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेंगी।

इस टूर्नामेंट में अब तक तीन मैच बारिश की वजह से प्रभावित हुए हैं। साउथ अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था, जबकि पाकिस्तान और बांग्लादेश का मैच भी बारिश के कारण नहीं हो सका। ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच मैच आधा ही खेला जा सका और अंकों का बंटवारा हुआ। ऐसे में फैंस के मन में यह सवाल जरूर उठ रहा है कि भारत और न्यूजीलैंड के मुकाबले पर मौसम का कोई असर पड़ेगा।

राहत की बात यह है कि मौसम पूरी तरह से साफ रहने की उम्मीद है। मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को दुबई में तापमान 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा और ह्यूमिडिटी 47% तक होगी। मैच के दौरान हवा की गति 29 किलोमीटर प्रति घंटे रहने की संभावना है, लेकिन बारिश की संभावना केवल 5% ही जताई गई है। इसका मतलब यह है कि फैंस को पूरे 50 ओवर का रोमांचक मुकाबला देखने को मिलेगा।

भारतीय टीम की अगुआई कप्तान रोहित शर्मा करेंगे, जबकि न्यूजीलैंड की कप्तानी केन विलियमसन के हाथों में होगी। भारत के लिए विराट कोहली, शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी अहम भूमिका निभा सकते हैं, जबकि न्यूजीलैंड की टीम डेवोन कॉनवे, ट्रेंट बोल्ट और मिशेल सैंटनर पर निर्भर रहेगी। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा। भारत में इसे स्पोर्ट्स18 एसडी और स्पोर्ट्स18 एसडी चैनलों पर लाइव देखा जा सकता है।




### मौसम और पिच रिपोर्ट

भारत और न्यूजीलैंड के बीच यह हाई-वोल्टेज मुकाबला दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। अच्छी खबर यह है कि मौसम पूरी तरह से मैच के अनुकूल रहेगा। मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक, दुबई में रविवार को तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि ह्यूमिडिटी 47 फीसदी तक रहेगी। हवा की गति 29 किलोमीटर प्रतिघंटा होगी और आसमान साफ रहेगा। बारिश की संभावना केवल 5 फीसदी है, जिससे पूरे मैच के सुचारू रूप से संपन्न होने की उम्मीद है।

वहीं पिच की बात करें तो दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच को धीमा बताया जा रहा है, जहां स्पिनर्स को मदद मिलने की संभावना है। पिच पर गेंद थोड़ा रुककर आती है, जिससे शुरुआती बल्लेबाजों को परेशानी हो सकती है। हालांकि, सेट होने के बाद बल्लेबाजी आसान हो सकती है। भारतीय टीम ने इस मैदान पर अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में उसे जीत मिली है और केवल 1 में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि जिस तरह पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था, उसी तरह न्यूजीलैंड को भी मात देकर सेमीफाइनल में मजबूती से कदम रखेगी। अब देखना यह होगा कि सुपर संडे का यह रोमांचक मुकाबला किसके नाम होता है।

### दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं

भारतीय - रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव।

न्यूजीलैंड - विल यंग, डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, रचिन रविंद्र, टॉम लैथम (विकेट कीपर), ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर (कप्तान), मैट हेनरी, काइल जैमीसन, विलियम ओरोर्के।

# चैंपियंस ट्रॉफी: अफगानिस्तान से हार से दुखी इंग्लैंड के कप्तान बटलर ने दिया इस्तीफा




नई दिल्ली (एजेंसी)। चैंपियंस ट्रॉफी में ग्रुप से बाहर होने के बाद जोस बटलर ने इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान के पद से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने घोषणा की कि वह करांची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी बार टीम का नेतृत्व करेंगे। बटलर ने कहा कि वह इंग्लैंड की कप्तानी छोड़ रहे हैं। यह उनके और टीम के लिए सही फैसला है। उम्मीद है कि ब्रेंडन मैकुलम के साथ कोई और आ सकता है जो टीम को वहां ले जाएगा जहां इसकी जरूरत है।

बटलर इंग्लैंड के लिए खेलना जारी रखेंगे और उन्होंने कहा कि वह वास्तव में अपने क्रिकेट का आनंद लेना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी हावी भावनाएं उदासी और निराशा हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है, समय के साथ, यह बीत जाएगा और वह अपने क्रिकेट का आनंद ले सकेंगे और यह भी प्रतिबिंबित करने में सक्षम होंगे कि अपने देश की कप्तानी करना कितना बड़ा सम्मान है और इसके साथ आने वाली सभी विशेष चीजें।

बता दें बटलर को जून 2022 में इयोन मोर्गन के उत्तराधिकारी के रूप में नियुक्त किया था और उन्होंने उस साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीता था, लेकिन लगातार तीन असफल आईसीसी आयोजनों 2023 में 50 ओवर विश्व कप, 2024 में टी20 विश्व कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अब उनपर दबाव बन गया था। इंग्लैंड क्रिकेट के परिणामों में तेजी से गिरावट आई थी जिसका जिम्मेदार बटलर को माना गया था।

बटलर ने अफगानिस्तान से इंग्लैंड की 8 रन से हार के बाद संकेत दिया कि वह साल 10 मैचों में नौवीं हार मिलने पर इस्तीफा दे देंगे। उन्होंने कहा था कि उन्हें सभी संभावनाओं पर विचार करने और इस पर काम करने की जरूरत है कि क्या वह समस्या का हिस्सा हैं या समाधान का।

# ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, मैथ्यू शॉर्ट सेमीफाइनल से हो सकते हैं बाहर

करांची (एजेंसी)। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बिना कोई मैच जीते सेमीफाइनल में पहुंच चुकी ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लग सकता है। टीम के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट चोटिल हो गए हैं और उनके आगामी मुकाबले में खेलने पर संशय बना हुआ है। शॉर्ट को अफगानिस्तान के खिलाफ लाहौर में खेले गए मैच के दौरान चोट लगी थी, जिसके कारण वह सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इस पर चिंता जताते हुए कहा कि शॉर्ट अभी संघर्ष कर रहे हैं और उनके ठीक होने के लिए कुछ दिन काफी कम हैं। हालांकि, उन्होंने यह साफ नहीं किया कि उनकी जगह कौन सा खिलाड़ी प्लेइंग इलेवन में शामिल होगा, लेकिन माना जा रहा है कि जेक फ्रेजर-मैकगर्क को मौका मिल सकता है। मैथ्यू शॉर्ट ने अफगानिस्तान के खिलाफ 15 गेंदों पर 20 रन बनाए थे, जिसमें तीन चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने टूर्नामेंट में अब तक 102 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 83 रन बनाए हैं, जिससे वह टीम के अहम बल्लेबाजों में



शामिल हो गए हैं। उनकी गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी लाइनअप पर असर पड़ सकता है। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच में ऑस्ट्रेलिया 274 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही थी और 13 ओवर में एक विकेट खोकर 109 रन बना चुकी थी। लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और करीब एक घंटे की देरी के बाद अंपायरों ने गीली पिच की वजह से मैच रद्द करने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल ग्रुप बी की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। टीम को अब यह जानने के लिए रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मुकाबले का इंतजार करना होगा कि उसका सेमीफाइनल मुकाबला 4 मार्च को दुबई में होगा या 5 मार्च को लाहौर में।

# न्यूजीलैंड 5 खब्बू बल्लेबाजों के साथ खेलेगी, शमी की जगह अर्शदीप को मिलेगा मौका

दुबई (एजेंसी)। न्यूजीलैंड की टीम में 5 खब्बू बल्लेबाजों की मौजूदगी और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मोहम्मद शमी को पिंडली में हुई हल्की परेशानी के कारण भारतीय टीम प्रबंधन रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच में इस अनुभवी तेज गेंदबाज को आराम देकर अर्शदीप सिंह को उतार सकता है। शुक्रवार को अभ्यास सत्र को संकेत माने तो पंजाब के तेज गेंदबाज अर्शदीप इस मैच में शमी की जगह खेल सकते हैं। उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के साथ काफी अभ्यास किया और 13 ओवर डाले।

शमी ने छोटे रनअप के साथ सिर्फ छह सात ओवर फेंके। पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी के मैच में शमी को तीसरे ओवर के बाद ही फिजियो से दाहिने पैर में उपचार कराना पड़ा था। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों के हावभाव से लग रहा था कि भारत सेमीफाइनल से पहले शमी को ब्रेक दे सकता है। केएल राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा था कि विजयी संयोजन में बदलाव होगा या नहीं, कहा नहीं जा सकता लेकिन सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने शाम को संकेत दिया कि गेंदबाजी संयोजन में बदलाव हो सकता है।



### टी20 वर्ल्ड कप 2024 में अर्शदीप का प्रदर्शन

अर्शदीप ने भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई। टूर्नामेंट में उन्होंने 8 मैचों में 17 विकेट लिए, जो किसी एक संस्करण में सबसे ज्यादा विकेट का रिकॉर्ड है (फजलहक फारूकी के साथ संयुक्त)। उनका औसत 12.64 और इकोनॉमी रेट 7.16 रहा। फाइनल में बारबाडोस में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने 4 ओवर में 20 रन देकर 2 विकेट लिए, जिससे भारत ने 169 रन का स्कोर डिफेंड किया।

### अर्शदीप का वनडे प्रदर्शन

अर्शदीप ने हाल में ज्यादा वनडे नहीं खेले हैं। उनका आखिरी वनडे दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ था, जहां उन्होंने 3 मैचों में 10 विकेट लिए थे, जिसमें एक फाइव-विकेट हॉल (5/37) शामिल था। इसके बाद से वे मुख्य रूप से टी20 पर केंद्रित रहे हैं।

# सरफराज को जून में मिल सकता है टेस्ट खेलने का अवसर

नई दिल्ली। घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाने वाले सरफराज खान को जून में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से एक बार फिर अवसर मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्हें एक भी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला क्योंकि वह चोटिल हो गए थे। इसके बाद वह घरेलू क्रिकेट भी नहीं खेल पाये। भारतीय टीम को अब टेस्ट क्रिकेट जून में खेलना है। तब टीम इंडिया इंग्लैंड दौरे पर जाएगी जहां उसे मेजबानों के साथ 5 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से खेला जाएगा। सरफराज ने अपना आखिरी टेस्ट न्यूजीलैंड के खिलाफ पिछले साल नवंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में खेला था। उन्होंने अभी तक भारत के लिए केवल एक टेस्ट में डेब्यू किया है। ऐसे में अब वह तभी भारतीय टीम में नजर आ सकते हैं।



सरफराज का घरेलू क्रिकेट में शानदार रिकॉर्ड है। उन्हें घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद साल 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला। सरफराज ने अब तक 6 टेस्ट खेले हैं जिसमें उन्होंने 371 रन बनाए हैं जिसमें 1 शतक और 3 अर्धशतक शामिल है। उनका सबसे अधिक स्कोर 150 रन रहा है। इसके अलावा 54 फर्स्ट क्लास मैचों में सरफराज खान के नाम 4593 रन दर्ज हैं।

# पसंदीदा कवर ड्राइव से पारी को नियंत्रित करते हैं विराट




दुबई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा है कि कवर ड्राइव उनका पसंदीदा शॉट है। कोहली के अनुसार इस शॉट से वह पारी को नियंत्रित भी कर पाते हैं हालांकि कभी-कभी ये नुकसान देह भी रहा है। कोहली ने पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफ में शतक के दौरान भी कई कवर ड्राइव लगाये थे। कोहली ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए एक वीडियो में कहा कि ये एक कठिन स्थिति है। ये कवर ड्राइव पिछले कुछ साल में मेरी कमजोरी रहा है हालांकि इसी शॉट से उन्होंने काफी रन भी बनाये हैं। ,कोहली ने कहा, ''क्योंकि जब मैं इस तरह के शॉट लगाता हूं तो मैं क्रीज पर बल्लेबाजी करते समय नियंत्रण महसूस करता हूं। इसलिए पाक के खिलाफ खेली गयी पारी मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से एक अच्छी पारी थी卐। उन्होंने कहा कि तीसरे नंबर पर उनकी भूमिका पिछले कुछ साल में बदलाव रहित रही है। एक बात जो मैंने हमेशा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते समय सोची है, वह है जोखिम को कम करना और यह तय करना कि मैं अपनी टीम को जीत की स्थिति में बनाये रखूं। विराट जब पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में जब शतक लगाने के करीब थे, तो उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े अक्षर पटेल इस बात का हिसाब लगा रहे थे कि किस प्रकार खेला जाये जिससे विराट शतक तक पहुंच पायें।

# संयम रखे अफगानिस्तान तो एक दशक में जीत लेगा आईसीसी टूर्नामेंट : डेल स्टेन

नई दिल्ली (एजेंसी)। दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि तेजी से आगे बढ़ रही अफगानिस्तान की टीम के खिलाड़ी अगर मैदान पर सयंम से खेलना सीख लें तो अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सीमित ओवर का टूर्नामेंट जीत सकती है। अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप में नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई थी जिसमें उसने पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था। पिछले साल के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया था। अपने देश में युद्ध और अस्थिरता के बावजूद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम अब सफेद गेंद के टूर्नामेंट में मजबूत टीम बन गई है।




स्टेन ने कहा कि हम ऐसे समय में जी रहे हैं जिसमें लोग इतने संयमित नहीं हैं। हम इंस्टाग्राम स्टोरी को भी महज मुश्किल से दो सेकेंड देख पाते हैं और ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी क्रिकेट खेलते समय ऐसे ही होते हैं। उन्होंने कहा कि संयम सबसे बड़ी चीज में से एक है जिसे अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को सीखने की जरूरत है। और एक बार जब वे ऐसा कर लेंगे तो अगले दशक में वे निश्चित रूप से आईसीसी टूर्नामेंट जीत सकते हैं।


स्टेन ने कहा कि वे चाहते हैं कि चीजें इतनी जल्दी हो जायें कि हर गेंद विकेट लेने वाली होनी चाहिए। पारी बनाते हुए और विकेट लेने के लिए संयम नहीं है। बल्लेबाज भी ऐसा ही करते हैं। पहले ओवर में बल्लेबाजी में ही क्रीज पर इतनी अधिक हलचल होती क्योंकि वे छक्का मारने की कोशिश करते हैं और वे पारी को तेजी से आगे बढ़ाने की कोशिश करते हैं।

अफगानिस्तान की टीम इंग्लैंड को हराने के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन तरफा मुकाबले में थी। लेकिन दक्षिण अफ्रीका से पहले मैच में हारने और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्चुअल क्वार्टरफाइनल के बारिश की भेंट चढ़ने से उसे काफी नुकसान हुआ।

आंकड़ों के हिसाब से अफगानिस्तान की टीम अब भी क्वालीफाई कर सकती है, अगर इंग्लैंड की टीम शनिवार को दक्षिण अफ्रीका पर बड़े अंतर से जीत दर्ज कर ले। लेकिन इसकी संभावना कम है क्योंकि दक्षिण अफ्रीका का नेट रेट 2.140 है जो अफगानिस्तान के माइनस 0.990 से काफी बेहतर है।

# जब सीमा पर शांति होगी तभी खेली जाएगी भारत-पाक द्विपक्षीय सीरीज : गावस्कर

मुम्बई। भारत और पाकिस्तान ने करीब एक दशक से कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं खेली है। दोनो ही टीमों ने अंतिम बार कोई सीरीज साल 2012-13 में खेली थी। तब पाक टीम भारत दौरे पर आई थी। इसके बाद से ही राजनीतिक तनाव के चलते भारतीय टीम ने पाक दौरे से इंकार कर दिया। इसके पीछे एक बड़ा कारण खिलाड़ियों की सुरक्षा का भी है। भारतीय टीम अभी जारी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपने मुकाबले दुबई में खेल रही है जबकि इस टूर्नामेंट का मेजबान पाक है। वहीं जब एक शो में टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर से पूछा गया कि भारतीय टीम कब पाक के साथ द्विपक्षीय सीरीज खेलेगी तो गावस्कर ने कहा कि जब तक सीमा पर शांति नहीं हो जाती, तब तक द्विपक्षीय क्रिकेट संबंधों की बहाली संभव नहीं है। गावस्कर ने कहा कि जब सीमा पर शांति होगी तो तभी खेल भी संभव है। अगर सीमा पर शांति रहती है, तो मुझे लगता है कि दोनों सरकारें निश्चित रूप से कहेंगी, देखिए ठीक है हमारे यहां कोई घटना नहीं हुई बिल्कुल भी नहीं। तो चलिए कम से कम बातचीत से शुरुआत करते हैं। गावस्कर ने आगे कहा कि, मुझे पूरा भरोसा है कि बातचीत के प्रयास चल रहे होंगे पर जब तक जमीन पर सब कुछ ठीक न हो कुछ कहा नहीं जा सकता। आये दिन हम आतंकी घुसपैठ की बातें सुनते हैं। इसी कारण भारत सरकार कह रही है कि पहले पाक अपनी हरकतें रोके उसके बाद ही खेल होना संभव है।



# शमी खतरनाक गेंदबाज, हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का ढूंढते हैं तरीका

## -केएल राहुल ने किया खुलासा, कीपिंग के अनुभव किए साझा

दुबई (एजेंसी)। भारत के विकेटकीपर और बल्लेबाज केएल राहुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मुकाबले से पहले मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह में से खरतनाक कौन? वाले सवाल का जवाब दिया है। बुमराह चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। उनकी जगह अर्शदीप सिंह को मौका मिला है। इस दौरान टीम इंडिया के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी प्रभावी प्रदर्शन कर रहे हैं। मोहम्मद शमी का न्यूजीलैंड के खिलाफ प्रदर्शन शानदार रहा है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी मैच में काफी प्रभावी साबित हो सकते हैं। इस बीच राहुल ने शमी के सामने कीपिंग के अपने अनुभव और चुनौतियों को साझा किया है।

राहुल ने खुलासा किया कि मोहम्मद शमी हमेशा विकेटकीपरों को चुनौती देने का एक तरीका ढूंढते हैं, अक्सर उन्हें फुल-लेंथ डाइव लगाने के लिए मजबूर करते हैं। राहुल ने बुमराह से ज्यादा शमी को तवज्जो दी है और कहा कि विकेटकीपिंग के दौरान शमी के खिलाफ मुश्किल बात यह है कि हर खेल में किसी न किसी तरह वह यह तय करते हैं कि मैं पूरी लंबाई में गोता लगाऊं और फिर वह मुझे स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन करने या कभी-कभी बेवकूफ दिखने के एक या दो मौके देते हैं।

उन्होंने कहा कि शमी, बुमराह के साथ मिलकर प्रभाव पैदा करते हैं। राहुल ने हाल के नेट सत्र को याद किया जहां शमी की तेज गति ने उन्हें आश्चर्यचकित कर दिया था। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में नेट पर शमी ने मुझे सीधे बैज पर मारा। इसलिए ये सभी चीजें उसे एक बहुत ही मुश्किल गेंदबाज बनाती हैं जिसके खिलाफ खेलना बहुत मुश्किल है। राहुल ने कहा कि बुमराह दूसरे या तीसरे स्पैल में शानदार गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि इसका किसी चीज से क्या लेना-देना है, लेकिन वह स्टंप के पीछे भी गेंद को डगमगाते हैं। इसलिए यह बहुत चुनौतीपूर्ण है। अपने प्राकृतिक सीम मूवमेंट से परे, राहुल ने शमी की सटीकता और तीक्ष्णता पर जोर दिया, ऐसे पहलू जिनकी अक्सर सराहना नहीं की जाती है।



# सहायक कोच ने बताया पंत के बाहर बैठने का कारण

नई दिल्ली। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है और अब ग्रुप स्टेज में शीर्ष स्थान पाने के लिए उसका मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अभी तक एक भी मैच नहीं खेले हैं, लेकिन टीम प्रबंधन उन्हें तैयार रखना चाहता है। भारत के सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में स्वीकार किया कि पंत के लिए बाहर बैठना आसान नहीं रहा, लेकिन इस स्तर के क्रिकेट में ऐसा होता है। उन्होंने कहा, ऋषभ के लिए बाहर रहना मुश्किल रहा है, लेकिन क्रिकेट का नेचर यही है। केएल राहुल ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, हालांकि उन्हें ज्यादा मौके नहीं मिले, क्योंकि हमें पंत को भी तैयार रखना था। हमें नहीं पता कि कब उनकी जरूरत पड़ जाए, लेकिन दो शानदार विकेटकीपर टीम में होना हमेशा फायदेमंद रहता है। डोइशे ने आगे बताया कि न्यूजीलैंड के पास चार स्पिनर हैं, जिससे मुकाबला और रोचक हो सकता है। उन्होंने कहा, यह स्पिनरों की टक्कर होगी। टूर्नामेंट से पहले हमने नहीं सोचा था कि स्पिनर्स इतनी अहम भूमिका निभाएंगे, लेकिन पिच ने भी उनकी मदद की है। मुझे यकीन है कि अगले मैच में भी स्पिनरों का प्रभाव देखने को मिलेगा। भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला बेहद अहम होने वाला है। जहां भारतीय टीम की नजर ग्रुप में टॉप पर रहने पर होगी, वहीं न्यूजीलैंड भी इस मैच को जीतकर अपनी स्थिति मजबूत करना चाहेगा।



# चैंपियन ट्राफी के फाइनल में इंडिया-आस्ट्रेलिया हो सकते हैं आमने-सामने

नई दिल्ली (एजेंसी)। आईसीसी चैंपियन ट्राफी 2025 के तीन टीमें सेमीफाइनल में पहुंच चुकी हैं, जबकि चौथी टीम आज होने वाले मैच पर तय होगी। टीम इंडिया के बाद न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल्स के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। चौथी टीम साउथ अफ्रीका हो सकती है। साउथ अफ्रीका को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए जीत जरुरी नहीं। ऐसे में कहा जा सकता है कि वर्ल्ड कप 2023 जैसे स्थिति बन सकती है और चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल भी टीम इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो सकता है।

बता दें वर्ल्ड कप 2023 की सेमीफाइनल्स इंडिया, ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच हुआ था। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भी यही चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचने वाली हैं, जिनमें से भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड पहले ही पहुंच चुकी हैं, जबकि साउथ अफ्रीका की टीम को अगर इंग्लैंड के खिलाफ जीत मिलती है तो साउथ अफ्रीका टीम सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी और अगर इंग्लैंड के खिलाफ साउथ अफ्रीका की टीम मैच हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल खेलेगी।

इसके लिए साउथ अफ्रीका को अगर इंग्लैंड ने 300 रन बनाए तो 207 या इससे ज्यादा रनों से हार नहीं मिलनी चाहिए। इसके अलावा अगर साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी की और 300 रन बनाए तो इंग्लैंड को 11.1 ओवर में उस टारगेट को चेज नहीं करने देना चाहिए। अगर इससे बच जाती है और साउथ अफ्रीका की टीम मुकाबला हार भी जाती है तो भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी, क्योंकि साउथ अफ्रीका के तीन पॉइंट रहेंगे और अफगानिस्तान से उसका नेट रन रेट बेहतर रहेगा।

माना जा रहा है कि इंडिया और ऑस्ट्रेलिया के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का फाइनल हो सकता है। अगर पहला सेमीफाइनल इंडिया और साउथ अफ्रीका के बीच होता है और दूसरा सेमीफाइनल ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच और दोनों टीमें अपने सेमीफाइनल्स जीत जाएं तो फिर फाइनल में दोनों का मुकाबला हो सकती है। अगर साउथ अफ्रीका ने इंग्लैंड को हरा दिया तो फिर ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप बी में दूसरे पायदान पर होगी, जबकि इंडिया ने न्यूजीलैंड को हरा दिया तो भारत की टीम ग्रुप ए में नंबर वन होगी। ऐसे में इन दोनों के बीच सेमीफाइनल खेला जाएगा।



## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, अब तक दो नक्सलियों की मौत

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। अभी दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इस मुठभेड़ में अब तक दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, जिसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी और कोबरा बटालियन की एक संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। हमला होते देख जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। बताया जा रहा है कि जवानों और नक्सलियों के बीच अभी भी मुठभेड़ जारी है। दोनों ओर से रुक रुककर फायरिंग हो रही है। इसके साथ ही जवान आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चला रहे हैं। सुकमा पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि आज सुबह से नक्सलियों और जवानों के बीच फायरिंग हो रही है। दोनों ओर से रुक-रुककर गोली बारी हो रही है। मुठभेड़ स्थल और आसपास के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों के जवान सघन सर्चिंग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सल ऑपरेशन पूरा होने के बाद पूरी जानकारी दी जाएगी।

### हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और कोलकाता के लिए विमान सेवा का शुभारंभ

**गाजियाबाद :** हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और कोलकाता के लिए विमान सेवा शनिवार को शुरू हो गयी। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने हिंडन एयरपोर्ट सिविल टर्मिनल पर गोवा जाने वाली फ्लाइट को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहली फ्लाइट पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, विधायक अजीत पाल त्यागी एवं संजीव शर्मा समेत 70 लोग गोवा के लिए रवाना हुए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री नायडू ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिंडन से अन्य शहरों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी के लिए भी उड़ान सेवा शुरू की जाएगी। हिंडन से 180 सीटर हवाई जहाज जाएंगे। यहां से गोवा और कोलकाता के लिए विमान सेवा आज से शुरू हुई। रविवार से बेंगलुरु के लिए भी विमान सेवा शुरू होगी। 22 मार्च से हिंडन एयरपोर्ट से जम्मू और चेन्नई के लिए भी विमान सेवा शुरू होंगी। 22 मार्च से ही बेंगलुरु के लिए दिन में दो फ्लाइट शुरू होंगी।

### अंबाला कोर्ट में पेशी पर आए युवक पर फायरिंग, मचा हड़कंप

**चंडीगढ़ :** अंबाला की अदालत में शनिवार को पेशी पर आए एक युवक पर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। काले रंग की स्कॉर्पियो में आए बदमाशों ने युवक पर अंधाधुंध फायरिंग की और मौके से फरार हो गए। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस घटना के बाद कोर्ट परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि हमलावरों के निशाने पर अमन सोनकर नामक गैंगस्टर था। सोनकर के खिलाफ हत्या समेत कई केस चल रहे हैं। वह जमानत पर बाहर है। सिटी थाना प्रभारी सुनील वत्स के अनुसार अंबाला कैंट की खटीक मंडी का रहने वाला अमन सोनकर कोर्ट में पेशी पर आया था। जब वह कोर्ट परिसर के गेट के पास पहुंचा तो काले रंग की स्कॉर्पियो में सवार होकर आए बदमाशों ने उस पर गोलियां चलाईं। दोनों के बीच पुरानी रंजिश का मामला लगता है। बदमाश और युवक किस गैंग से जुड़े हुए हैं और बदमाशों ने इस घटना को क्यों अंजाम दिया यह पता लगाया जा रहा है। सिटी थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश सोनकर को मारना चाहते थे लेकिन कामयाब नहीं हुए।

# 15 दिनों में बनेगी हिमाचल कांग्रेस की नई कार्यकारिणी : रजनी पाटिल

एजेंसी



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ दो दिनों तक गहन मंथन करने के बाद कांग्रेस प्रभारी रजनी पाटिल ने ऐलान किया कि 15 दिनों के भीतर नई कार्यकारिणी गठित कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यकारिणी में सभी समुदायों को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा और पार्टी एक व्यक्ति, एक पद के सिद्धांत पर काम करेगी। रजनी पाटिल ने हिमाचल में कांग्रेस संगठन की स्थिति पर कहा कि प्रदेश सरकार मजबूती से कार्य कर रही है और पार्टी के सभी विधायक एवं नेता एकजुट हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कहा कि भाजपा पिछले एक साल से कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है, लेकिन वह अपने मंसूबों में पूरी तरह नाकाम रही है। कार्यकारिणी भंग, अध्यक्ष को लेकर फैसला बाद में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को बदले जाने की अटकलों पर विराम लगाते हुए रजनी पाटिल ने स्पष्ट किया कि अभी केवल कार्यकारिणी भंग की गई है लेकिन अध्यक्ष को नहीं हटाया गया। उन्होंने कहा कि पहले नई कार्यकारिणी का गठन होगा और उसके बाद अध्यक्ष के भविष्य पर फैसला लिया जाएगा। प्रदेश सरकार में कांग्रेस नेताओं को समायोजित करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी को पद देना संभव नहीं है, लेकिन सरकार प्रयास कर रही है कि अधिक से अधिक कार्यकताओं को उचित जिम्मेदारी दी जाए। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और 2027 में दोबारा सत्ता में वापसी के लिए काम करें।

**आपदा राहत में केंद्र से नहीं मिली मदद, भाजपा सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप**

प्रदेश की आर्थिक स्थिति पर बोलते हुए रजनी पाटिल ने इसके लिए पूर्व भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासनकाल में प्रदेश की वित्तीय स्थिति कमजोर हुई, जिसका खामियाजा कांग्रेस सरकार को उठाना पड़ रहा है। पिछले साल आई प्राकृतिक आपदा के दौरान केंद्र सरकार द्वारा राज्य की अनदेखी किए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बार-बार केंद्र सरकार से राहत राशि की मांग करते रहे, लेकिन कोई मदद नहीं मिली। उन्होंने कहा कि हिमाचल को जब सबसे ज्यादा जरूरत थी, तब मोदी सरकार ने राहत देने के बजाय प्रदेश सरकार को नजरअंदाज किया। उन्होंने केंद्र पर आरोप लगाया कि वह केवल भाजपा शासित राज्यों की मदद कर रही है जबकि विपक्षी सरकारों को वित्तीय संकट में धकेला जा रहा है। मोदी सरकार पर हमला, कहा- ईडी, सीबीआई का कर रही दुरुपयोग रजनी पाटिल ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र सरकार विपक्षी सरकारों को अस्थिर करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई और अन्य केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर गैर-भाजपा शासित राज्यों की सरकारों को गिराने की साजिश कर रही है।

# 15 मार्च तक पूरी कर ली जाएं लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण संबंधी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

एजेंसी



**लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी समेत वरिष्ठ अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न संचालित परियोजनाओं में लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूर्ण कर लें। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि विभिन्न जनपदों में चल रहीं केंद्र व राज्य सरकार की विकास परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमहत्व से जुड़ी विकास परियोजनाओं की समयबद्धता आवश्यक है। इनसे रोजगार सृजन के साथ-साथ आम जनमानस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना में देरी से कास्ट रिवाइज की आवश्यकता पड़ती है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन भूमि अधिग्रहण/मुआवजा वितरण की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावित किसानों/परिवारों से संवाद स्थापित करें। जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह व आयुक्त हर 15 दिन पर इसकी समीक्षा करें और मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय व संबंधित विभागों के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए नोट भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य नागरिक विकास चाहता है। उसे विकास के अच्छे परिणामों से अवगत कराएं। मुआवजा के लिए सर्किल रेट की जानकारी उसे पहले से ही प्रदान कर दी जाए। प्रारंभ हो चुके प्रोजेक्ट्स में नोडल अधिकारियों की निश्चित रूप से तैनाती हो। साथ ही कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जाए।मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी द्वारा 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाएं।

### बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आगाज आज

**बेंगलुरु :** सोलहवां बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आगाज आज होगा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया इसका उद्घाटन करेंगे। इस मौके पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, महोत्सव के राजदूत किशोर कुमार, पोलैंड के मौगुजहत विसिस गोविनविएक, अभिनेत्री प्रियंका मोहन और एम. नरसिम्हालु मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता के अनुसार, कन्नड़ अभिनेता शिव राजकुमार स्मारिका का विमोचन करेंगे। फिल्मों का प्रदर्शन 02 मार्च को ओरियन मॉल में 11 स्क्रीन के साथ शुरू होगा। कला भवन और सुचित्रा फिल्म सोसाइटी के सिनेमाघरों में भी महोत्सव के लिए चयनित फिल्मों को देखा जा सकेगा।

## समाज का परिवर्तन ही देश-राष्ट्र के परिवर्तन का आधार : नरेंद्र कुमार



एजेंसी

**लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है। हिन्दू एक विचार है, एक पद्धति है। व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण की प्रक्रिया संघ ने आरंभ की और इसके लिए शाखा शुरू हुई। व्यक्ति निर्माण का कार्य दैनिक शाखा के माध्यम से आज करते हैं। नरेंद्र कुमार ठाकुर शनिवार को श्रीगुरु वशिष्ठ न्यास के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम परिषद कार्यक्रम के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। नरेंद्र कुमार ने 'भारत यात्रा के सौ वर्ष' विषय पर कहा कि संघ में गीत गाते हैं, देश हमें देता है सबकुछ हम भी तो कुछ देना सीखें, इस भाव से हम सभी स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं। अब अच्छे नागरिक हमने तैयार किए तो उनसे अपेक्षा है, वह समाज में अच्छे कार्य करें। समाज की समस्या का निदान करना स्वयंसेवक का कार्य है। संघ शताब्दी को ध्यान में रखकर हम कार्य कर रहे हैं तो समाज में परिवर्तन के लिए भी कार्य कर रहे हैं। समाज का परिवर्तन होगा, तभी देश-राष्ट्र का परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवकों की एक संस्था सक्षम कार्य करती है। वहां स्वयंसेवकों ने अंधता दूर करने का संकल्प किया है। इस बार महाकुंभ में लोगों के आंखों की जांच के लिए सक्षम ने नेत्रकुंभ का आयोजन किया। कुंभ प्रारंभ होने से पहले उन्होंने दो सौ अस्पतालों से बात की, ऐसे सैकड़ों लोगों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराया।

## सवि ठाकुर बने 'रिश्तों से बंधी गौरी' शो के मुख्य किरदार, निभाएंगे रुद्र का दमदार

एजेंसी



**मुंबई :** सन नियो के शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' के प्रोमो ऑन एयर होने के बाद से ही दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है। यह शो प्यार, पारिवारिक मूल्यों और गहरी भावनाओं से भरी एक दिल छू लेने वाली कहानी पेश करने जा रहा है। अब इस शो से जुड़ी एक और खास खबर सामने आई है वो है प्रतिभाशाली अभिनेता सवि ठाकुर इस शो में मुख्य भूमिका निभाने जा रहे हैं। वह 'रुद्र' के किरदार में नजर आएंगे, जो अपनी शख्सियत, जुनून और दमदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं।रुद्र का किरदार निभा रहे सवि ठाकुर ने अपनी भूमिका के बारे में बताते हुए कहा, ₹मैं रुद्र के किरदार में 'रिश्तों से बंधी गौरी' का हिस्सा बनने को लेकर बहुत उत्साहित हूं। जिस क्षण मैंने कहानी सुनी, मुझे पता था कि यह कुछ खास है। रुद्र एक मजबूत इरादों वाला और महत्वाकांक्षी व्यक्ति है जो अपनी शर्तों पर जीवन जीना चाहता है और यही बात इस किरदार को रोमांचक बनाती है। वह ऐसा व्यक्ति है जो अपनी आजादी को महत्व देता है, लेकिन साथ ही पारिवारिक बंधन भी उसके लिए महत्वपूर्ण हैं। उसका संघर्ष,भावनाएं और उसके चुनाव ने मुझे वास्तव में इस भूमिका को चुनने के लिए आकर्षित किया है। उन्होंने आगे कहा, यह शो व्यक्तिगत सपनों और पारिवारिक अपेक्षाओं के बीच टकराव को खूबसूरती से दर्शाता है, जिससे बहुत से लोग जुड़ाव महसूस करेंगे। रुद्र की यात्रा भावनाओं, दुविधाओं और कई उतार-चढ़ाव से भरी है जो दर्शकों को बांधे रखेगी। मैं हर व्यक्ति तक रुद्र की कहानी पहुंचाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हुं। यह एक रोमांचक यात्रा होने वाली है और मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इससे उतना ही जुड़ेंगे जितना मैं जुड़ा हूँ।

# हमारे देश में आर्बिट्रल प्रक्रिया सामान्य न्यायिक तंत्र पर अतिरिक्त बोझ बन गई है : उपराष्ट्रपति

एजेंसी



**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि हमारे देश में आर्बिट्रल प्रक्रिया सामान्य न्यायिक तंत्र पर एक अतिरिक्त बोझ बन गई है। धनखड़ नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि आर्बिट्रेटर भी उतनी ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जितनी कि बार से जुड़े सदस्य। आश्चर्यजनक रूप से और मैं यह बहुत ही संयमित तरीके से कह रहा हूं कि आर्बिट्रल प्रक्रिया निर्धारण से जुड़े एक वर्ग के एक हिस्से पर पूरी तरह से सख्त नियंत्रण है। यह सख्त नियंत्रण न्यायिक शक्तियों से उत्पन्न होता है। यदि हम इसे वस्तुनिष्ठ रूप से देखें तो यह अत्यधिक दर्दनाक है। उन्होंने कहा कि इस देश के पास हर क्षेत्र में समृद्ध मानव संसाधन हैं। महासागर विज्ञान, समुद्रविज्ञान, विमानन, बुनियादी ढांचा और क्या नहीं। और जो विवाद हैं, वे अनुभव से संबंधित होते हैं, जो क्षेत्रीय होते हैं। दुर्भाग्यवश, हमने इस देश में आर्बिट्रेशन को केवल एक संकीर्ण दृष्टिकोण से देखा है, जैसे कि यह न्यायिक निर्णय है। यह न्यायिक निर्णय से कहीं अधिक है। यह पारंपरिक निर्णय नहीं है जैसा कि वैश्विक स्तर पर ऐतिहासिक रूप से मूल्यांकन किया गया है। आर्बिट्रेशन में क्षेत्र विशेषज्ञों की भागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के एक पूर्व मुख्य न्यायाधीश ने यह टिप्पणी की थी कि प्रक्रिया अब पुराने दोस्तों का क्लब बन गई है। वह सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की आर्बिट्रल प्रक्रिया में भागीदारी को लेकर कह रहे थे। उन्होंने कहा कि वह स्पष्ट करना चाहते हैं कि इस देश के सेवानिवृत्त न्यायधीश आर्बिट्रल प्रक्रिया के लिए ऐसेट हैं। वे हमें विश्वसनीयता प्रदान करते हैं। आर्टिकल 136 के उपयोग और इसके आर्बिट्रल प्रक्रिया पर प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए धनखड़ ने कहा कि देश के अटॉर्नी जनरल वास्तव में इस पर विचार कर सकते हैं और बड़ा बदलाव ला सकते हैं। दुनिया में ऐसा कौन सा देश है, जहां उच्चतम न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लिया जाता हैमुझे यकीन है, मैं किसी और देश में नहीं देख सकता। आर्बिट्रेशन प्रणाली के विकास को लेकर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए धनखड़ ने कहा कि अब वह समय आ गया है, जब भारत हर क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर उभर रहा है। मतभेदों के समाधान की आवश्यकता पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि आइए हम यह कदम दर कदम करें, क्योंकि अब समय आ गया है, वैकल्पिक समाधान से लेकर आपसी समाधान की ओर बढ़ें। यह पहले विकल्प होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### जम्मू-कश्मीर में शैडो कैबिनेट की कोई जरूरत नहीं है : मुख्यमंत्री



**श्रीनगर :** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में शैडो कैबिनेट की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि निर्वाचित सरकार जम्मू-कश्मीर के लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करेगी। शनिवार को यहां मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि रमजान के दिनों में लोगों को बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश विभागों को दिए गए हैं। सरकार खासकर सेहरी और इफ्तारी के दौरान पर्याप्त बिजली और पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है। भाजपा के गठित शैडो कैबिनेट के बारे में उन्होंने कहा कि देश में ऐसी कैबिनेट का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे पास केवल एक कैबिनेट है। शैडो कैबिनेट की कोई जरूरत नहीं है। मुख्यमंत्री उमर ने कहा कि भाजपा ने पहले भी शासन किया है और अब जनता की सेवा के लिए निर्वाचित सरकार का समय है। हम जम्मू-कश्मीर के लोगों से किए गए सभी वादों को पूरा करने के लिए काम करेंगे। उमर अब्दुल्ला ने हैदरपोरा में अपने डॉ. गुलाम सिब्तैन मसूदी के घर का दौरा किया जिनका इस सप्ताह निधन हो गया था। डॉ. सिब्तैन एनसी नेता हसनैन मसूदी के भाई और मीरवाइज मौलवी उमर फारूक के ससुर थे।

### मोदी सरकार पूर्वोत्तर राज्यों को देश का विकास इंजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध : मुरलीधर मोहोल




**गंगटोक :** केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने आरोप लगाया है कि 2014 से पहले तत्कालीन केंद्र सरकार ने सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों की उपेक्षा की। उन्होंने दावा किया कि 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के नारे के साथ भाजपा सरकार बनने के बाद पूर्वोत्तर राज्यों में विकास सुनिश्चित करने का काम हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री मोहोल आज राजधानी गंगटोक में भाजपा सिक्किम के वित्त प्रकोष्ठ द्वारा केंद्रीय बजट 2025-26 पर आयोजित संवाद सत्र में बोल रहे थे। इस सत्र में विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न संगठनों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सिक्किम के दो दिवसीय दौरे पर आए केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि केंद्रीय बजट 2025-26 को 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में समाज के हर वर्ग को शामिल किया गया है तथा यह समावेशी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समाज के अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बजट तैयार किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री मोहोल ने जानकारी दी कि पिछले 10 वर्षों में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं, भारत एक वैश्विक महाशक्ति और दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने दावा किया कि देश के 50 करोड़ लोग आज मोदी सरकार की किसी न किसी योजना के लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि आज मेडिकल कॉलेजों, एमबीबीएस सीटों, सड़क निर्माण, रेलवे, हवाई अड्डों और अन्य क्षेत्रों में 2014 से पहले की तुलना में उल्लेखनीय कार्य हुआ है।

### देश के प्रथम गांव माणा में हुए हिमस्खलन में 55 श्रमिकों में से पांच की तलाश जारी



**देहरादून :** उत्तराखंड के चमोली जिले में बदरीनाथ से करीब छह किमी दूर माणा हिमस्खलन क्षेत्र में रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। सेना के हेलीकॉप्टर के माध्यम से राहत एवं बचाव दल को मौके पर पहुंचाया जा रहा है। सेना के आधिकारिक बयान के अनुसार, अब तक 50 श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया है, जिनमें से चार की मृत्यु हो चुकी है, जबकि शेष पांच श्रमिकों की तलाश जारी है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को हुए इस हिमस्खलन में सीमा सड़क संगठन के 55 श्रमिक फंस गए थे। सेना और बचाव दल ने शुक्रवार से ही खोज एवं बचाव अभियान शुरू कर दिया था। शनिवार अब तक 50 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। आज जीओसी-इन-सी, मध्य कमान लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता और जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा ने माणा हिमस्खलन क्षेत्र का दौरा कर बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी टीमों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता ने बताया कि शेष पांच श्रमिकों की खोज के लिए विशेष रेको राडार, यूएवी (ड्रोन), क्वाडकॉप्टर और हिमस्खलन बचाव कुत्तों को तैनात किया गया है। इसके अलावा, हेलीकॉप्टरों के जरिए भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक बर्फबारी से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण 6 हेलीकॉप्टरों की तैनाती की गई है, जिनमें भारतीय सेना विमानन के 3 चीता हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के 2 चीता हेलीकॉप्टरऔर सेना द्वारा किराए पर लिया गया एक नागरिक हेलीकॉप्टर शामिल है।

बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए सेना और अन्य एजेंसियां लगातार प्रयासरत हैं।

### जयंत चौधरी ने किया महिला उद्यमिता कार्यक्रम 'स्वावलंबिनी' का शुभारंभ

**नई दिल्ली :** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने नीति आयोग के सहयोग से चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ में महिला उद्यमिता कार्यक्रम स्वावलंबिनी का शुभारंभ किया, जो देश में महिला उद्यमिता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) में महिला छात्राओं को उनके उद्यमों को सफलतापूर्वक बनाने और बढ़ाने के लिए आवश्यक उद्यमशीलता मानसिकता, संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाती है।

कौशल विकास एवं उद्यमिता (एमएसडीई) राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि स्वावलंबिनी महिला उद्यमिता कार्यक्रम एक ऐसी पहल है, जिसका उद्देश्य युवा महिलाओं को अपना खुद का व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करना है। हम उन कार्यक्रमों से आगे बढ़ना चाहते हैं, जिनमें महिलाओं को योजनाओं के लाभार्थियों के रूप में सूचीबद्ध किया जाता है। हम महिलाओं के नेतृत्व वाली विकास पहलों की ओर बढ़ना चाहते हैं और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भी अवधारणा है। भारत की प्रगति के लिए महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एमएसडीई के तत्वावधान में और राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान (एनआईईएसबीयूडी) द्वारा कार्यान्वित और नीति आयोग के साथ संयुक्त साझेदारी में, स्वावलंबिनी का उद्देश्य युवा महिलाओं के लिए एक संरचित और चरण-वार उद्यमशीलता यात्रा स्थापित करना है।


नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**